राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 181 • नई दिल्ली, रविवार 08 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



3 जाप प्रमुख पप्पू यादव ने केडी नोटबुक मैन्युफैक्चर का...

# 20 मिनट में 5000 रॉकेट हमले से तिलमिलाया इस्राइल, 300 से अधिक की मौत

**तेल अवीव।** इजराइल पर फिलिस्तीनी संगठन हमास के हमलों के बाद प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान कर दिया है। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा- इजराइल के नागरिकों, ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। इसके बाद इजराइली सेना ने हमास के ठिकानों पर फाइटर जेट्स से हमले किए हैं। इजराइल के कई शहरों पर हमलों की जिम्मेदारी आतंकी संगठन हमास ने ली है। हमास के सैन्य कमांडर मुहम्मद अल-दीफ ने शनिवार को एक रिकॉर्ड संदेश में इजराइल के खिलाफ एक विद्रोह का आह्वान किया। इस जंग में 200 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। हमास के हमलों के जवाब में इजराइल ने गाजा पट्टी में उनके 17 मिलिट्री कंपाउंड और 4 मिलिट्री हेडक्वार्टर्स पर हमले का दावा किया है। इसमें अब तक 160 फिलिस्तीनियों की मौत हुई है, जबकि 1 हजार से ज्यादा लोग घायल हैं। अलजजीरा के मुताबिक 1000 से ज्यादा फिलिस्तीनी इजराइल में घुस गए हैं। 1948 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है। वहीं, सुबह हमास की तरफ से दागे गए 5 हजार रॉकेट से अब तक 40 इजराइलियों की मौत



हुई है और 750 घायल हैं। गाजा स्ट्रिप से हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने जंग का ऐलान किया था। कैबिनेट के साथ इमरजेंसी मीटिंग के बाद उन्होंने कहा था- ये जंग है और हम इसे जरूर जीतेंगे। दुश्मनों को इसकी कीमत चुकानी होगी। दूसरी तरफ इजराइल में बिगड़ते हालातों के बीच इंडियन एम्बेसी ने वहां मौजूद अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। उन्हें सतर्क और सुरक्षित रहने को कहा गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि मुश्किल घड़ी में भारत इजराइल के लोगों के साथ है।

**हमास के ठिकानों पर बमबारी** - इजरायली वायुसेना के मुताबिक, इजरायली वायुसेना के दर्जनों लड़ाकू विमान अब गाजा पट्टी में कई स्थानों पर आतंकवादी संगठन हमास के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। इससे पहले शनिवार को हमास के आतंकियों ने इजरायल के कई शहरों पर रॉकेट से हमला किया है। इन आतंकी हमलों की बीच भारत ने भी इजराइल में भारतीय नागरिकों के लिए एडवायजरी जारी की है और सुरक्षित स्थान पर रहने के लिए कहा है। इजराइल में आतंकी हमलों को देखते हुए हवाई उड़ानों को अस्थायी तौर पर रोक लगा दी है। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण ने जानकारी दी है कि दक्षिणी और मध्य इजराइल में कई हवाई अड्डे अस्थायी रूप से बंद कर दिए गए हैं। वहीं तेल अवीव में बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा का संचालन जारी रहेगा। दक्षिण इजरायली शहर अश्क लोन में कई इमारतों के पास आग लग गई है और घटनास्थल से काले धुएं का गुबार उठ रहा है। यहां सडक़ों पर गोलियों की आवाजें सुनाई दे रही है।

**इजराइल ने दी परिणाम भुगतने की धमकी** - इजराइल ने इस आतंकी हमले को युद्ध की घोषणा बताया है। गाजा पट्टी से भारी मात्रा में रॉकेटों की बौछार के बीच इजरायल ने शनिवार सुबह युद्ध के लिए तत्परता की स्थिति की घोषणा कर दी है। इजराइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी स्थिति का मूल्यांकन कर रहे हैं और कार्य योजनाओं को मंजूरी दे रहे हैं। इजरायली सेना ने कहा है कि हमास आतंकवादी समूह को बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं भारत में इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यहूदी छुट्टियों के दौरान इजराइल पर गाजा से रॉकेट और हमास आतंकवादियों की जमीनी घुसपैठ दोनों से संयुक्त हमला हो रहा है। स्थिति आसान नहीं है, लेकिन इजराइल जीतेगा। इस दौरान इजरायल ने लोगों को घरों में रहने की अपील की है।

**आतंकियों का सफाया करने का आदेश** - ऑपरेशन आयरन स्वोड्र्स की घोषणा करते हुए इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ये कोई मामूली ऑपरेशन नहीं है। हमास ने हमारे ऊपर हमला किया है और मैंने आदेश दिया है कि आतंकियों का सफाया किया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### नांदेड़ में 4 दिन में 51 मरीजों की मौत



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ में डॉ. शंकरराव चव्हाण मेडिकल कॉलेज एवं सरकारी अस्पताल में मौतों का सिलसिला जारी है। बीते 4 दिन में 51 लोगों की जान गई है। इस पर एक्शन लेते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को नोटिस जारी किया था। इसी मामले पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने सरकार से पूछा- मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर के 97 पद मंजूर हैं, लेकिन वहां सिर्फ 49 प्रोफेसर ही तैनात हैं। इस बारे में आप क्या कहेंगे? इस मुद्दे पर अगली सुनवाई 30 अक्टूबर को होगी। एक दिन पहले हाईकोर्ट ने अस्पतालों में दवाओं की कमी होने का कारण खारिज करते हुए राज्य सरकार से हेल्थ बजट का ब्योरा मांगा था।

### सारण में तालाब में डूबकर किशोर की मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मशरक थाना क्षेत्र में तालाब में स्नान करने के दौरान एक किशोर की डूबकर मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि गोढ़ना गांव निवासी राजेश राय का पुत्र मकेश्वर कुमार (10) जीवित्पुत्रिका व्रत के कारण शुक्रवार की देर शाम अपनी मां के साथ तालाब में नहाने गया था, जहां गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई।सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मकेश्वर कुमार का शव तालाब से बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया है।

### केरल हाईकोर्ट ने दोषी को एलएलबी में एडमिशन लेने की दी अनुमति

**कोच्चि।** केरल हाईकोर्ट ने हत्या के एक दोषी को बैचलर ऑफ लॉ (एलएलबी) कोर्स में एडमिशन लेने की अनुमति दे दी है। एके जयशंकरन नांबियार और कौसर एडप्पागथ की खंडपीठ ने केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम को दोषी पी. सुरेश बाबू के लिए एडमिशन फॉर्मेलिटी को ऑनलाइन पूरा करने के लिए सभी फैसिलिटी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।"केएमसीटी लॉ कॉलेज, कुट्टीपुरम में 3 वर्षीय एलएलबी कोर्स में याचिकाकर्ता/अपीलकर्ता की प्रवेश औपचारिकताएं शनिवार को दोपहर 12.00 बजे ऑनलाइन मोड के माध्यम से की जाएंगी। जेल अधीक्षक वीडियो कॉन्फ्रेंस के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के लिए केएमसीटी लॉ कॉलेज के प्रिंसिपल के साथ समन्वय करेंगे।"बाबू को दोषी ठहराए जाने और आजीवन कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद अब तक वह पांच साल की सजा काट चुका है। बीए इकोनॉमिक में ग्रेजुएशन होने के बाद, बाबू ने जेल में रहते हुए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एमए (समाजशास्त्र) में मास्टर डिग्री हासिल की।दोषी का अगला टारगेट लॉ का कोर्स करना था और उसने एंट्रेंस एग्जाम पास किया और केएमसीटी लॉ कॉलेज में एडमिशन प्राप्त किया। इसके बाद उसने एडमिशन प्रोसेस पूरा किया और एलएलबी कोर्स को आगे बढ़ाने के लिए जमानत की मांग करते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### गुरु शिष्य की मर्यादा तार तार करने वाले शिक्षक निलंबित



**चंदौली** । शहाबगंज ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय उसरी के सहायक अध्यापक को बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने निलंबित कर दिया है, विद्यालय की बच्चियों ने शिक्षक पर अश्लील हरकत करने और शराब पीकर विद्यालय आने का आरोप लगाया था, शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने जांच की तो आरोपों की पुष्टि हुई. जांच आख्या के आधार पर बीएसए ने कार्रवाई की, दरअसल कंपोजिट विद्यालय उसरी के शिक्षक सूर्यकांत पर विद्यालय की छात्राओं और अभिभावकों ने अश्लील हरकत करने का आरोप लगाया. शिकायत की थी की शिक्षक बच्चियों को स्कूल के कमरे में बंद कर भोजपुरी गाने सुनाते हैं, तो कभी प्रेम का इजहार करने लगते हैं. यही नहीं स्कूल में ही शराब की बोतल लेकर पहुंचते हैं और वहीं पीते भी हैं, शिक्षक की करतूत से अभिभावकों में खासा आक्रोश व्याप्त है. खंड शिक्षा अधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए विद्यालय पहुंचकर बच्चियों से पूछताछ की, प्रधानाध्यापक से भी शिक्षक के क्रियाकलाप की जानकारी ली और जांच आख्या बीएसए को भेजी. जांच रिपोर्ट के आधार पर बीएसए ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है, इस बाबत बीएसए सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय उसरी के सहायक अध्यापक को निलंबित कर दिया गया है, बीईओ की जांच के आधार पर कार्रवाई अमल में लाई गई है. इस तरह की अशोभनीय हरकत बर्दाश्त करने योग्य नहीं है।

# मोदी के अल्टीमेटम को कनाडा ने लिया गंभीरता से

## हटाए अपने राजनयिक

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत की ओर से जारी अल्टीमेटम के बाद अब कनाडा सरकार गंभीर हो गई है। उसने भारत में तैनात अपने राजनयिकों को हटाना शुरू कर दिया है। कनाडा ने खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर हुए विवाद के बीच भारत में काम कर रहे अपने ज्यादातर राजनयिकों को कुआलालम्पुर या सिंगापुर भेज दिया है। यहां गौरतलब है कि भारत ने कनाडा को नई दिल्ली में काम कर रहे अपने राजनयिकों की संख्या घटाने के लिए 10 अक्टूबर की समयसीमा दी है, जिसके बाद कनाडा ने यह कदम उठाया है। कनाडा के एक मीडिया नेटवर्क की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने इस सप्ताह की शुरुआत में कनाडा से अपने दूतावासों में काम कर रहे कई राजनयिकों की संख्या कम करने के लिए कहा था। खालिस्तानी अलगावादी निज्जर की जून में हुई हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जो आरोप लगाए थे उनके बाद भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया है। हालांकि भारत ने उनके आरोपों को 'बेतुका' और 'प्रेरित' कहकर खारिज कर दिया और इस मामले के लेकर ओटावा के एक भारतीय अधिकारी को कनाडा से निष्कासित करने के बदले में एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को अपने यहां से निष्कासित कर दिया था। मिली जानकारी के अनुसार भारत सरकार ने ओटावा को कनाडाई राजनयिकों की उपस्थिति कम करने के लिए 10 अक्टूबर तक का समय दिया है। उसका कहना है कि नई दिल्ली में राजनयिकों की संख्या कनाडा में भारत के राजनयिकों की संख्या के समान होनी चाहिए। पहले कहा गया कि इन राजनयिकों की संख्या 41 है लेकिन सीटीवी न्यूज के सूत्रों ने बताया कि राजनयिकों की संख्या समान करने के लिए कहा गया है। हालांकि कनाडा के राजनयिक और दूतावास संबंधों का प्रबंधन करने वाले विभाग 'ग्लोबल अफेयर्स कनाडा' ने पहले कहा था कि विभिन्न सोशल मीडिया मंचों पर कुछ राजनयिकों को धमकियां मिलने के बाद वह भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या का आकलन कर रहा है। इसके परिणामस्वरूप और अत्यधिक सावधानी बरतते हुए, हमने भारत में अपने कर्मचारियों की संख्या को अस्थायी रूप से कम करने का फैसला किया है।' भारत ने बृहस्पतिवार को कहा था कि कनाडा को संख्या में समानता हासिल करने के लिए देश में अपनी राजनयिक उपस्थिति कम करनी चाहिए और आरोप लगाया कि कनाडा के कुछ राजनयिक नयी दिल्ली के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने में शामिल हैं।

### एमएनएफ विधायक ने दिया इस्तीफा, भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना

**आइजोल।** मिजोरम के पूर्व मंत्री के. बेइचुआ ने राज्य विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इस साल जनवरी में सत्तारूढ़ मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) के. बेइचुआ को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, के. बेइचुआ के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की संभावना है। विधानसभा सूत्रों के मुताबिक, बेइचुआ ने विधानसभा आयुक्त व सचिव लालमहरुइया जोते को अपना इस्तीफा सौंपा।विधानसभा अध्यक्ष लालरिनियाना सेलो ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। बेइचुआ ने पिछले साल 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री जोरमथंगा मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने सरकार में बतौर मंत्री सामाजिक कल्याण, आबकारी और पशुपालन मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाला थी।बेइचुआ का कहना है कि वह इस साल होने वाले मिजोरम विधानसभा चुनावों में अपने गृह विधानसभा क्षेत्र सियाहा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। कांग्रेस विधायक के.टी. रोखाव ने राज्य विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस के पांच विधायकों में से एक रोखाव पहले ही एमएनएफ में शामिल हो चुके हैं और उनके अपने गृह क्षेत्र पलक से चुनाव लड़ने की संभावना है। 40 सदस्यीय मिजोरम विधानसभा में इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के साथ चुनाव होंगे।

# मोदी और अहमदाबाद क्रिकेट स्टेडियम पर बम से हमले की धमकी

## 500 करोड़ की फिरौती; गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की मांग

एजेंसी। मुंबई



मुंबई पुलिस को एक दहशत भरा मेल भेजा गया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। धमकी भरे इस मेल में सरकार से 500 करोड़ रुपये व गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को छोड़ने की भी मांग की गई है। फिलहाल बिश्नोई को दिल्ली के मंडोली जेल में रखा गया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा यह मेल राष्ट्रीय जांच एजेंसी को भेजा गया था और एजेंसी ने इस मेल के बारे में मुंबई पुलिस को बताया।एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'एनआईए से हमें इस मेल के बारे में पता चला, जिसके बाद अन्य एजेंसियों को भी इसके बारे में जानकारी दे दी गई है। एनआईए को जिस ईमेल आईडी से मेल भेजा गया था, हमने उसके बारे में भी पता कर लिया है। मेल यूरोप से भेजा गया है।' उन्होंने बताया कि ऐसा लग रहा है जैसे यह विदेश में बैठे किसी व्यक्ति की शरारत है, उन्होंने उस व्यक्ति की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही वर्ल्ड कप के सभी मैचों के लिए भी कड़ी सुरक्षा का इंतजाम करने का आश्वासन भी दिया है।एनआईए को भेजे गए मेल में कहा गया, 'अगर सरकार हमें 500 करोड़ रुपये देने और लॉरेंस बिश्नोई को रिहा करने में असमर्थ रही तो हम नरेंद्र मोदी और नरेंद्र मोदी स्टेडियम को बम से उड़ा देंगे। हिंदुस्तान में सबकुछ बिकता है, इसलिए हम भी कुछ लेकर आए हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितना सुरक्षित हैं, हमसे आप सुरक्षित नहीं रह सकते। अगर आप बात करना चाहते हैं तो इस मेल पर कर सकेत हैं।' खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ भी वर्ल्ड कप मैचों में हमला करने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया था। उसने मारे गए आतंकी निज्जर का बदला लेने की धमकी भी दी थी।

# छात्रों को रोजगार परक शिक्षा कैरियर के लिये हुई काउसिलिंग

**सकलडीहा।** भोजापुर स्थित एक विद्यालय में कैरियर मेला का आयोजन किया गया। जिसमें देश - विदेश की विभिन्न यूनिवर्सिटियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में इस वर्ष कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले बच्चों के लिए आयोजित किया गया था । कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्कूलों से आए हुए कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले 400 छात्र-छात्राए सम्मिलित हुए । इस दौरान भविष्य में एडमिशन में आने वाली कठिनाइयां और उसके समाधान व बोर्ड परीक्षा तैयारी की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में देश के विभिन्न यूनिवर्सिटीयों में यूनिवर्सल यूनिवर्सिटी, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी, मोदी यूनिवर्सिटी, बेनेट यूनिवर्सिटी, मानव रचना यूनिवर्सिटी आदि ने भाग लिया । विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ अखिलेश अग्रहरि ने कहा कि समय-समय पर विद्यालय ऐसे कार्यक्रम



आयोजित करता रहता है जिससे बच्चों में जागरूकता उत्पन्न हो और वह अपने भविष्य के बारे में पूर्व से ही सचेत होकर उसी अनुसार पढ़ाई करें । डॉ अग्रहरि ने सभी बच्चों को आगामी परीक्षाओं में सफल होने के टिप्स भी दिए साथ ही साथ विद्यालय की तरफ से शुभकामनाएं भी प्रेषित की।

विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों के प्रिंसिपलों ने आपस में तय किया है कि समय-समय पर ऐसे अनेक कार्यक्रम विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किये जाएगा। जिससे चंदौली जिले के बच्चे भी उच्च संस्थानों में न सिर्फ एडमिशन प्राप्त कर सकेंगे बल्कि अपनी प्रतिभा से जीवन में उच्च मुकाम भी हासिल करेंगे और अपने समाज तथा चंदौली जिले का नाम रोशन करेंगे। इस मौके पर संध्या, प्रियंका, कुंदन सिंह, संदीप अग्रवाल, वीना अग्रहरि, अविनाश, चंद्रेश, राहुल, चंदन, विनोद, राजीव, मंजू ओझा, विश्वजीत, सतेंद्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# गुरु-शिष्य की मर्यादा हुई तार तार, छात्राओं ने लगाए गंभीर आरोप, होगी कार्रवाई !

**चंदौली।** शहाबगंज में गुरु और शिष्य के रिश्ते को तार तार कर देने वाला मामला सामने आया है. कंपोजिट विद्यालय उसरी में तैनात शिक्षक पर स्कूल की बच्चीयों ने अश्लील हरकत और नशे में होने का गंभीर आरोप लगाया है. छात्राओ के परिजनों की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए गए है.. आरोप है कि कंपोजिट विद्यालय उसरी में तैनात सहायक अध्यापक सूर्यकांत पांच बच्चीयों को स्कूल के कमरे में बन्द कर अश्लील भोजपुरी गाना सुनाते है. स्कूल की छात्रा को रास्ते में रोककर दिल्लगी का इजहार करते है. यही नहीं आरोप है कि वे स्कूल में शराब की बोतल लेकर आते हैं, बच्चों से ही पानी मंगाकर कार्यालय में शराब पीते हैं, उनकी करतूत तब उजागर हुई जब परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों ने गुरुजी की हरकत घर जाकर अपने परिजनों को बता दी, जिसके बाद आक्रोशित परिजन दर्जनों की संख्या में स्कूल पहुँचे. लेकिन किसी तरह मामले की भनक सहायक अध्यापक को लग गई, और स्कूल नहीं पहुँचे. इस दौरान अभिभावकों ने बच्चों का नाम काटने के साथ ही आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है,इस बाबत प्रधानाध्यापक भोला प्रसाद ने बताया कि शुक्रवार के दिन नवीन तैनाती पर आए शिक्षक सूर्यकांत द्वारा शराब पीने व अशोभनीय हरकत किये जाने की शिकायत ग्रामीणों और छात्राओं की तरफ से मिली है.ये भी जानकारी हुई कि छुट्टी के बाद भी सूर्यकान्त गांव में किसी गार्जियन के घर गए थे और काफी देर यहां बिताए. इस घटना के बाबत आलाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है, इस बाबत खण्ड शिक्षा अधिकारी शहाबगंज अजय कुमार ने बताया कि नवागत शिक्षक द्वारा पढ़ाई के दौरान छात्राओं के साथ अशोभनीय हरकत किए जाने की शिकायत हुई है. इसके अलावा छुट्टी के गार्जियन और रसोइयां के घर जाने की बात भी बताई गई. इसके अलावा नशे की बात भी सामने आई, मामले की जांच कर बीएसए को रिपोर्ट भेजी जाएगी. जिसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी

# जिले में सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान 5.0 का तृतीय चरण 9 अक्टूबर से

**दैनिक शुभ भास्कर/ सुनील कुमार मिश्रा /राजस्थान** ।उदयपुरमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का तृतीय चरण शुरू किया जा रहा है। प्रथम चरण अगस्त माह में व द्वितीय चरण सितंबर माह में आयोजित किया गया था। तृतीय चरण 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न गतिविधियों द्वारा लोगों को टीकाकरण के लिए जागरूक किया जाएगा। आरसीएचओ डॉ अशोक आदित्य ने बताया कि अभियान के तहत टीकाकृत किये गये बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के कवरेज की एंट्री यू विन पोर्टल पर की जा रही है।इस पोर्टल के माध्यम से ही बच्चों एवं महिलाओं को प्रदेश में कहीं भी टीके लगाए जा सकते हैं।हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान का तीसरा चरण शुरू

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया कि मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि के रोकथाम हेतु जिले में हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में चिकित्सा विभाग सहित अन्य विभागों के सहयोग से रोकथाम गतिविधियां की जा रही है।उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गजानंद गुप्ता ने बतायाकिआशा ,एएनएम,सीएचओ, एमपीडब्ल्यू, डोमेस्टिक ब्रीडिंग चैकर द्वारा सोर्स रिडक्शन , एंटी लारवा और एंटी एडल्ट गतिविधियां की जा रही है। विशेष रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लगातार फोगिंग और फोकल स्प्रे किया जा रहा है। पानी से भरे गड्डों में एमएलओ डलवाया जा रहा है।

जनता दरबार | फरियादियों की बारी बारी से सुनी गई समस्या, विवादित मामलों का किया गया समाधान - थानाध्यक्ष

# समाधान दिवस पर चौतरवा थाना में जनता दरबार का आयोजन, चार को नोटिस

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा।** बगहा पुलिस जिला के चौतरवा थाना परिसर में शनिवार को पुलिस इन्स्पेक्टर सह चौतरवा थानाध्यक्ष सुरेश कुमार यादव के नेतृत्व में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में राजस्व कर्मचारी प्रिंस कुमार, अमीत कुमार, अजीत कुमार सिंह मौजूद रहे। राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार सिंह ने बताया कि चौतरवा थाना परिसर में आयोजित जनता दरबार में लगभग आधा दर्जन भूमि विवाद



मामलों की सुनवाई करते चार विवादित मामलों का नोटिस दोनों पक्षों को भेजा गया। उन्होंने बताया कि जनता दरबार में उपस्थित सभी फरियादियों की बारी - बारी से समस्या सुनी गई। तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए निष्पादन किया गया। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि छोटे - छोटे विवादित मामलों को गवई स्तर पर सुलह समझौता करने से आर्थिक, मानसिक व शारीरिक परेशानी नहीं होती। तथा आपसी सहयोग व प्रेम से विवादित मामलों का निपटारा किया जा सकता है। इस दौरान थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से दर्जनों की संख्या में फरियादी भूमि विवाद समेत विभिन्न प्रकार की विवादित मामलों को लेकर जनता दरबार में शामिल रहे। इस अवसर पर जमदार दिलीप कुमार तिवारी समेत कई फरियादी मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### आंखों में मिर्ची पाउडर झोंक 2 लाख 50 हजार की लूट




**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो. गुलाब)**। जयनगर ओवरब्रिज रेलवे लाइन से पूरब डबल रोड के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने व्यापारी की आंखों में मिर्ची पाउडर डाल कर व्यापारी से 2 लाख 50 हजार रुपए की नकदी लूट ली। घटना के बाद लुटेरे वहां से फरार हो गए।पीड़ित व्यवसायी राज कुमार महतो ने जयनगर थाने में इस घटना की प्राथमिकी दर्ज करवाया है।घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित व्यवसायी राज कुमार महतो ने कहा आज सुबह करीब 6 बजे हम अपने पुत्र के साथ बाइक से अशोक बाजार जा रहे थे।तो जयनगर के ओवरब्रिज रेलवे लाइन से पूरब डबल रोड के पास एक बाइक पर सवार दो बदमाशों ने मेरे मोटरसाइकिल पर ठोकर मारा और मुझे मोटरसाइकिल से गिरा दिया आंखों में मिर्ची पाउडर डाल कर बलपूर्वक हमसे से झोला लेकर भाग गया।उस झोला में पिछले दिनों की बिक्री की रुपया लगभग 2 लाख 50 हजार और बही खाता था।जो महाजन के खाते में लगाने के लिए दुकान ले जा रहे थे।वही घटना को लेकर प्रिशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष आशुतोष रंजन ने कहा कि घटना को लेकर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस इस घटना को लेकर जांच में जुट गई है।

### ननिहाल आया 14 साल का मोहम्मद दिलशाद हुआ लापता



**मधेपुरा**। डीवीडी हरिद्वार उत्तराखंड-सेक्टर 1 बैरियर नंबर 1 निवासी अपने मामा की शादी में मधेपुरा आया था वो लापता हो गया है परिजन परेशान और मां रो रो कर बेहाल बनी हुईं है। बताया जाता है कि लापता लड़का पिछले एक महीने से जिसका नाम मोहम्मद दिलशाद उम्र 14 साल पता फारूक सेक्टर 1 बैरियर नंबर 1 डीवीडी हरिद्वार उत्तराखंड लापता होने की स्थान मधेपुरा बिहार जो अपने मां के साथ मामा के शादी में आए हुए थे लड़का थोड़ा मंद बुद्धि का है सही से बोल नहीं पता है लड़का की मां की नाम नुरसा खातून पिता का नाम मो० मजीर घर भिरखी वार्ड नंबर 26 मधेपुरा का जिस व्यक्ति को यह लड़का मिले कृपा करके एड्रेस पर पहुंचने का दया करें मोबाइल नंबर 92582254759162811612 9837441994 8935829548 पता देने वाले व्यक्ति को जाएगा इनाम भी दिए जाने की घोषणा परिजनों ने की है।

### सशस्त्र सीमा बल 52वी वाहिनी द्वारा किया गया अधिकारियों व जवानों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन



**अररिया**। 52वी वाहिनीं, सशस्त्र सीमा बल, अररिया द्वारा श्री महेंद्र प्रताप कमांडेंट 52वी वाहिनी के निर्देशन तथा श्री उदय कुमार उप कमांडेंट, की अगुवाई में वाहिनी के खेल प्रांगण में अधीनस्थ अधिकारियों व जवानों के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया | जिसमे जवानों ने 9 - 2 से यह मैच अपने नाम किया | कमांडेंट महोदय ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए कहा की खेल हमारे जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है यह हमारे शारीरिक और मानसिक शक्ति को लम्बे समय तक संतुलित बनाए रखता है जिससे हम स्वयं को स्वस्थ्य रख सकते है | इसी क्रम में कमांडेंट महोदय ने बताया की हर जवान चाहे वो बॉर्डर पर तैनात हो या फिर वाहिनी मुख्यालय में सब को प्रत्येक दिन कम से कम 1 घंटा अवश्य खेलना चाहिए और साथ ही साथ जवानों को कमांडेंट 52वीं वाहिनी द्वारा मोटे अनाज को अपनी दैनिक भोजन में शामिल करने का भी निर्देश दिया गया ! जिससे की सभी जवान आंतरिक रूप से स्वस्थ रह सके| इस अवसर पर श्री जोशी सागर प्रदीप उप कमांडेंट, निरीक्षक मनोज कुमार दुबे, स० उ०नि० सुरेन्द्र कुमार सहित तमाम बलकर्मी मौजूद रहे ।

### टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्कूल के खिलाड़ियों को काफी संख्या में देख काफी अच्छा लगा रहा हैः प्रमोद पंसारी



**पूर्णियां**। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में आयोजित पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 के बैडमिंटन, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता खेली गई। टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन पूर्व सचिव लाइंस क्लब व खेल प्रेमी श्री प्रमोद पंसारी के हाथों हुई। श्री प्रमोद पंसारी ने कहा कि पनोरमा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री संजीव मिश्रा ने पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक साथ बैडमिंटन ,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता आयोजित हो पा रही है। यह अपने आप में गौरव का बात है। इसका सारा श्रेय श्री संजीव मिश्रा को जाता है। हमारे पूर्णिया के खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी बात है। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक सह पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजन समिति सदस्य हरिओम झा ने कहा कि आज बैडमिंटन , बास्केटबॉल, वॉलीबॉल एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता खेली गई। विद्या विहार आवासीय विद्यालय परोड़ा ने सेंट पीटर्स हिंदी मीडियम स्कूल को 30-22 से हराकर बास्केटबॉल बालक वर्ग का चैंपियन बना। मैच रेफरी मौ नैयर अली, मो मंजर मोहशिम, खुशी कुमारी, सैदय जब्बार हुसैन, एजाज अहमद, विक्की कुमार, पुनित कुमार सिंह, सन्नी कुमार, अभिषेक कुमार, स्वरुप कुमार दास, तोहिन ।

# नरपतगंज प्रखंड के फहतेपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम अयोजित

**नरपतगंज** । सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों को अवगत कराने तथा उनसे सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त करने के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा पंचायतों में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नरपतगंज प्रखंड के फहतेपुर पंचायत में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी श्रीमती इनायत खान ने कहा कि जितनी भी सरकार की योजनाएं है उसकी जानकारी इस जन संवाद के माध्यम से दी जा रही है। योजना का लाभ लेने के लिए जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों का समय बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसे सफल कार्यों में जाया करें। उन्होंने कहा कि शारीरिक, मानसिक विकास के साथ आगे बढ़ना है। अभिभावक भी अपने बच्चों को आगे बढ़ाएं। उन्होंने बाल विवाह मुक्त तथा दहेज प्रथा की चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह एक अपराध है। कम उम्र में कभी भी बच्चियों की शादी



नहीं करें। बच्ची के जन्म को एक उत्सव के रूप में मनाएं। इससे जुड़ी हुई कई योजनाएं भी संचालित है। कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह से संवाद के क्रम में पीएचईडी, बिजली, राजस्व एवं अन्य विभाग से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त श्री संजय कुमार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान एवं मनरेगा से संबंधित कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। अपर समाहर्ता श्री राजमोहन झा द्वारा भूमि विवाद का निपटारा, जमाबंदी सुधार, आधार सीडिंग का कार्य, भूमिहीनों को चिन्हित करने एवं अभियान बसेरा से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। सिविल सर्जन द्वारा नरपतगंज में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने, मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता कोष से लाभ कैसे प्राप्त करें, 12 जानलेवा बीमारी का टीकाकरण से संबंधित जानकारी, कैंसर पीड़ित मरीज के लिए तीन प्रकार की योजनाओं के संचालन जानकारी, अंधापन नियंत्रण समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था, आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख की चिकित्सा बीमा का लाभ उठाने तथा इसके निबंध की प्रक्रिया से उपस्थित जनसमूह को अवगत कराया गया। सहायक निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण द्वारा मौलवी/फोकानिया की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर दी जा रही लाभ की जानकारी दी गई। सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा विभाग से संचालित छह प्रकार के विभिन्न पेंशन योजनाओं की विस्तृत जानकारी से आम जनों को अवगत कराया गया। इसके अलावा उन्होंने मुख्यमंत्री कुष्ठ कल्याण योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना तथा दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल प्राप्त करने प्रक्रिया से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने बताया कि अब तक 288 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया चुका है। इसी प्रकार जन संवाद कार्यक्रम में जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीएम जीविका, श्रम अधीक्षक, आपदा प्रभारी डीपीएम आईसीडीएस, प्रबंधक डीआरसीसी सहित जिले के सभी विभागों के पदाधिकारियों के द्वारा उपस्थित जन–समूह को जिले में संचालित सरकार की महत्वपूर्ण विकासात्मक एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं की जी जानकारी दी गई साथ ही लोगों से फीडबैक भी प्राप्त किये गये। जन संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जन सहित स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की।

## मोटर चालक युनियन द्वारा आयोजित सभा में चालकों से जूड़े समस्याओं पर प्रकाश डाला गया

**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)**। ट्रेड यूनियन ऐक्टू AICCTU से संबंधित मोटर चालक युनियन जयनगर से जुड़े चालकों का सिचाई विभाग परिसर आईबी में युनियन के अध्यक्ष मोहम्मद शद्दाम के अध्यक्षता मे सभा आयोजित किया गया जिसमें दर्जनों चालकों ने भाग लिया। आमसभा में चालकों ने युनियन के मजबूती के लिए सभी प्रकार के मोटर वाहन चलाने वाले चालकों को युनियन मे जोड़ने के साथ-साथ चालकों की समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।आमसभा को संबोधित करते हुए युनियन के अनुमंडल सचिव भूषण सिंह ने कहा कि रात दिन जान जोखिम में डाल कर आम लोगों के साथ साथ सरकारी एवं गैर सरकारी व्यवस्था को संचालित करने में मोटर चालकों का अहम भूमिका निभाने वाले मोटर चालकों पर सड़क पर अपराधियों व प्रशासन के द्वारा अनावश्यक पड़तारीत किया जा रहा है। तो दुसरी ओर सड़क दुर्घटना के दौरान मृत्यु होने पर चालकों के परिजनों को



मुआवजा देने में नाकाम है सरकार व प्रशासन और आम अवाम को मोटर चालकों के प्रति अच्छे सोच बनाने की जरूरत की बात कहे और चालकों को सुरक्षा प्रदान करने व दुर्घटना में मृत्यु होने पर चालकों के परिजनों को एक महीना के अंदर 25 लाख मुआवजा देने सहित अन्य समस्याओं को लेकर 10 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक संपर्क तथा चालकों का बैठक एवं ध्वनी विस्तार यंत्र से प्रचार प्रसार अभियान चलाने और 26 अक्टूबर को सभी चालकों के द्वारा मोटर वाहनों के साथ विशाल रैली आयोजित करने का आह्वान किया गया। आमसभा को अध्यक्ष शद्दाम इम्तियाज अशोक गिरी श्याम राय मो0 रजीया श्रवण कुमार यादव मो0 हसन बोध राय राम भरोस रहमतुल्ला राजकुमार यादव बेचन राम अमर कुमार सहित अन्य चालकों ने संबोधित किया।

## यूभीके कॉलेज कड़ामा में किया गया छात्र-छात्राओं का चयन

**पुरैनी**। अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता को लेकर यूभीके कॉलेज कड़ामा में चयन शिविर का आयोजन किया गया। लगभग दो दर्जन खिलाड़ियों को विभिन्न विधाओं में चयनित की गई। मिली जानकारी के अनुसार भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के पार्वती साइंस कॉलेज में आगामी 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता होना तय हुआ है जिसको लेकर यूभीके कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर माधवेंद्र झा के नेतृत्व में पीटीआई नेहरू प्रसाद चौधरी के द्वारा शनिवार को विभिन्न विधाओं को लेकर चयन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लंबी कूद में नकुल कुमार व विश्वनाथ कुमार मिश्रा, ऊंची कूद में आयुष कुमार एवं ज्योतिष कुमार, 100 मीटर दौड़ में विश्वनाथ कुमार मिश्रा एवं नीतीश कुमार का चयन किया गया। वहीं महिला प्रतिभागियों में 100 मीटर दौड़ में रीमा कुमारी प्रथम छोटी कुमारी ने द्वितीय



स्थान प्राप्त किया, 400 मीटर दौड़ में स्वीटी कुमारी ने प्रथम, सोनी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।इसके अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के द्वारा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर अमरेंद्र झा एवं प्रोफेसर प्रेमनाथ आचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में अमृत कलश की स्थापना की गई। जिसमें एनएसएस की अलग-अलग की इकाइयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा एक एक मुट्ठी मिट्टी एवं एक एक मुट्ठी चावल जमा किया गया। कलश स्थापना को लेकर महाविद्यालय की छात्रा तारा कुमारी एवं छोटी कुमारी के द्वारा गणेश जी की प्रतिमा रंगोली के रूप में भव्य तरीके से बनाई गई।

# गरीबी से लड़कर खुद से खींची अमीरी की लकीरें

**जोकीहाट** । घर की आर्थिक स्थिति इतनी कमजोर कि पढ़ाई छोड़कर रोजगार तलाशने दिल्ली की सड़कों पर दर दर भटकते रहे। आज वही सख्श करीब दो सौ बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़कर मिशाल कायम किया है। वाकया किसी फिल्म की नहीं बल्कि रियल लाइफ की है। जीरो से हीरो बनने वाले व्यक्ति का नाम मृत्युंजय राय, पिता ध्रुव मोहन राय है जो किशनगंज जिले के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत असुरा गांव के निवासी हैं। महज पांच छह वर्ष में आज करोड़ों की कंपनी के मालिक हैं। उसके पास एक नहीं दो दो कंपनियां हैं। उनकी मां रंजना देवी, पिता ध्रुव मोहन राय ने बताया कि कनकई नदी में दस वर्ष पूर्व घर विलीन हो गया। बच्चों के पालन पोषण,पढ़ाई लिखाई, बेटी की शादी जैसी समस्यायें पहाड़ सा दिखता था । हमने मृत्युंजय को कभी पढ़ाई छोड़कर रोजगार करने की बात नहीं कही। लेकिन माता पिता के आर्थिक तंगी



और दिनों-दिन बढ़ती चिंता को देखकर मृत्युंजय ने पढ़ाई छोड़कर अपने भाग्य बदलने चुपचाप दिल्ली निकल पड़े। वक्त के थपेड़े सहकर भी उन्होंने साहस नहीं खोया। इस बीच उतार चढ़ाव आया लेकिन वे तपकर शुद्ध सोना साबित हुआ. उन्होंने बहन की शादी शाही अंदाज में कराया। वे अररिया शहर स्थित खरैया बस्ती के नंदमोहन मिश्रा के दामाद हैं। उन्होंने 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्टार्ट अप इंडिया से प्रभावित होकर क्रेडिट वाला ओनलाइन कंपनी के डायरेक्टर हैं। आज मृत्युंजय खुद ही करीब डेढ़ से दो सौ युवाओं को रोजगार मुहैया करा रहे हैं। मृत्युंजय ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि स्टार्टअप क्रेडिट वाला का सालाना कारोबार लगभग दस करोड़ के आसपास है । हाल ही में मृत्युंजय की कंपनी क्रेडिट वाला को दिल्ली के प्रतिष्ठित होटल रेडिशन ब्लू में इकोनॉमिक टाईम्स और फेदर टच की और से बेस्ट स्टार्ट-अप आफ द ईयर का अवार्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिने जगत के वरिष्ठ एक्टर रजा मुराद व फेदर टच के सीईओ अंकित जोशी सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। मृत्युंजय की इस उपलब्धि से बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। असुरा गांव के पूर्व मुखिया ओमप्रकाश झा ने बताया कि मृत्युंजय की निश्चित रूप से बड़ी उपलब्धि है।

### शराब के साथ एक महिला अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**सिकटी**। नशा के विरुद्ध की जा रही कारवाई की कड़ी में बरदाहा पुलिस ने एक महिला को शराब के साथ दबोच लिया।मध-निषेध अभियान के तहत बरदाहा थाना पुलिस एवम् ए एल टी ई टीम के द्वारा छापेमारी कर 27 लीटर शराब के साथ एक महिला अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत अररिया भेज दिया गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व का भी रहा है आपराधिक इतिहास



**अररिया/प्रदीप कुमार झा**। जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चरैया के पास सुनसान जगह पर बंधन बैंक के कर्मी प्रकाश कुमार साह, उम्र करीब 26 वर्ष, सा० - लक्ष्मीपुर, थाना-कुर्साकांटा, जिला - अररिया जो बैंक का पैसा - 30500/रुपए ग्रामीण क्षेत्र से कलेक्शन कर वापस बैंक अपनी मोटर साइकिल से आ रहे थे को 2 अपराधकर्मियों द्वारा पीछा कर रोककर हथियार के बल पर कलेक्शन की रकम - 30500 / रुपए को छीन कर भाग लिया गया था। जिसके पश्चात प्रकाश साह द्वारा भरगामा थाना में घटना के संबंध में भरगामा थाना कांड संख्या - 268 / 23, दिनांक-05/10/23, धारा-392 भा० द० वि० अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। भरगामा थाना पुलिस द्वारा दर्ज कांड के संबंध में आसुचना संकलन एवम तकनीकी आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दिनांक -06/10/23 की रात्रि में कांड में शामिल एक अभियुक्त - (1) मो० सहाबुद्दीन, उम्र करीब 35 वर्ष, पिता - नुरुद्दीन, सा०- छर्रापट्टी, थाना भरगामा, जिला- अररिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही गिरफ्तार अभियुक्त के अपराध स्वीकारोक्ति बयान एवम निशानदेही पर लूटी गई रकम की राशी में से 11500/ रूपए, घटना में प्रयुक्त 02 हथियार (देशी कट्टा ) एवम 13 जिंदा कारतूस को भी बरामद कर लिया गया है। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त का पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा है। उपर्युक्त संबंध में भरगामा थाना अंतर्गत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बीएनएमयू के रजिस्ट्रार एवम उपकुलसचिव ने किया शिक्षाशास्त्र विभाग का निरीक्षण




**मधेपुरा**। बीएनएमयू के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर एवं उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने शनिवार को अपराह्न 12:30 से 01:15 तक शिक्षाशास्त्र विभाग का औचक निरीक्षण किया। इसमें सात शिक्षक-शिक्षिका बिना किसी सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस संदर्भ में कुलपति प्रो. (डॉ.) राजनाथ यादव के आदेशानुसार विश्वविद्यालय द्वारा प्रोफेसर इंचार्ज (शिक्षाशास्त्र) को पत्र प्रेषित किया है। पत्र में सभी संबंधित शिक्षकों से सात दिनों के अन्दर कारण-पृच्छा प्राप्त करते हुए नियमानुसार कृत कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि निरीक्षण के दौरान एम. एड. के पांच और बी. एड. के दो शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इनमें एम. एड. की डॉ. माधुरी कुमारी, डॉ. शैलेश यादव, डॉ. सरस्वती देवी, डॉ. आनंद तनुजा एवं डॉ. मो. इनाम और बी. एड. के डॉ. सर्जुन कुमार एवं डॉ. पल्लवी राज शामिल हैं। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि कुलपति ने सभी शिक्षकों को नियमित रूप से वर्ग संचालित करने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि वे स्वयं भी समय-समय पर निरीक्षण करेंगे और विशेष रूप से वर्ग-संचालन की समीक्षा करेंगे।

### ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन की तैयारी और चाणक्य जनजागरण यात्रा की रूपरेखा रूट तैयार करने को लेकर मधूबनी में पहली बैठक आज




**मधुबनी**। राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान की एक बैठक 08/10/2023,रविवार दोपहर 1 बजे से डाक बंगला भवन,ग्राम-जितवारपुर,प्रखण्ड - रहिका,मधुबनी में होने जा रहा है बैठक में ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन को लेकर चर्चा की जाएगी। मधुबनी के बैठक में प्रदेश के तरफ से प्रदेश सचिव गणेश मिश्रा, झंझारपुर युवा जिला अध्यक्ष सह क्षेत्रीय यूवा प्रभारी अमितेश झा, प्रदेश उपाध्यक्ष आंनद झा राजन जी सहित कई पदाधिकरी उपस्थित होंगे। जिला प्रखंड के संघठन के नए पुराने लोगों से समीक्षा करेंगें।प्रदेश अध्यक्ष ई० आशुतोष कुमार झा के मां की स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण सम्मिलित नही होंगे, ई० झा ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललित कुमार झा सहित 4 लोगों को अधिकृत किया है। ई० झा ने आह्वान किया है कि वर्तमान स्थिति परिस्थिति में सब कुछ भुलाकर हमें भावी पीढ़ी के अस्तित्व बचाने के लिए एकजुट होकर कार्य करना है और इतिहास रचने वाली मानसिकता वाले सभी ब्राह्मणों को मिलकर मिलाकर कार्य करना चाहिए।

टारगेट | शिक्षा-स्वास्थ्य एवम ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी यहां करेगी अपना कार्य प्रांरम्भ

# अररिया में भी पांव पसार रहा है पनोरमा ग्रुप आशियाना का सपना संजीव मिश्रा करेंगे साकार

**अररिया/डा. रूद्र किंकर वर्मा**। रियल स्टेट सेक्टर में बिहार के टॉपर पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा की नजर जहां कोसी सीमांचल के साथ साथ मिथिलांचल को टारगेट में रखा है वहीं अपने अवतरण स्थली छातापुर से पूर्णियां आने जानें के क्रम में अररिया को पहली प्राथमिकता देते हुए यहां भी पूर्णियां की तरह लोगों को बेहतरीन महानगर का लुक देने के लिए शीघ्र हीं भूमि पूजन का कार्य सम्पन्न किया जाएगा। इस ग्रुप ने सात साल पहले बिहार के पूर्णिया से शुरूआत की थी। सीमांचल समेत पूरे बिहार के लोगों ने बहुत ही कम समय में पनोरमा ग्रुप को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दिया। मिनी दार्जिलिंग के रूप में सदियों से अपनी पहचान स्थापित करने वाला अररिया की आवोहवा तेजी से बदल रही है. यह शहर मेट्रो सिटी की कतार में खड़ा



है तो तमाम बदलाव के बावजूद मिनी दार्जिलिंग की पहचान को भी बरकरार रखा है. बढ़ती सुविधा के बीच पनोरमा ग्रुप हर उस शख्स का आशियाना का सपना साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है जो अपने सीमित आय की वजह से बढ़ती जमीन की कीमतों के बीच अपने आशियाना का ख्वाब साकार नहीं कर पा रहा है. जाहिर है कि ज़िला मुख्यालय अररिया में अपार्टमेंट संस्कृति फल-फूल रही है और जमीन की कीमतों ने इसे वक्त की जरूरत भी बना दिया है. लिहाजा मल्टी स्टोरी अपार्टमेंट की ओर आम लोगों का झुकाव बढ़ा है और इस दिशा में पनोरमा ग्रुप लोगों की उम्मीद पर खड़ा उतर पा रहा है. खास बात यह है कि एक दशक पहले तक लोगों में अपना जमीन और अपना मकान की मानसिकता थी, जो अब तेजी से बदल रहा है. दरअसल इसकी वजह यह थी कि अपार्टमेंट संस्कृति को मुकाम दिलाने के लिए संजीदा स्तर पर अब तक कोई प्रयास नहीं हुआ था. लेकिन पनोरमा ग्रुप ने विश्वसनीयता के साथ अपार्टमेंट संस्कृति को बढ़ावा दिया तो कारवां बढ़ता चला गया. ऐसे में जब भी पूर्णिया में अपार्टमेंट संस्कृति की नीव रखने की बात होगी और इतिहास खंगाला जायेगा तो सीमांचल इन्फ्राटेक प्रा लि का जिक्र जरूर आयेगा, पूर्णियां जिले का पहला अपार्टमेंट संस्कृति को मुकाम दिलाने का श्रेय उन्हें ही जाता है. पनोरमा ग्रुप प्रबंध निदेशक संजीव मिश्रा ने पत्रकारों से रू ब रू होते हुए कहा कि पनोरमा ग्रुप रियल स्टेट सेक्टर के अलावा शिक्षा-स्वास्थ्य एवम ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी अररिया में शीघ्र अपना कार्य प्रांरम्भ करेगी। पनोरमा सिटी, पनोरमा हाईट, आर-आर प्लाजा, पनोरमा रामेश्वरम एक के बाद एक प्रोजेक्ट को पूर्णियां में लोगो ने अपने-अपने बजट के अनुसार खरीदकर पनोरमा परिवार के प्रति अपना विश्वास जताया. जिसके फलस्वरूप पनोरमा ग्रुप शिक्षा-स्वास्थ्य के साथ-साथ अब ऑटोमोबाईल्स के क्षेत्र में भी अपना कार्य प्रांरम्भ किया है। रियल स्टेट में बिहार का सबसे पहला अल्ट्रा लग्जरी प्रोजेक्ट ई होम्स है। पनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने कहा कि यह सफलता ग्राहकों के विश्वास की वजह से संभव हो सका है। जाहिर है कि ऐसे इलाके में भी सीमित खर्च पर आशियाना का सपना साकार होना किसी सपने से कम नहीं है।

बिहार सरकार द्वारा घोषित जातीय जनगणना का मेदनी कृष्ण टीपू ने किया स्वागत

# जाति गणना समाज में बराबरी लाने के लिए एक जरूरी कदमः मेदनी कृष्ण उर्फ़ टीपू यादव

**नरपतगंज**। राष्ट्रीय जनता दल बिहार के प्रदेश सचिव मेदनी कृष्ण उर्फ़ टीपू यादव ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बिहार सरकार द्वारा घोषित जातीय जनगणना का स्वागत किया है। उन्होंने कहा की बहुत सारे लोग जाति गणना को गैरजरूरी और पॉलिटिकल विवाद बढ़ाने वाला मानते हैं। मगर सच तो यह है कि यह काम समाज में बराबरी लाने के लिए एक जरूरी कदम है। यह सच है कि समाज की कुछ जातियों ने सदियों से हासिल अधिकार की वजह से धरती के संसाधनों और दूसरी सुविधाओं पर अपनी जरूरत से अधिक कब्जा कर लिया है। जबकि इसी समाज में बड़ी आबादी ऐसी है जो जैसे तैसे जी रही है। यह गणना उसी असमानता को सामने लाने वाली है। अभी तो सिर्फ आबादी के बारे में पता चला है। इसके असली नतीजे तो आर्थिक और सामाजिक आंकड़ों के सामने आने पर समझ आयेंगे। उसका विश्लेषण महत्वपूर्ण होगा। मेरे लिए यह गणना मंडल बनाम कमंडल या सवर्ण बनाम ओबीसी नहीं है। मुझे लगता है यह गणना उन छोटी छोटी जातियों को जानने और उनकी स्थिति को समझने का बड़ा मौका है जो आधा प्रतिशत, एक प्रतिशत या उससे भी बहुत कम हैं। हो सकता है पता चले कि कई जातियां ऐसी हों, जिनमें आजतक



किसी को सरकारी नौकरी नहीं मिली, उसका कोई प्रतिनिधि सरपंच या वार्ड मेंबर तक नहीं बना। जिनके 90 फीसदी लोगों के पास एक डिसमिल जमीन न हो। जिन्होंने स्मार्ट फोन छुआ तक न हो। दरअसल सामाजिक न्याय का अगला चरण इन्हीं जातियों के लिए है। यादव, कुर्मी और कुशवाहा जैसी मझोली जातियों ने पिछले 90 साल से लड़कर थोड़ा बहुत अधिकार हासिल किया है, सबसे बड़ी बात यह है कि इन्होंने लड़ना सीख लिया है। ये अपना अधिकार अब छोड़ेंगे नहीं। मगर अभी भी अति पिछड़ा और दलितों के बीच दर्जनों ऐसी जातियां हैं जिन तक सामाजिक न्याय की रोशनी भी नहीं पहुंची है। न आरक्षण, न नौकरी, न राजनीतिक प्रतिनिधित्व, न आर्थिक न्याय। क्योंकि उनका कोई आंकड़ा सरकार के पास उपलब्ध नहीं था. जाति गणना ऐसी तमाम जातियों की स्थिति को सामने लाएगी और हमारे हुक्मरानों को उनके बारे में सोचने पर विवश करेगी। उन जातियों के लोगों को भी सजग करेगी, जिन्हें आज तक अपनी सामाजिक और सामरिक स्थिति का बोध नहीं हो पाया। स्वागत है, इन आंकड़ों का। मैं धन्यवाद देता हूँ माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं युवा जोश उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव जी को कि उन्होंने यह ऐतिहासिक काम किया है। बिहार की धरती हमेशा से क्रांति के जनक के रूप में जानी जाती है, चाहे विश्व के प्रथम प्रजातंत्र की बात हो, चम्पारण सत्याग्रह की बात हो, जेपी आंदोलन हो या फिर मण्डल कमीशन, आज माननीय नितीश जी एवं तेजश्वी जी ने उसमें एक अध्याय और जोड़ दिया है। यह जनगणना कोई जातीय वर्चस्वता का बोध नहीं कराती, सिर्फ सामाजिक समरसता के लिए एक पहल है । मैं नरेंद्र मोदी सरकार सरकार से मांग करता हूं कि आप भी बड़ा दिल दिखाइए और पुरे देश में जातीय जनगणना करा कर एक मिशाल कायम कीजिये।

## ख़ास ख़बर

### शराब के नशे हंगमा कर रहे दो पियक्कड़ को किया गिरफ्तार

**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली पुलिस ने शुक्रवार की रात नगर के दो अलग-अलग जगह से शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया की गस्ती पुलिस ने नगर के वार्ड 6 निवासी अर्जुन कुमार एवं नगर के वार्ड 10 निवासी मो.मुस्तूफा को शराब के नशे में हंगामा करते हुए गिरफ्तार किया है। कहा की दोनों का ब्रेथ एनिलाइजर एवं मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि हुई है।

### प्रखंड में कोसी ततबन्द के अंदर चल रही स्कूल में कई समस्या से छात्र , अभिभावक परेसान पर प्रसासन मौन ।



**सरोज कुमार/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले में किसनपुर प्रखंड अंतर्गत कोशी तटबंध के भीतर स्कूल की व्यवस्था पूरे लचर में चल रही है। कहीं भवन नहीं तो कही स्कूल के लिए जमीन नहीं कही स्कूल का ज़मीन उपलब्ध है तो भवन ही नहीं है। शिक्षा की ऐसी व्यवस्था जहां स्कूल प्रधान को स्कूल चलाने की व्यवस्था करनी परे यह शोभनीय बात नहीं है। ऐसा ही मामला प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय मौजहा का है जहां स्कूल को अपना न तो जमीन है और न ही भवन है। भूमि एवं भवन उपलब्ध कराने हेतु पंचायत के मुखिया अमर कुमार चौधरी ने प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी को आवेदन देते हुए बताया है की मध्य विद्यालय मौजहा वर्तमान में समाजवादी विद्यालय मौजहा के प्रांगण में एक टीना के झोपड़ी में संचालित हो रही है। जिसमे कुल 477 कुल नामांकित बच्चे है। एक झोपड़ी में वर्ग 01 से 08 तक के 477 छात्र/छात्राओं के पठन पाठन में भारी कठिनाई होती है। धूप के समय में बच्चे इधर उधर छाया खोजकर बैठते है। चदरा का एक घर है। जिसमे बच्चे को काफी गर्मी का भी सामना करना परता है। शिक्षक सही ढंग से बच्चे को पढ़ाने में भी असमर्थ हो जाते है।

### राजद के प्रधान महासचिव सह मोरवा विधायक रणविजय साहू को राजद कार्यकर्ता ने माला पहनाकर किया स्वागत



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर प्रखंड में राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव सह मोरबा विधायक रणविजय साहू का शनिवार को सहरसा जाने के क्रम में किशनपुर के गोल चौक पर राजद कार्यकर्ताओं द्वारा माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया । इस मौके पर प्रखंड पूर्व प्रमुख विजय कुमार यादव, महिला जिला अध्यक्ष सोनी कुमारी ,प्रखंड अध्यक्ष मंगल यादव, एवं नेता मनोज कुमार यादव, सरोज कुमार ,उमेश यादव अध्यक्ष काजल कामिनी, संतोष यादव, भूषण यादव, रणवीर यादव, कौशल यादव ,मनोहर यादव ,नितेश कुमार ,राजीव कुमार, सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा प्रधान महासचिव का भव्य स्वागत करते हुए लालू यादव जिंदाबाद की नारा लगाया ।

### थाना परिसर में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले के निर्मली थाना परिसर में भूमि विवाद के निपटारा को लेकर शनिवार को जनता दरबार का आयोजन हुआ। जिसमे कागजी सबूत के आधार पर मामले की सुनवाई की गई। हालांकि भी मामले का निष्पादन नही किया गया। सीओ मुकेश कुमार ने बताया की जनता दरबार में एक नए मामले प्राप्त हुए। जिसका निष्पादन नही किया गया है। सीओ ने बताया की जनता दरबार में पीएम आवास योजना से जुड़े तीन मामले आया था। जिसमे अपने भाइयों के बीच भूमि विवाद के कारण भवन का कार्य नही हो रहा था। जिसमे बीडीओ मो.जफरुद्दीन के सहयोग से तीनों मामलों का निष्पादन किया गया है। कहा की भूमि विवाद के समस्या का समाधान के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर थानाध्यक्ष पंकज कुमार सहित फरियादी उपस्थित थे।

# जाप प्रमुख पप्पू यादव ने केडी नोटबुक मैन्युफैक्चर का किया उद्घाटन



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के मधुबनी पंचायत के वार्ड 10 में कुमोद कुमार के दरवाजे पर शुक्रवार को जाप प्रमुख सह पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव एवं मुखिया सीतानंद झा ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनांतर्गत के तहत केडी नोटबुक मैन्युफैक्चर का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान पंचायत के मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबू समेत जाप नेता मिन्नतुलाह खान, सुभाष कुमार यादव समेत आसपास के सैकड़ों ग्रामीण व गणमान्य लोग मौजूद थे। प्रोपराइटर कुमोद कुमार ने कहा कि इस इसमें हर प्रकार की कॉपी, नोटबुक, फ़ाइल या अन्य समान बनाया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जाप प्रमुख पप्पू यादव ने कहा कि जिस दिन मेरी सरकार में हिस्सेदारी होगी उस दिन से कोई युवा बेरोजगार नहीं रहेगा। उनका कहना था कि अभी भी लोग जातिवाद राजनीति करते हैं, जिसे खत्म कर ही लोग अच्छे नेता का चयन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन हेल्थ और वन एजुकेसन लागू हो तभी लोगों को इसका लाभ मिल सकता है। शिक्षा पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि पहले सिस्टम को सुधारने की दिशा में कार्य होना चाहिए, उन्होंने कहा स्कूल कॉलेज में बिना आधारभूत संरचना के बच्चों और शिक्षकों पर दबाव बनाना गलत है। इसके लिए पहले सिस्टम को सुधारना होगा, तभी एक अच्छी शिक्षा की कल्पना की जा सकती है। जाप प्रमुख ने कहा कि बिहार के साढ़े तेरह करोड़ लोगों की जिम्मेदारी पप्पू यादव पर है। आपका बेटा पप्पू हमेशा आप लोगों के हर सुख दुख में साथ रहता है।उन्होंने कहा कि कोसी, सीमांचल के लोगों को सभी पार्टियों ने छलने का काम किया है। यहां न तो कोई उद्योग है न ही शिक्षा। इसलिए बेरोजगारी और गरीबी है। उनकी पार्टी यहां के लोगों के लिए अपना सर्वस्व देगी। पप्पू यादव ने कहा कि जीना यहां मरना यहां तेरे सीवा जाना कहां। कोसी और सीमांचल में उनकी पार्टी पूरी ताकत के साथ उतरेगी। सभी पार्टी जोर लगा लें। गठबंधन बना लें। लेकिन बिना गठबंधन के जो आपकी सेवा के लिए अकेला खड़ा है वह आपका अपना बेटा पप्पू है उन्होंने कहा कि 2025 विधानसभा चुनाव में हमारी सरकार बनेगी तो हर परिवार को नौकरी नहीं दे पाऊंगा तो 50 लाख रोजगार की गारंटी दूंगा। ऐसा यदि मैं नहीं कर पाया तो आजीवन राजनीति ही नहीं बल्कि बिहार भी छोड़ दूंगा। श्री यादव ने कहा आज तक विकास की पहुंच से दूर है। यहां थाना, ब्लॉक और डीटीओ में जो भ्रष्टाचार व्याप्त है उसे मैं खत्म करके रहूंगा। मौके पर चंद्रमोहन मिश्र, अर्जुन मेहता, कमलेश मेहता, मो अंसार, जय प्रकाश यादव, उदयचंद पासवान समेत समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### दो अलग अलग जगहों से पुलिस 117 कार्टन विदेशी शराब व 20.04 लीटर नेपाली शराब किया बरामद



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत में विशेष अभियान के तहत पिपरा पुलिस को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो अलग-अलग जगहों से भारी मात्रा में देशी और विदेशी शराब बरामद किया। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि शराब कारोबारी पर अंकुश लगाने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी दरमियान शुक्रवार देर रात गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के महेशपुर सरोचिय चोक के नजदीक के के एम चिमनी भट्ठा के पास से एक सुमो भिक्टा पर लदे 117 कार्टून विदेशी शराब बरामद किया हरेक कार्टून में 48 पीस 180 एम एल का रॉयल क्लासिक भिस्की और एक प्लास्टिक के बोरा में 74 पीस शराब के साथ एक सूमो भीक्टा बी आर 01 पी बी 0850 को जब्त कर थाना लाया गया। वहीं शराब कारोबारी और चालक मौके से भागने में सफल रहा। गाड़ी मालिक और चालक के विरुद्ध पिपरा थाना काण्ड संख्या 315/23 दर्ज कर लिया गया है। वहीं दीनापट्टी पंचायत के देवी पट्टी निवासी रविंद्र शर्मा उर्फ रविन्द्र सुतिहार के घर से गुप्त सूचना के आधार पर 20.4 लीटर देशी 300 एम एल का नेपाल निर्मित देशी दिलवाले सोफिया शराब बरामद किया गया। जबकि कारोबारी रविन्द्र सुतिहार मौके से फरार हो गया जिसके विरुद्ध थाना में केस दर्ज कर लिया गया।

## राशि गबन मामले में पूर्व पंचायत सचिव गिरफ्तार भेजा जेल



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड के जीवछपुर पंचायत में सरकारी राशि गबन मामले में पूर्व पंचायत सचिव घुटर प्रसाद यादव को भीमपुर पुलिस ने शनिवार को उनके हुलास गाँव स्थित आवास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चले कि जीवछपुर पंचायत में सरकारी राशि गबन को लेकर छातापुर आरडीओ रितेश कुमार सिंह ने पूर्व पंचायत सचिव घुटर यादव समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाया था। जिसके बाद न्यायालय से वारंट जारी होने बाद भीमपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि जीवछपुर के कुछ ग्रामीणों ने पूर्व पंचायत सचिव घुटर प्रसाद यादव पर सरकारी राशि गबन को लेकर पंचायती राज्य मंत्री से शिकायत की थी। इसके बाद पंचायती राज्य विभाग के अधिकारियों की टीम ने 9 योजनाओं का जांच किया था। इसमें से जांच में वार्ड 5 में 14वीं वित्त आयोग के मद से 8 लाख 52 हजार की पीसीसी सड़क निर्माण, वार्ड 1 में पंचम वित्त आयोग मद से 13 लाख 32 हजार पीसीसी सड़क निर्माण, वार्ड 8 में सात निश्चय योजना के तहत 12 लाख की राशि से नाला निर्माण, वार्ड 1 में सात निश्चय योजना के तहत 4 लाख 59 हजार 60 रुपए की राशि से सड़क निर्माण, वार्ड 1 में पंचम वित्त योजना के तहत 4 लाख 74 हजार की राशि से पीसीसी सड़क निर्माण अपूर्ण पाया गया। जो सभी योजना लंबे अवधि से राशि निकासी कर काम पूरा नहीं किया गया था। इधर भीमपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने के बाद पंचायत सचिव को उनके घर से गिरफ्तार किया गया है।

## विभिन्न लोक कल्याणकारी योजना के सम्बंध में जनसंवाद कार्यक्रम



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के प्रखण्ड सरायगढ़ भपटियाही ग्राम पंचायत छिटही हनुमान नगर में श्री कौशल कुमार (भा०प्र० से०), जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में पंचायत सरकार भवन में बिहार सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में श्री मुकेश कुमार, उप विकास आयुक्त, सुपौल, श्री राशिद कलीम अंसारी, अपर समाहर्ता सुपौल, श्री अजय कुमार, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सुपौल, श्री इंद्रवीर कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी सुपौल, श्री अनन्त कुमार, अपर अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, श्री ऋषव, निदेशक, डी०आर०डी०ए० सुपौल, कार्यपालक अभियंता विद्युत, कार्यपालक अभियंता पी०एच०ई०डी०, प्रखण्ड स्तरीय सभी पदाधिकारीगण के साथ साथ स्थानीय प्रतिनिधिगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अपर समाहर्ता, सुपौल ने सभी विभागों की संक्षिप्त जानकारी उपस्थि तग्रामीणों को दी। तत्पश्चात् निदेशक, डी०आर०डी०ए०, सुपौल द्वारा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं विशेषकर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास सहायता योजना, मुख्यमंत्री वास स्थल क्रय योजना इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई। जिला पंचायत राज पदाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना, सोलर स्ट्रीट लाईट योजना इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यपालक अभियंता विधुत द्वारा राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपस्थित जन समूहों को दी गई। जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, सुपौल द्वारा किसानों के हित में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विस्तृत विवरण की जानकारी दी गई। पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सुपौल द्वारा विधि व्यवस्था के संबंध में आमजन की भागीदारी पर ध्यान आकृष्ट करते हुए पुलिस हेल्प लाईन नंबर 112 का आमजन ज्यादा से ज्यादा प्रयोग करने का आग्रह किया गया ताकि भयमुक्त वातावरण का निर्माण किया जा सके। जिलाधिकारी, सुपौल एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), सुपौल के द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम सरायगढ़-भपटियाही प्रखंड में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्र / छात्राओं को के0वाई0पी0 का प्रामण-पत्र दिया गया। जिलाधिकारी, सुपौल द्वारा अंत में जन संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को देते हुए राज्य सरकार द्वारा सम्पोषित विभिन्न विभाग अन्तर्गत कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा करते हुए समस्या निवारण हेतु जिला प्रसाशन के विभिन्न माध्यमों की विस्तृत जानकारी से अवगत करायी गई। जिससे आम जन को किसी प्रकार की समस्या का निदान त्वरित गति से किया जा सके।

### रेलवे स्टेशन के पास बने अंडरपास में संचालित हो रही अवैध टेंपू स्टेंड



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, निर्मली, सुपौल।** जिले में निर्मली नगर के रेलवे स्टेशन से तकरीबन 200 मीटर पूरब अंडरपास के नीचे चौराहे पर अवैध टेंपो स्टैंड बन गए हैं। यह स्टैंड प्रशासन ने तय नहीं किया है। बल्कि टेंपो चालकों ने अपने मर्जी से इन्हें ठिकाना बना लिया है। इन स्टैंडों पर हमेशा एक ऐसा व्यक्ति भी मौजूद होता है जो टेंपो चालकों से पैसे वसूलते हैं। इन अवैध स्टैंड पर जितनी बार टेंपो रुकती हैं,टेंपो चालकों को इनका किराया देना पड़ता है। दबंग का यह सारा खेल पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे हो रहा है। इसलिए आम जन मिली भगत के भी आरोप लगने लगे हैं। सड़क की हालत ऐसी हो गई है कि सुबह से लेकर शाम तक टेंपू चालक अपना टेंपू खड़ाकर सवारी को बैठाने में मशगूल रहते हैं। बता दे की यहां से मरौना प्रखंड के विभिन्न गांव के लिए टेंपो चलती है। अवैध टेंपो स्टैंड से आम लोगों को भारी परेशानी होती है। जिससे छोटी- बड़ी वहनो भी सड़कों पर घंटो जाम का शिकार होना पड़ता हैं। सड़क पर दोनों तरफ टेंपो खड़े करने के कारण सड़क की चौड़ाई धीरे-धीरे सिकुड़ने लगी है इतना ही नहीं अगल-बगल में सड़क किनारे बड़ी संख्या में दिन प्रतिदिन दुकान भी खोली जाती है जो जाम का मुख्य कारण बन गया है। अंडरपास स्कूल के पास बड़ी संख्या में टेंपो खरे किए जाने के कारण हाई स्कूल जा रहे स्कूली बच्चों को भी परेशानी होती है। हालांकि इस टेंपो स्टैंड के बारे में ना तो नगर पंचायत प्रशासन को कुछ भी मालूम नही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेशन की भूमि पर अवैध रूप से संचालित टेंपू स्टेंड में रेल प्रशासन की भी संलिप्तता है। टेंपो चालक की माने तो उक्त स्थल पर टेंपू खड़ा करने के बदले उससे पैसे लिया जाता है। चालकों ने बताया कि प्रति ट्रिप 20 से 30 रुपया लिया जाता है।

### अंचल के सभी जमाबंदी को आधार से लिंक करने का आदेश



**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किशनपुर प्रखंड अंतर्गत राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग पटना के निर्देशानुसार अंचल के सभी जमाबंदी को आधार कार्ड से लिंक करने का आदेश जारी किया गया है । आधार से लिंक करने से सभी जमाबंदी रैयतो को सरकारी लाभ, सरकारी अनुदान, सहित अन्य योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी । तथा भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि में भी सहायक होगा । जमाबंदी रैयत को जीवित नहीं रहने पर उनके बारीसान में से किसी एक सदस्य का भी आधार कार्ड से लिंक किया जाना अति आवश्यक है । साथ ही सभी जमाबंदी रैयत को अध्तन लगान रसीद भी काटना अति आवश्यक है। इस संबंध में आधार सीलिंग करने एवम् लगान रसीद ऑन लाईन काटने के लिए हर पंचायत में कैंप के माध्यम से राजस्व कर्मचारी के द्वारा शिविर लगाया जा रहा है । सभी रैयतों को कैंप में जाकर अपना आधार कार्ड जमाबंदी से लिंक करवा कर लगान रसीद को भी अधतन करवा लिया जाए । यह जानकारी अंचल अधिकारी किशनपुर संध्या कुमारी ने देते हुए कहा कि जमाबंदी रैयत के किसी भी बारिसान के द्वारा आधार कार्ड से लिंग करने के बाद ऐसा नहीं है कि वैसे वारिसान का सारा जमीन जायदाद हो जाएगा ।

### निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा पहुंची पिपरा



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा,सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड अंतर्गत पिपरा बाजार स्थित विनोबा गांधी मैदान में विकाशशील इंसान पार्टी के संस्थापक सह पूर्व मंत्री मुकेश साहनी के नेतृत्व में निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा का सभा आयोजित किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में निषाद समाज के लोगों ने भाग लिया। अपने संबोधन में मुकेश साहनी ने कहा कि वह निषाद समाज को आरक्षण मिले इसको लेकर लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जो पार्टी निषाद समाज को आरक्षण देगी आगामी चुनाव में उसे निषाद समाज द्वारा समर्थन किया जाएगा। कहा कि यह मायने नहीं रखता की कौन पीएम का उम्मीदवार होगा, जो पार्टी निषाद समाज को आरक्षण देगा निषाद समाज उसका साथ देगी। आजादी के बाद से निषाद समाज लगातार अपने हक की लड़ाई लड़ते आ रहे हैं। लेकिन किसी भी सरकार ने उनकी बातों को नहीं सुनी अब समय आ गया है कि निषाद समाज को एकजुट होकर अपने हक की लड़ाई लड़ना होगा। जब तक लोग वोट की कीमत नहीं समझेंगे तब तक उनका अधिकार नहीं मिल सकता कहा कि वह लगातार कई वर्षों से संघर्षरत है और इस बार निषाद समाज को आरक्षण दिलवाकर ही दम लेंगे। कहा कि जो समाज अपने हक की लड़ाई संगठित होकर लड़ते हैं उन्हें सफलता मिल रही है और इसी कड़ी में इस बार निषाद समाज एकत्रित हुए हैं गोल बंद हुए हैं और अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस मौके पर मौजूद लोगों को गंगाजल से संकल्प भी दिलाया गया।इस दौरान विकासशील इंसान पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

बैठक 'द कॅलेंडर जर्नी' 'द रैंप क्विन इंडिया सिजन 5' द्वारा रैंप अवार्ड से दिलशाद एस. खान हुए सम्मानित

## दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाए जाने को लेकर बैठक



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना, सुपौल।** जिले में मरौना प्रखंड क्षेत्र के हररी पंचायत स्थित गिदारही गांव में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक शनिवार को आयोजित की गई।बैठक का आयोजन दुर्गा मंदिर गिदारही-झिंगवा के प्रांगण में किया गया।आयोजित बैठक में इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाए जाने को लेकर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में बताया गया की पूजा समिति के द्वारा इस बार प्रथम पूजा से ही मेला परिसर में दुकान लगाया जाएगा।बैठक में मेला कमिटी के अध्यक्ष को लेकर भी निर्णय लिया गया,ग्रामीणों ने कहा की मेला कमिटी के अध्यक्ष रामदेव यादव के बीमार रहने के कारण इस बार उनके पुत्र ललित यादव को कार्य भार संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा झिंगवा-गिदराही के युवा मेला के दौरान सक्रिय भूमिका में अपना योगदान देगें।वही कार्यकारणी अध्यक्ष ललित यादव ने बताया कि इस बार 5 दिनों तक मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रम, ऑकेस्ट्रा, मैया जागरण आदि का भी प्रोग्राम रखा जाएगा। जिसे हम सभी मेला समिति सदस्य मिलकर शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएंगे। मेला में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए हम सब व्यवस्था में लगे हैं। मेला के अंदर अस्थाई शौचालय व पानी के लिए विशेष चापाकल की व्यवस्था भी किया जाएगा।ज्ञात हो की मंदिर परिसर में माता भगवती समेत अन्य भगवान का पक्की प्रतिमा यहाँ तीन वर्ष पूर्व ही वायु सेना राज कुमार यादव द्वारा बना दिया गया है। जिससे यहां नित्य दिन लोग धूमधाम से पूजा अर्चन करते चले आ रहे है ,ऐसा कहा जाता है की इस मंदिर में सच्चे मन से मांगे गए मन्नते भी पूरा होती है।इसलिए यहां हर साल मनोकामना पूर्ण होने वाले भक्तों के द्वारा पूजा व प्रतिमा सजावटी की व्यवस्था की जाती है।बैठक में जगरनाथ मेहता, सोती लाल यादव, रामचंद्र यादव, राजेन्द्र यादव, नागेश्वर यादव, प्रवीण कुमार, लड्डू लाल यादव, बिजेंद्र कुमार विमल, प्रमोद यादव, जागेश्वर यादव, कमल यादव, सूर्य नारायण यादव, राम कुमार परमेश्वरी यादव, घूर्णन यादव, उमेश निराला, गंगराम महतो, अवधलाल महतो, जोगिन यादव, चनु यादव, रामकुमार मेहता, रामसेवक मुखिया, चन्दर यादव, हरि प्रसाद यादव अनिल कुमार, शिव कुमार, विजय यादव, सुखदेव यादव अभिषेक वर्मा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

# जमीन पर जबरन कब्जा करने की नियत से लगाया आरोप, सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता/ दैनिक शुभ भास्कर, राघोपुर ,सुपौल।** जिले में राघोपुर पंचायत के गद्दी वार्ड 10 निवासी मो. इश्तियाक ने अपने ही गांव के तीन लोगों पर जबरन जमीन पर कब्जा जमाने के नियत से झूठे आरोप में फंसाने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एक ज्ञापन एसपी शैशव यादव, वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार, वीरपुर एसडीपीओ पंकज कुमार मिश्रा और राघोपुर थानाध्यक्ष को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में पीड़ित मो. इश्तियाक ने कहा कि करीब नौ महीना पूर्व वह अपने ही पंचायत में बड़े भाई मो. परवेज के नाम से एक कट्ठा चार धुर पांच धुरकी जमीन खरीद की है। इस जमीन पर खरीद के बाद से ही राघोपुर पंचायत के गद्दी वार्ड 12 निवासी मुकेश कुमार यादव, रूपेश कुमार यादव और रामाधीन यादव उक्त जमीन को जबरन हड़पना चाहता है। इसको लेकर वह बराबर उसके और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौच मारपीट करता रहता है। जमीन नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देता है। जिस कारण वह परिवार संग भयभीत रहते हैं। यहां आपको बता दें कि बीते दिनों राघोपुर पंचायत निवासी मुकेश कुमार यादव ने अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी वीरपुर के पास वाद दायर किया है। जिसमें शिकायतकर्ता मुकेश ने गद्दी निवासी मो. इश्तियाक, मो. सज्जाद, मो. तबरेज, मो. ईशा और मो. परवेज पर अलग-अलग जगहों पर अवैध तरीके से आरा मशीन चलाने का आरोप लगाया है। हालांकि इसको लेकर मो. इश्तियाक सहित अन्य आरोपियों ने इसे बेबुनियाद बताया है। कहा कि 18 इंच व्यास का मशीन फर्नीचर तैयार करने के लिए चलाते हैं। इधर मामले को लेकर वीरपुर एसडीएम नीरज कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## ख़ास ख़बर

### जनता दरबार मे पांच मामले का हुआ निष्पादन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को सीओ अमित कुमार व थानाध्यक्ष सुधीर कुमार की अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। जिसमे दो नया मामला आया। जबकि छः पुराने मामले पहले से लंबित थे। जिसमें चार मामले का निष्पादन किया गया। वहीं दो नया दो कुल चार मामले को ले आवेदक को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार मे बुलाया गया है। वही कच्छवा थाना परिसर मे आरओ चन्दन चौधरी व थानाध्यक्ष मितेश कुमार के अध्यक्षता में जनता दरबार लगाया गया। इस दौरान एक नया मामला आया जबकि एक पुराना मामला पहले से लंबित था। जिसमें एक पुराने मामले का निष्पादन किया गया। शेष बचा एक मामले को लेकर आवेदक को नोटिस निर्गत कर अगले जनता दरबार मे बुलाया गया हैं। इस मौके पर वादी-प्रतिवादी समेत अन्य अंचल कर्मी व पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### आगामी दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शनिवार को कछवां थाना परिसर में दुर्गा पूजा को ले शांति समिति की बैठक आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने किया । बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों ने हिस्सा लिया । इस दौरान थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा समारोह आयोजित करने का निर्दे । उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का तीव्र ध्वनि बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा । दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाली जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी । थानाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी हाल में दुर्गा पूजा के मौके पर हुड़दंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा । दुर्गा पूजा में भीड़-भाड़ वाले जगहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी । पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी प्रकार का भगदड़ न हो , इसपर विशेष ध्यान रखना होगा । उन्होंने कहा कि आपसब की सेवा में स्थानीय पुलिस सदैव तत्पर है और तत्पर रहेगी । मौके पर थानाध्यक्ष मितेश कुमार , अपर थानाध्यक्ष मनीष कुमार , वरीय पुलिस अधिकारी , काराकाट और नासरीगंज दोनों अंचल के राजस्व अधिकारी , जनप्रतिनिधि व पूजा समिति के लोग उपस्थित थे ।

### जिला मंत्री के आकाश्मिक मौत पर जताया शोक

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज (रोहतास)।** स्थानीय शहर में षनिवार को ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री स्वर्गीय नन्द किशोर चौहान के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। श्री चौहान एक कर्मठ कार्यकर्ता थे। उनके निधन से पार्टी को भारी क्षति हुई है। ये नोखा के रहने वाले थे। शोक सभा में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष श्री नवीन चंद्र शाह प्रदेश उपाध्यक्ष श्री रमेश चौहान महामंत्री संजीव मोहन अजय चौहान गुप्तेश्वर गुप्ता महामंत्री अशोक शाह नीलकमल कुंदन दिनेश उपाध्यक्ष सनी चौरसिया राकेश शर्मा कृष्णा चौरसिया अरुण गुप्ता इत्यादि। शांति पाठ के साथ समापन हुआ।

### काराकाट में बकरी चोर सक्रिय, एक साथ चुरा ले गए 3 बकरी

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र में एक बार फिर से बकरी चोर सक्रीय होने लगे हैं। शुक्रवार की रात जहनपुरा गांव स्थित एक घर में घुस कर अज्ञात चोरों ने तीन बकरियां चुरा ली। इस संबंध में गृहस्वामी मुबारक हुसैन द्वारा अज्ञात के विरुद्ध स्थानीय थाने में प्राथमिकी करने के लिए आवेदन दे दिया गया है। पीड़ित परिवार के अनुसार उसका घर नहर पर है। रात में कुछ अज्ञात लोग घर में घुस कर तीन बकरी लेकर भाग निकले।

### अपने सिर में गोली मारी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)।** मदार दरवाजा इलाके में एक शख्स ने अपने सिर में गोली मारकर की आत्महत्या । मृतक का नाम नीतेश कुमार , देवेंद्र प्रसाद का पुत्र था। परिवार के लोगों का कहना है कि रात में नितेश सबके साथ खाना खाया और सभी लोग जब अपने अपने कमरे में सोने चले गए अचानक रात के 12 बजे गोली मारकर की आत्महत्या। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आगामी दुर्गा पूजा को लेकर जिले में शांति समिति की बैठक संपन्न



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** पुलिस अधीक्षक रोहतास विनित कुमार ने बताया कि शनिवार को डिहरी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति एवं जिले के अन्य थानाध्यक्ष की उपस्थिति में आगामी दुर्गापूजा पर्व को लेकर विधि व्यवस्था/ शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु विभिन्न थाना क्षेत्र में आम जनों/ जनप्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक की गई एवं विशेष पूजा संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए।

# हर खेत सिंचाई योजना की समीक्षा बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिला समाहरणालय में जिला पदाधिकारी, रोहतास नवीन कुमार के कार्यालय प्रकोष्ठ में हर खेत में सिंचाई का पानी योजना की समीक्षा की गई ।जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सिंचाई प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता एवं अन्य अभियंता गण से बराज में एवं नहरों में पानी की उपलब्धता की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गई । प्रत्येक प्रमंडल द्वारा अपने कमान एरिया की जानकारी दी गयी तथा जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा जिले में प्रयुक्त कृषि क्षेत्र की जानकारी दी गई । सोन कैनाल प्रमंडल, बिक्रमगंज एवं बक्सर द्वारा जानकारी दी गई थी जिले में 2000 हैकटेयर कृषि क्षेत्र में अभी सिंचाई के पानी की पहुंच नहीं हो पा रही है। इसके लिए जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित कार्य प्रमंडलों एवं लघु जल सिंचाई प्रमंडल से उपयुक्त प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। विभिन्न कार्य प्रमंडलों द्वारा उनके द्वारा नई योजनाओं के प्रस्ताव तथा मरम्मति इत्यादि के संबंध में भी जानकारी दी गई। लघु सिंचाई प्रमंडल से पहाड़ से सटे इलाके में पानी के भंडारण और सिंचाई के लिए उसके प्रयोग की संभावना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई । पुराने आहार- पाइन के वर्तमान स्थिति, उनके मरमती की आवश्यकता तथा नए निर्माण संबंधी प्रस्ताव देने हेतु लघु जल सिंचाई प्रमंडल को निर्देशित किया गया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा तथा लघु जल सिंचाई प्रमंडल दोनों को परस्पर समन्वय कर हर खेत तक सिंचाई के पानी पहुंचाने को सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी से जिले में कुल कृषि योग्य भूमि एवं धान के फसल के आच्छादन के वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई और असिंचित भूमि के को चिन्हित कर प्रतिवेदन देने हेतु निर्देशित किया गया। इसके लिए जिला कृषि पदाधिकारी को कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकार के माध्यम से पंचायत वार एवं राजस्व, ग्रामवार और असिंचित कृषि योग्य भूमि का प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। जिन क्षेत्रों में नहरों के माध्यम से सिंचाई का पानी पहुंचाया जाना संभव नहीं हो पा रहा है, वहां लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा नलकूप का प्रस्ताव दिया जा सकता है। इसके साथ ही लघु सिंचाई प्रमंडल से कार्यरत एवं अकार्यरत नलकूपों की भी जानकारी ली गई। सभी संबंधित विभागों एवं सिंचाई प्रमंडल से सिंचाई कार्य योजना तैयार करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में जिले में जल एरियल सर्वे की समीक्षा की गई। सिंचाई के संसाधनों में यदि मैकेनिक कारणों से जैसे गेट टूटने, खराब होने इत्यादि की अगर सूचना प्राप्त होती है तो उसे उसका तत्काल समाधान करने हेतु संबंधित प्रमंडलों को निर्देशित किया गया इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, रोहतास, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी एवं सिंचाई के विभिन्न कार्य प्रमंडल के अभियंता गण उपस्थित रहे।

## बैठक कर आंदोलन को सफल बनाने पर किया विचार विमर्श



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने शनिवार को एएस कालेज बिक्रमगंज परिसर में एक बैठक किया। कर्मचारी महासंघ आरा प्रक्षेत्र के अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपनी मांगों के समर्थन में 9 सितंबर 2023 से 14 सितंबर तक धरना दिये जाने के संघ के निर्णय पर आंदोलन को सफल बनाने पर विचार किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत कई वर्षों से लंबित अपनी मांगों को पूरा नहीं हो पाने के कारण कर्मी परेशान हैं। बार बार लिखित समझौता होने के बाद आज तक कर्मियों की मांगे पूरी नहीं हो पाई हैं। वेतन सत्यापन, सेवा संपुष्टि, प्रोन्नति आदि का मामला वर्षों से लंबित हैं। वेतन सत्यापन नहीं होने के कारण कर्मियों का 25 प्रतिशत वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। जबकि वेतन सत्यापन का काम वेतन सत्यापन कोषांग का है। इसके लिए बहुत पहले ही प्रस्ताव भेजा गया है। अभी कुछ माह पहले कुछ कर्मियों को उच्च न्यायालय के आदेश पर योगदान कराया गया है। वे निष्ठा पूर्वक कार्य भी कर रहे हैं। लेकिन उनका वेतन भुगतान अब तक शुरू नहीं किया गया है। अनुकंपा पर नियुक्त कर्मियों की भी यहीं स्थिति है। बार बार कर्मियों के साथ छल किया जाता है और दोहरा मापदंड अपनाया जाता है। कर्मियों के पास अब कोई रास्ता नहीं बचा है। बाध्य होकर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा प्रक्षेत्र कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर अन्य महाविद्यालय के साथ सभी कर्मी धरना का कार्यक्रम करेंगे। बैठक में अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, सचिव अक्षय कुमार प्यारे जी, बड़ा बाबु सत्येंद्र पांडेय, मदन प्रसाद वैश्य, संतोष पांडेय, कुमार दिनेश, हरेंद्र सिंह, सतेश्वर राम, धर्मशीला देवी, कृष्ण प्रसाद सहित सभी कर्मी उपस्थित थे।

## थाना परिसर में लगे शीशम का पेड़ काटकर पलंग बनाकर उपयोग करने का आरोप पूर्व जिला पार्षद ने लिखित शिकायत मुख्यमंत्री को दिया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** स्थानीय थाना में पदस्थापित थानाध्यक्ष सह आरक्षी निरीक्षक सुधीर कुमार पर थाना परिसर में लगे शीशम का पेड़ काटकर पलंग बनाकर उपयोग करने का आरोप पूर्व जिला पार्षद अरुण सिंह ने लगाते हुए इसकी लिखित शिकायत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से करते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की है।अपने आवेदन में उन्होंने कहा है कि थानाध्यक्ष के द्वारा अवैध रूप से परिसर में लगे हरे शीशम के पेड़ अवैध रूप से काटकर चोरी की गई है और इसका उपयोग फर्नीचर बनाकर अपने निजी उपयोग में लाया गया है जिसका साक्ष्य थाना में लगे सीसीटीवी कैमरा में उपलब्ध है। फर्नीचर उक्त शिकायत की प्रतिलिपि उन्होंने डीजीपी,डीआइजी,एसपी, और डीएफओ को भी भेजी है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष ने अपने ऊपर लगाए गये आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि उनके विरुद्ध आरोप लगाने वाले का इन दिनों थाना में आवगमन बन्द हो गया है जिससे वयाकुल हो उनके द्वारा उनपर आरोप लगाए गये हैं। उक्त पेड़ जर्जर और बिल्कुल सड़ चुका था जो कभी भी किसी वाहन या व्यक्ति पर गिर क्षति पहुंचा सकता है,जिसे वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थाने में टेबल कुर्सी के आभाव में उसे बनाने के उद्देश्य से काटकर थाना परिसर में ही रखा गया है। अभी फंड के आभाव में उक्त पेड़ काटकर रखा हुआ है। फंड उपलब्ध होने पर थाने में फर्नीचर बनाकर उसकी कमी को पूरा किया जायेगा। थानाध्यक्ष ने बतयाय कि वह जांच के लिए सदैव तैयार हैं।

# बकायेदार उपभोक्ताओं के काटे गए विद्युत कनेक्शन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** दिनारा नगर पंचायत क्षेत्र के बिजली बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा जा रहा है। बिजली विभाग ने इसके लिए अभियान तेज कर दिया है। बताते चले कि शनिवार को दिनारा नगर पंचायत क्षेत्र के 13 बकायेदार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटा गया है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि जिस उपभोक्ताओं पर बिजली बिल बकाया है, उनका बिजली कनेक्शन काटा जाय। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा के द्वारा बताया गया कि जो उपभोक्ता क़िस्त में बकाए की राशि को जमा करना चाहते हैं वो विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज कार्यालय से संपर्क कर बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के पश्चात किस्तीकरण करा सकते हैं। जेई दिनारा के द्वारा बताया गया कि दिनारा शहरी क्षेत्र में लगभग चार हजार सक्रिय उपभोक्ता हैं। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया कि उपभोक्ताओं का विद्युत संबंध बकाया राशि रहने के कारण कनेक्शन कटने के बाद पुनः विद्युत कनेक्शन बहाल करने हेतु रि-कनेक्शन चार्ज जमा करना होगा। जिसमे रि-कनेक्शन चार्ज सिंगल फेज के उपभोक्ताओं को 118/- थ्री फेज को 236/- एवं एल.टी. आई.एस. (छोटा इंडस्ट्री) को 1062/- लगेंगे। आगे बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं के दूरभाष पर सम्पर्क स्थापित कर बकाए विद्युत विपत्र की राशि को जमा करने हेतु अनुरोध किया जा रहा है तथा विद्युत संबंध कटने से बचना है तो आप सभी अपना अपना विद्युत विपत्र की राशि प्रत्येक माह जमा करें अन्यथा विद्युत संबंध काट दिया जाएगा। सहायक विद्युत अभियंता, बिक्रमगंज राज कुमार द्वारा आगे बताया गया कि उपभोक्तओं का विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात बिना बकाया एवं आर.सी. शुल्क जमा किये विद्युत का उपभोग करने पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई जा रही है। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार शर्मा के द्वारा सभी दुर्गापूजा कमिटी से आग्रह किया गया है कि दुर्गापूजा पंडाल हेतु अस्थायी कनेक्शन लेना सुनिश्चित की जाय, बिना अस्थायी विद्युत कनेक्शन लिए विद्युत का उपयोग करने पर आवश्यक कार्रवाई की जा सकती है।

### नासरीगंज धुस नहर पर लगा बैरियर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रवि कुमार, नासरीगंज/रोहतास।** नासरीगंज धुस स्थित सोन अवर प्रमंडल के द्वारा लगाया गया बैरियर जानलेवा सिद्ध हो रहा है। उक्त बैरियर के क्षतिग्रस्त होने और झुक जाने से आये दिन दुर्घटना होते होते बच रही है और सिंचाई विभाग कोई संज्ञान नहीं ले रहा है। उक्त बैरियर सिंचाई विभाग के द्वारा लोहे के पुल से भारी वाहन के आवगमन पर अंकुश लगाने के उद्देशय से लगया गया है। उक्त बैरियर केवल छोटे वाहन के आवगमन को देखते हुए उसकी ऊंचाई निर्धारित की गई है लेकिन उक्त बैरियर से वाहन के टक्कर होने से क्षतिग्रस्त हो गया है और नीचा हो गया है जिससे छोटे वाहन गुजरने में टकरा रहे हैं और दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं। रात के अंधेरे में उक्त स्थल पर प्रतिदिन बड़ी घटना होने का प्रबल संभावना बनी रह रही है।इस सम्बंध में स्थानीय लोग पंकज कुमार धर्मेंद्र कुमार,अखिलेश चौहान, मुस्लिम अंसारी,निर्मल कुमार,नवीन कुमार,समेत अन्य ने बताया कि उक्त बैररियर दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। समय रहते इसे विभाग ने ऊंचा नहीं करवाया या इसे ठीक नहीं कराया तो बड़ी घटना से इनकार नहीं किया जा सकता है। सिंचाई विभाग की लापरवाही के कारण उक्त बैरियर को ठीक नहीं किया जा रहा है।

### संतान की लंबी उम्र के लिए माताओं ने जिउतिया व्रत किया



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज/रोहतास।** अश्विन मास की कृष्ण पक्ष की सप्तमी से नवमी तिथि तक पुत्र की लंबी आयु से जुड़े पर्व जीवित पुत्रिका(जिउतिया) व्रत की पूजा शनिवार को प्रखण्ड क्षेत्र के शहर से लेकर गांव तक धूमधाम के साथ मनाया गया। व्रत शुरू करने से पहले माताओ ने शुक्रवार की सुबह सोन नद और नहरों आदि में स्नान व पूजन करने के बाद परम्परागत रूप से मडुआ से बने पकवान व झींगी या सतपुतिया की सब्जी खायीं। शनिवार को माताएं पूरे दिन खर जिउतिया यानी निर्जला व्रत किया। वही सभी महिलाएं गुरुवार को पूजा करके खीरा और दूध से पारन करेंगी। इस दौरान शनिवार की देर शाम व्रती महिलाओं ने अपने घर और मंदिरों में पुजारियों के मंत्रोच्चार के साथ जीवित वाहन बाबा की पूजा-अर्चना भी की। पूजन साम्रगी से जीवित वाहन बाबा की पूजा करने के बाद कथा का श्रवण किया। घंटो पूजा-अर्चना के बाद पुजारियो ने व्रती महिलाओं के समक्ष पर्व की शाम पुजारियो से कथा का श्रवण किया। पंडित मनीष कुमार शास्त्री ने बताया कि जिउतिया व्रत में माताएँ पुरे दिन निर्जला उपवास रहती हैं। राजा जीमुतवाहन और कहीं-कहीं महिलायें चिल्हो और शियारो की कथा भी सुनती हैं। राजा जीमुतवाहन की पूजा पूस की प्रतिमा बनाकर की जाती है।

### प्राथमिक विद्यालय कौपा तालाब में हुआ तब्दील



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सकला पंचायत के कौपा गांव में प्राथमिक विद्यालय की हालत दयनीय है। प्राथमिक विद्यालय के सामने काफी जल जमाव हो गया है। छात्र एवं छात्राएं कीचड़ से गुजरकर विद्यालय जाने को मजबूर हैं। बच्चे विद्यालय आने में आनाकानी कर रहे हैं। इस गंदे पानी में गिरकर छोटे-छोटे बच्चे कई बार गिरकर चोटिल भी हो गए हैं। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय परिसर के बाहर इतनी कीचड़ अथवा जलजमाव का जिम्मेदार ना सिर्फ प्रधानाध्यपक बल्कि सकला पंचायत के मुखिया, सरपंच, वार्ड भी उतना ही जिम्मेदार है । क्योंकि उन सभी के संज्ञान में कई बार दे दिया गया लेकिन किसी भी प्रकार का कोई निवारण अब तक नही हो पाया है। ऐसे में अभिभावकों ने आक्रोश व्याप्त कर कहा कि जितने भी जनप्रतिनिधि कार्यक्षेत्र से संबंधित है, चाहे वो सांसद, विधायक तथा मुखिया सभी ने उन्हें चुनाव के समय बड़े वादे दिया था। हर बार चुनाव निकट आते ही इस जर्जर कच्ची सड़क का मरमत मिट्टी से करा दी जाती है। और उनके द्वारा बताया जाता है कि बाद में पक्की सड़क का निर्माण हो जाएगा । तब तक चुनाव खत्म और सड़क कच्ची मिट्टी मरमत वाले ही रह जाती है। और हर बार आम जनता बेवकूफ बन कर रह जाती है। जब कि रास्तों पर जगह जगह बने गड्ढे हादसे का कारण बनते रहता है। वही बारिश होते ही स्थानीय विद्यालय तालाब में तब्दील हो जाता है। स्कूल से गुजरने वाला रास्ता काफी खराब स्थिति में है। जगह जगह गड्ढे हो चुके हैं। यहां पर कच्ची सड़क है। बारिश की वजह से यहां पर काफी जल जमाव हो जाता है। बच्चों को स्कूल आने जाने में काफी परेशानी होती है। लेकिन विभागीय अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधि इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**पंचायत** — पीएम का सपना देख रहे हो,एम एसपी की गारंटी करो, हम करेगें आपका प्रचार

# ...नहीं तो पटना के सड़कों पर चलेगें ट्रैक्टरः राकेश टिकैत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ (रोहतास)।** पीएम का सपना देख रहे हो नीतीश जी,आप बिहार में एम एसपी की गारंटी कर दिजिए, किसानो का अनाज एमएसपी से कम किमत पर खरीदने वालों पर कानूनी कारवाईए.हम आपका प्रचार करेगें,उक्त बातें कोआथ हाईस्कूल के मैदान में किसान पंचायत को संबोधित करते हुए,भारतीय किसान युनियन के नेता राकेश टिकैत ने कही.उन्होने कहा कि छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री प्रति क्विंटल धान की किमत 26 सौ रुपये देती है.तेलंगना की सरकार 10 हजार रुपये प्रति एकड़ की सब्सिडी देती है.यदि बिहार की सरकार एमएसपी और किसान पेंशन दे दे,हम नीतीश जी का प्रचार करेगें.अन्यथा जरुरत पड़ी तो पटना की सड़कों पर भी ट्रैक्टर चलेगें.अभी तो आंदोलन शुरु ही नही हुआ,एक भी आंसु गैस का एक भी गोला नहीं फूटा.स्वामी शहजानंद सरस्वती का नाम लेते हुए टिकैत ने कहा कि बिहार का किसान मजदूर बन के रह गये हैं. बिहार के लोग देश व दुनिया में भरे पड़े हैं.बड़े व्यापारी आपका जमीन लूटेगा और आप उसके यहां अपने जमीन पर ही मजदूरी करेगें.

**एक साल बिहार के नामः** एक साल की फसल का त्याग करो सरकार घूटने टेक देगी. टिकैत ने अपील किया कि संगठन बनाओ और पटना की सड़कों पर चलने के लिए तैयार रहो,सरकारें गांव ,खेत व किसानो के लिए काम करने लगेगीं। वही सभा को संबोधित करते हुए विधायक सुधाकर सिंह ने कहा कि बिहार में 2006 में मंडी कम समाप्त हो गया है जिससे राज्य के किसानों को उनके उपज पर एक लाख करोड़ का नुकसान प्रति वर्ष हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय सचिव रणवीर सिंह सभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के किसानों को बर्बाद करने में केंद्र एवं राज्य सरकार जिम्मेदार है बिहार के किसानों की फसल एवं नस्ल बचाने के लिए दिल्ली की तरह पटना को भी घेरने की जरूरत पड़ी तो भारतीय किसान यूनियन तैयार है। बिहार प्रदेश के भारतीय किसान यूनियन के संयोजक दिनेश जी ने कहा है कि सैया बाद का क्षेत्र धान का कटोरा है ।परंतु यहां के किसान बदहाल है शाहाबाद एवं बिहार के किस पटना को गिरने के लिए तैयार रहें घर से निकलने के लिए तैयार रहें।अखलाक अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रथम पंचवर्षीय योजना में कृषि की जीडीपी 50% थी अभी 14% पर आ गया है किसान अब मजदूर बनते जा रहे हैं। मंच संचालन किसान नेता रामजी राय ने किया। मौके पर रघुनाथ रघुनाथ सिंह, उपेंद्र नारायण सिंह अशोक तिवारी परवेज सिद्दीकी,वीरेंद्र सिंह सभाचंद चौधरी ,मनोज सिंह गंगा कुशवाहा, चितरंजन पासवान दिनेश सिंह सोनी खान उपस्थित थे।

### जितिया पर्व पर भलुनीधाम सहित सभी जलाशयों पर उमड़ा भीड



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो चीफ सुनील कुमार, सासाराम (रोहतास)।** जिले में जितिया पर्व दो दिन शांति पूर्ण हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। जिसमें सभी माताओं ने अपने पुत्र के सुखी जीवन एवं उन्नत भविष्य को लेकर चौबीस घंटे का निर्जला व्रत रखा गया। जिसमें जिउत बंधन बाबा से अपने पुत्र रक्षा का मनौती मांगी गई। जबकि पर्व के सुबह होते ही अधिकांश माताओं ने नदी सरोवर में स्नान कर ब्रत को पूर्ण किया। जिसमें भलुनीधाम के पोखरा में काफी भीड़ उमड़ पड़ी। जबकि किशुनपुरा गांव से साठ की संख्या में माताओं ने गंगा स्नान करने के लिए बक्सर रवाना हुई। माताओं के संकल्प से जिवत्पुत्रिका ब्रत को पूर्ण करने के लिए सायं में कथा सूना गया।

# शांति समिति की बैठक, दुर्गापूजा में पूर्ण रूप से डीजे पर रहेगा प्रतिबंध



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास।** शनिवार को काराकाट थाना परिसर में दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्ष्यमान डीएसपी सह थानाध्यक्ष शाहनवाज अख्तर, बीडीओ राहुल कुमार सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि एवं दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिवों ने भाग लिया। इस दौरान परीक्ष्यमान डीएसपी सह थानाध्यक्ष शहनवाज अख्तर ने बैठक में शांति पूर्वक दुर्गा पूजा आयोजित करने का अपील किया । उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के दौरान पंडाल में किसी प्रकार का डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। पूजा समिति को भी इस बात का ख्याल रखना होगा कि पूजा पंडाल में किसी भी प्रकार का भगदड़ न हो एवं सरकार द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन के अनुसार ही दुर्गा पूजा समारोह आयोजित किया जाए । सबसे ज्यादा शांति समिति के बैठक में डीजे पर जोड़ दिया गया कि किसी भी हालत में डीजे नहीं बजाना है। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। और जो गाइडलाइन का उल्लंघन करेंगे उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर JDU जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, गोडारी नगर पंचायत अध्यक्ष अभिभावक मुन्ना भारती, जनता दल युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव, जिला पार्षद लाली सिंह , प्रशांत कुमार, मानिक परासी ग्राम पंचायत के मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता जनार्दन यादव, सहित दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहें। वही उपस्थित सभी लोगों को कहा गया कि जहां-जहां भी दुर्गा पूजा मनाया जाता है वह लोग आकर के थाना पर अपना अनुमति ले ले तथा जो भी पूजा समिति के सदस्य होंगे उनका आई कार्ड लगाना जरूरी है । ताकि आई कार्ड के द्वारा कोई भी समस्या हो तो उसे प्रशासन को हल करने में सहूलियत हो ।

## खास ख़बर

### नदी में स्नान करने के दौरान एक युवक की डूबने हुई मौत



**दुर्गावती सदर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत बहेरा गांव के रेल पुल के समीप दुर्गावती नदी में स्नान करने गया एक युवक डूब गया। क्षेत्र के बहेरा गांव के पास दुर्गावती नदी पर बने रेलवे पुल के बगल में मैरे गांव निवासी घनश्याम केवट के पुत्र मंटू केवट अपने घर से 8 लड़कों के साथ दुर्गावती नदी में स्नान करने के लिए गया था उसी क्रम में पैर फिसलने के कारण पानी की तेज बहाव में डूब गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं अंचलाधिकारी लक्ष्मण सिंह मौके पर पहुंच कर जायजा लिया इस घटना की सूचना एस डीआर एफ टीम के द्वारा खोजबीन जारी रहा। उधर घटना की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली परिजनों में कोहराम छा गया। समाचार लिखे जाने तक जो लास बरामद नहीं हो पाया था।

### कैंप लगाकर सत् प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश





**शुभ भास्कर, भभुआ कैमुर ब्यूरो कैमुर।** जिला पदाधिकारी कैमूर सावन कुमार की अध्यक्षता में उर्वरक निगरानी समिति एवं कृषि टास्क फोर्स से संबंधित बैठक की गई और निम्नवत दिशा निर्देश दिया गया। सरकार द्वारा चलायी जा रही हर घर KCC अभियान के तहत ज़िले के प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना अंतर्गत चिन्हित सभी लाभुकों को अच्छादित करने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री कृषि सम्मान योजना अंतर्गत चिन्हित सभी लाभुकों की सूची LDM कैमूर को उपलब्ध कराने एवं LDM कैमूर को सभी बैंकों में KCC हेतु विशेष कैंप लगाकर सत् प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। सिंचाई विभाग के एक कार्यपालक अभियंताओं को निर्देश दिया गया कि जिन क्षेत्रों में धान की फ़सल हेतु पानी की माँग न हो उन क्षेत्रों में में पानी आपूर्ति न करें। लघु सिंचाई अंतर्गत सभी पंचायतों में अधिष्ठापित नलकूपों को चालू करने में आ रही तकनीकी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, LDM, जिला पशुपालन पदाधिकारी, सहायक निदेशक उद्यान, सहायक निदेशक भूमि संरक्षण सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने को लेकर बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर प्रखण्ड अंडतर्गत बीडीओ कार्यालय में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता मे आयुष्मान भारत योजना की एक बैठक अयोजित की गई। इस दौरान जिला आईटी प्रबंधक अभिजीत पांडेय द्वारा सभी कार्यपालक सहायक को आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाने हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी। इस क्रम में बीडीओ अंकिता शेखर ने उपस्थित कर्मियों को प्रखण्ड अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के सभी पात्र लाभार्थियों का हेल्थ कार्ड बनाने हेतु गांव एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर मिशन मोड़ में कार्य करते हुए शत-प्रतिशत लक्षित समूह का कार्ड बनाने का निदेश दिया गया । उक्त कार्य मे आशा कार्यकताओं, विकास मित्र, टोला सेवक,आशा फैसलिटेटर के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने को कहा गया। उक्त बैठक मे प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक शिवानन्द पांडेय, आयुष्मान भारत आरोग्य मित्र , कार्यपालक सहायक आदि उपस्थिति रहे ।*

### शराब के नशे में दो गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** दुर्गावती पुलिस ने शराब के नशे में दो व्यक्तियों को पड़कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक दुर्गावती पुलिस ने ककरैथ पथ पर दहला मोड़ पर बैठे दो लोगों को नशे की हालत में अनाप-शनाप बकते तथा हरकत करते स्थिति में गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार कर लिया और जेल भेज दिया।किसी ने सूचना दि की डहला मोड पर दो व्यक्ति पारसनाथ तथा कल्लू मल्लाह नशे की हालत में आपस में बक झक कर रहे हैं जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों व्यक्तियों के नशे की हालत में गिरफ्तार कर दिया। गिरफ्तार दोनों ब्यकतियो का मेडिकल टेस्ट कराए जाने के बाद जेल भेज दिया गया।

### रेलवे ट्रैक पर मिला 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव

**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** पंडित दीनदयाल गया रेलखंड पर कुरई गांव के समीप 45 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत ट्रेन से कट कर हो गयी।घटना की जानकारी मिलते ही मोहनिया थाना के एसआई उदय कुमार ने घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लिया।इसके बाद शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया उन्होंने बताया कि शव के पहचान के लिए शीतगृह भभुआ में 72 घंटे रखा जाएगा,ताकि उक्त शव की शिनाख्त हो सके।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पंडित दीनदयाल गया रेलखंड पर डाउन मेन लाइन पर पोल नंबर 622 /64 के पास एक शव पड़ा हुआ है और उसका दांया हाथ कटा हुआ है।आस पास के लोगो द्वारा मोहनिया पुलिस को सूचित किया गया मौके पर पहुंचे मोहनिया थाना एसआई उदय कुमार ने बताया की मृतक लाल रंग का गमछा पहना हुए था और ऊपर का भाग खाली बदन था। उसकी मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी।

# सड़क हादसे में घायल एक की मौत दो का इलाज जारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)।** थाना क्षेत्र के पुसौली गोला बाजार के पास शुक्रवार देर शाम सड़क पार करने के क्रम में तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की चपेट में घायल एक व्यक्ति की मौत, दो महिलाओं का इलाज जारी। आसपास उपस्थित लोगों से मिली जानकारी के अनुसार घायल तीनों जिउतिया व्रत के अवसर पर नदी से स्नान कर सायं 6.00 बजे के लगभग अपने घर वापस जा रहे थे, जिस समय राष्ट्रीय राजमार्ग दो को पार करने के क्रम में तेज रफ़्तार चार पहिया वाहन की चपेट में आ गए, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए। वाहन का चालक मौके से वाहन छोड़कर फरार हो गया। आसपास उपस्थित लोगों द्वारा मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज कराने के उपरांत तत्काल ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुदरा पहुंचाया गया। साथ ही घटना की जानकारी थाना प्रशासन को दिया गया, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थाना प्रशासन द्वारा वाहन को कब्जे में लिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों द्वारा इलाज करने के उपरांत, घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। कुदरा से वाराणसी जाने के क्रम में घायल व्यक्ति की मौत हो गया। वही हादसे में घायल दो महिलाओं का इलाज जारी है। मृतक घटांव ग्रामवासी दीपू सेठ उम्र 24 वर्ष पिता जवाहिर सेठ व घायल एक महिला घटांव ग्राम वासी गुड्डु रावत की पत्नी एवं एक घायल महिला जो कि सोनहन थाना क्षेत्र के खरहरिया ग्राम के निवासी बताई जा रही जो की वर्तमान में पुसौली गोला बाजार में ही रहती थी। थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर कब्जे में लेते हुए अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। जहां से अन्त्य परीक्षण के उपरांत शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## मोहनिया थाने में चौकीदार परेड का किया गया आयोजन



**शुभ भास्कर मोहनिया कैमुर।** मोहनिया थाना में शनिवार को क्राइम कंट्रोल को लेकर थानाध्यक्ष ललन कुमार के नेतृत्व में चौकीदार परेड का आयोजन किया गया।जिसमें थाना क्षेत्र के सभी चौकीदार शामिल हुए। चौकीदारों व दफादारों को थानाध्यक्ष ने कई आवश्यक दिशा निर्दश देते हुए कहा कि क्राइम कंट्रोल में चौकीदारों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।चौकीदार सजग रहे तो कोई भी आपराधिक घटना नहीं हो सकती।उन्होंने चौकीदारों से कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने में सक्षम है।ईमानदारी से अगर आप ड्यूटी करेंगे तो ग्रामीण इलाकों में आपराधिक घटनाओं पर विराम लग जाएगा।वहीं थानाध्यक्ष ने चौकीदारों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में असमाजिक तत्वों, अपराधियों व शराब बेचने वालों पर कड़ी नजर रखें एवं उनकी सूचना तुरंत पुलिसको दें। उन्होंने कहा कि सभी चौकीदार रात में अपने- अपने क्षेत्र में सख्ती से गश्ती करेंगे।बैंक के आसपास भी नजर रखेंगे। कोताही बरतने वालों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।वही आगामी दुर्गा पूजा को ले कर विशेष निगरानी करने का निर्देश दिए इस मौके पर अपर थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार,चौकीदार नरेंद्र पासी,पिंटू पांडे थे।

## जिला में होने वाले आगामी फुटबाल टूर्नामेंट मैच में यूपी और बिहार के खिलाड़ियों का किया गया चयन





**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता।** कैमूर के पटेल कॉलेज मैदान में आगामी फुटबॉल मैच U 19 बालक एवं वालीवाल U 17 बालक का चयन,ट्रायल प्रतियोगिता जिला खेल पदाधिकारी श्री ओम प्रकाश कुमार के उपस्थिति में संपन्न हुआ जिसमे जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 65 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमे अंतिम रूप से निर्देशानुसार फुटबाल U 19 बालक में 12 खिलाड़ी एवं वालिवाल U 17 बालक में कुल 7 खिलाड़ियों का चयन आगामी 10,11 नवंबर को फुटबॉल पश्चिम चंपारण,बेतिया एवं 10,11 नवंबर को वालीवाल आरा में होने वाले राज्य स्तरीय चयन, ट्रायल में भाग लेने हेतु चयनित किया गया। फुटबॉल U 19 बालक में दीवान रेयान खान,राहुल यादव,दिवान फैजान खान,सजाद खान, अर्सलान अंसारी,अनुज कुमार,तौसीफ अंसारी,कैफ खां,राहुल कुमार गुप्ता,अमन कुमार, वामिक खां, जैद अली वही वालीवाल U 17 बालक में अनुरागआनंद,विश्वजीत कुमार,सन्नी सिंह,दीनदयाल,उत्कर्ष सिंह,उत्शव सिंह,अजीत कुमार, का चयन कर लिया गया है चयन,ट्रायल में टेक्निकल पदाधिकारी डॉ तुलसी प्रसाद सिंह, दिलीप कुमार पटेल,शौकत अली गद्दी, कौशल कुमार सिंह,रंजीत कुमार, जिरान अली,रविंद्र पासवान,पप्पू कुमार,संजय कुमार ,कुलदीप सिंह मौजूद थे।

## भगवानपुर राम जानकी मंदिर पर ब्राह्मण समाज की बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** आज दिनांक 7:10 23 दिन शनिवार को भगवानपुर दरोगा जी के मंदिर पर राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष बबन चौबे जी की अध्यक्षता में हुई डॉ राजकुमार पांडे जी के संचालन में संपन्न हुई । बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रखंड के हर गांव में घूम कर एक एक घर को जोड़ने का कार्यक्रम माध्यम से समाज में फैले कुरीतियों रूढ़िवादिता को दूर करने के बारे में विमर्श किया गया। कमजोर ब्राह्मण सदस्य के बच्चों का शादी बिना दहेज के करने का निर्णय लिया गया। कमजोर ब्राह्मण भाई को आर्थिक सामाजिक किसी भी प्रकार की समस्या का हल संभव समाधान करने की दिशा में हर संभव प्रयास करेगा प्रखंड वार गठन करके जिला स्तर पर कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण भाई कोमल पांडेय भभुआ, बैजनाथ पांडेय मोकरी, बलिराम पांडेय कोषाध्यक्ष भभुआ, अशोक कुमार पांडेय भगवानपुर ,कसेरी पांडेय, प्रमोद तिवारी, रामेश्वर तिवारी, बिनोद पांडेय, सहीत सैकडो ब्राह्मण भाई हुए। सभी ने अपने संगठन के प्रति आस्था जताई व संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया ।

### नहर में गिरकर डूबने से हुई व्यक्ति की मौत



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा(कैमूर)।** थाना क्षेत्र के पुरैनी ग्राम वासी 50 वर्षीय व्यक्ति की नहर में गिरकर डूबने से हुई मौत। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पुरैनी ग्राम वासी 50 वर्षीय बिंदेश्वरी सिंह सुबह खेत से टहलकर अपने गांव के समीप गारा नहर पुलिया पर बैठे हुए थे, की अकस्मात नहर में गिर गये। नहर में पानी की तेज बहाव होने की वजह से संभल नहीं पाये, आसपास उपस्थित लोगों द्वारा जानकारी मिलते ही, कुछ दूर जाकर पानी से निकाला गया, पर व्यक्ति को बचाया न जा सका। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों के साथ ही पुरे गांव में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थल पर पहुंच थाना प्रशासन द्वारा शव का पंचनामा कर, अंत्य परीक्षण हेतु सदर अस्पताल भभुआं भेजा गया। जहां से अन्त्य परीक्षण के उपरांत शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।

### पुत्र की लंबी आयु के लिए जिउतिया व्रत कर ली आशीर्वाद



**दैनिक शुभ भास्कर अनुमंडल संबादाता भभुआ।** भगवानपुर पूरे प्रखंड में आज माता ने अपने बेटे के दीर्घायु के लिए 24 घंटे का उपवास व्रत बिना और डाल ग्रहण किया घोर तपस्या के साथ व्रत की। शाम के समय दरिया में स्नान कर जीवित्पुत्रिका व्रत कथा का श्रवण कर जीत बंधन माता से अपने बेटे के लिए दीर्घायु का आशीर्वाद मांगी। माता से बात करने पर यह जानकारी हुआ कि एक दिन पहले सत्पुटिया खाकर सुबह से7तारीख से व्रत रखकर सुबह 8तारीख मे 10बजकर 20मिनट पर पारन किया जाएगा। पुरानी मान्यता के अनुसार इस व्रत को जितना ही खर किया जाएगा उतना ही महत्वपूर्ण माना जाता है। इस व्रत को कर रही माताएं फूलमती देवी और फेकन देवी शांति देवी कस्तूरबा देवी अपने अपने बच्चों के लंबे आयु के लिए बहुत ही कठिन व्रत कर जूतियां कर माता जीत बंधन से आशीर्वाद मांगी।

### डीआईओ द्वारा हरी झंडी दिखा निकाला गया जागरुकता रैली



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर)।** भभुआं सदर अस्पताल से मिशन इंद्रधनुष के तहत डीआईओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रैली निकल गया जिस पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जीरो से 5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण करना है जो नए बच्चे हैं उनको भी टीकाकरण करना है और पहले से जो टीकाकरण चालू है उसमें छुटे हुए बच्चों को भी टीकाकरण करना है जिसको लेकर रैली के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है जिले में 90% से ऊपर करना है जो यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिले के प्रत्येक प्रखंड में जागरूकता रैली निकाली जा रही है।

### फरार चल रहा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सदर कैमूर, (कैमूर) भभुआं/ अधौरा।** पूर्व के मारपीट मामले में फरार चल रहा एक एससी एसटी एक्ट के आरोपी को पुलिस ने सीकरी गांव से गिरफ्तार कर लिया है जानकारी के अनुसार आरोपी और अधौरा थाना क्षेत्र के सीकरी गांव निवासी विश्वनाथ शाह का पुत्र चंदन साह है जिस पर जानकारी देते हुए एससी एसटी थाना के एस आई राजेंद्र दास ने बताया कि पूर्व में मारपीट का आरोपी था जो फरार चल रहा था जिसे छापेमारी कर उसे गिरफ्तार किया गया है और सदर अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया जाएगा।

### बेलॉव थाना प्रशासन द्वारा चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)।** रामपुर प्रखंड के बेलॉव थाना क्षेत्र के बेलॉव बजार में चलाया गया वाहन चेकिन अभियान बेलॉव थाना अध्यक्ष विनय कुमार के कुशल नेतृत्व में त्योहारों के लेकर बेलॉव पुल के पास सघन वाहन चेकिन अभियान चलाया गया जिसमें एस आई अमित तेज कुमार एस आई छोटन कुमार के द्वारा गाड़ी के कागज हेलमेट लाइसेंस का गहन रूप से जांच किया गया जांच के दौरान जिनके वहां में कमियां कुल 16 वाहन चालकों से 13000 हजार रुपए वसूल गया।

**अभियान** गांव के साफ सफाई के लिए पंचायत पहल करना प्रारंभ कर दिया जो सराहनीय है

# लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत ने उठाए कदम



**दुर्गावती सदर, शुभ भास्कर।** लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत पंचायत के द्वारा गांव के साफ सफाई के लिए पंचायत पहल करना प्रारंभ कर दिया जो सराहनीय है। लेकिन गांवो के मुख्य मार्ग पर गांव के लोगों के शौच करने का सिलसिला आज भी जारी है। अपने ही गांव के मुख्य मार्ग पर शौच करना अपने लिए रोगों को आमंत्रित करना माना जा सकता है। लेकिन ग्रामीण जनता उसे मानने के लिए तैयार नहीं है भले ही स्वास्थ्य को सही रखने के लिए लाखों रुपए खर्च करना पड़े। भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे शौच मुक्त योजना के तहत ग्राम वासियों के द्वारा पैसे के निकासी कर ली गई उसके बावजूद भी गांव के मुख्य मार्गो पर अक्सर शौच करना पिछड़ी पन और गंदे मानसिकता को दर्शाता है। मुख मार्गों पर शौच करने के लिए निकलने वाली महिलाओं को प्रारंभिक काल में पहरे के लिए महिला की नियुक्ति की गई थी ताकि महिलाएं अपने शौचालय का प्रयोग करें और मुख्य मार्ग पर शौच न करें। लेकिन जब मानसिकता ही गंदगी होगी तो गंदगी होना स्वाभाविक है। इसलिए वर्तमान समय में पंचायत के प्रतिनिधियो पुनःएक बार जागरूकता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करने की जरूरत है ताकि गांव के अंदर की सफाई के साथ-साथ बाहर भी साफ और स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ परिवेश दिखाई दे।

### किसान महापंचायत को लेकर जनसंपर्क

**कैमुर चांद, शुभ भास्कर।** 8 अक्टूबर 2023 को भभुआ लिच्छवी भवन में राकेश टिकैत के आयोजित किसान महापंचायत को सफल बनाने एवं किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए किसान संघर्ष मोर्चा के द्वारा रामगढ़ सिसौढा ओरियाडीह गारा सुर्यपुरा गांव में किसानों से जन सम्पर्क कर क्रांतिकारी किसान नेता राकेश टिकैत के किसान महापंचायत में टैक्टर ट्राली एवं मोटरसाइकिल से हजारों की संख्या में आने के लिए आह्वान किया। किसानों के साथ बैठक में किसान संघर्ष मोर्चा के पशुपति नाथ सिंह अभिमन्यु सिंह गज्जन सिंह रामाकांत सिंह ने कहा सरकार के द्वारा भूमि अधिग्रहण में किसानों को मुआवजा देने में अधिकारियों के द्वारा अन्याय किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा भूमि अधिग्रहण में मुआवजा सरकार बाजार मूल्य से 10% भी नहीं मिल रहा है। किसान आन्दोलन को मजबूत करने के लिए 8 अक्टूबर 2023 को भभुआ लिच्छवी भवन में आयोजित किसान महापंचायत में किसानों की भारी उपस्थित आवश्यक है। पिछले एक साल से किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले किसान लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री का मना जन्मदिन, 13 को पटना में जुटेंगे सभी अध्यक्ष



**कैमूर मोहनिया, शुभ भास्कर संवादाता।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री सह हिंदुस् एससीतानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय संरक्षण जीतन राम माझी का जन्मदिन केक काटकर शनिवार को कार्यकर्ताओ ने मनाया। यह कार्यक्रम पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सुधांशु के आवास अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय मोहनियां के मुख्य गेट के बगल में मनाया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित पार्टी के जिला उपाध्यक्ष तारा सुधांशु ने कहा कि आज हमारे पार्टी के राष्ट्रीय संरक्षण सह पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम माझी जी का जन्मदिन है। वे अपने जीवन के 79 वर्ष पूरा किए। इसलिए जिले भर के कार्यकर्ता मिलकर आज उनका जन्मदिन मना रहे हैं। पूरे बिहार के हर जिले में कार्यकर्ता आज जन्मदिन मना रहे हैं। हमलोग अपने जनप्रिय नेता को स्वथ्य, दीर्घायु होने की कामना ईश्वर से करते है। वहीं जिला अध्यक्ष संजय कुमार सुधांशु ने कहा कि प्रदेश कार्यालय पत्र के माध्यम से जिला अध्यक्ष को सूचित किया है कि 13 अक्टूबर को समय 10 बजे पूर्वाहन में 12 एम स्टैंड रोड़, पटना में सभी प्रदेश पदाधिकारीयो, सभी जिला पदाधिकारियों, सभी जिला अध्यक्षों व सभी प्रखंड अध्यक्षों को एक बैठक आहूत की गई है। साथ ही जिला अध्यक्षों को यह जिम्मेवारी दी गई है कि वे अपने जिले से जिन प्रखंड अध्यक्ष का नाम व सूची दिए हैं उन्हें ही साथ में लेकर पटना बैठक में उपस्थित होना है। साथ ही सभी प्रखंड अध्यक्ष अपना अपना आधार कार्ड साथ में लेकर उपस्थित होंगे। सभी के आधार कार्ड को पार्टी कार्यालय में जमा होगा। इस बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा होगी उसमे मुख्य रूप से लोकसभा चुनाव पर विचार, जिला कमिटी, प्रखंड कमिटी व पंचायत कमिटी पर विचार तथा हर बूथ पर पांच कार्यकर्ता पर विचार इत्यादि है।

# डीएम और एसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील कासिमाबाद में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमे 126 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 381 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 38 शिकायत/प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 37 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 07 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 32 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 77 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके 04 का निस्तारण किया गया। तहसील मोहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 51 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 29 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 03 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 28 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त 07 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत/प्रार्थना पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी कासिमाबाद, तहसीलदार कासिमाबाद, क्षेत्राधिकारी कासिमाबाद एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खास ख़बर

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के पूर्णकालिक सचिव, श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 07.10.2023 को जिला कारागार, गाजीपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के पूर्णकालिक सचिव, श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 963 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 853 पुरूष, 48 महिला के साथ 09 बच्चा निरूद्ध है व 62 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-चना, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, चौकी) तथा सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना की दाल सब्जी (आलू, भिंडी)। सचिव महोदय द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव महोदय ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारागार अधीक्षक श्री राकेश वर्मा व कारापाल श्री रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

### जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि की 15 वीं किस्त की तैयारी

**दैनिक शुभ भास्कर, गाजीपुर**। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने कृषक भाईयों को सूचित किया है कि किसान सम्मान निधि की 15वीं किस्त की तैयारी हो गई है। 15 अक्टूबर के बाद 15वीं किस्त किसानों के खातों में कभी भी आ सकती है, लेकिन ई केवाईसी नहीं कराने वाले किसानों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। उनके खाते में किस्त नहीं पहुंचेगी। जनपद में 490829 किसानों को योजना का लाभ मिल रहा है. लेकिन अभी भी 46409 ने ईकेवाईसी व 28698 ने आधार सीडिंग नहीं कराई है। कृषि विभाग की ओर से 122कर्मचारियों की ड्यूटी घर-घर जाकर एप के माध्यम से प्रक्रिया पूरी करने के लिए लगाई गई है और किसानों से किस्त सम्बन्धित सभी प्रक्रिया पूरी करने की अपील की है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि को दिसम्बर 2018 में लागू किया गया था। उसके बाद से 14 किस्त किसानों के खातों में आ चुका है। अब 15वीं किस्त की तैयारी हो रही है। 15 अक्टूबर को 15वीं किस्त आयगी, लेकिन अभी भी किसान ईकेवाईसी व आधार सीडिंग नहीं करा रहे है, जिससे सभी किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जनपद में 490829 किसान योजना का लाभ ले रहे है। इनमें से 369775 किसानों ने अपनी जमीन का सत्यापन कराया है। ईकेवाईसी के 46409 व आधार सीडिंग के 28698 मामले लंबित है, जिन किसानों का ई केवाईसी और आधार सीडिंग नहीं होगा वह किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभ से वंचित रह जाएंगे। उप कृषि निदेशक, गाजीपुर द्वारा किसानों से अनुरोध किया गया है कि वह सम्पूर्ण प्रक्रिया पूरी करा ले, अन्यथा आगामी किस्त नहीं मिल पाएगी, परन्तु अभी भी किसान ईकेवाईसी तक नहीं करा रहे हैं एवं 28698 कृषकों का आधार सीडिंग नहीं हुआ है, ऐसे कृषक पोस्ट आफिस में अपना खाता खोल सकते है, जिससे उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त होने लगेगा।

### सुहेलदेव स्वाभिमान चौपाल में ओमप्रकाश राजभर पर बरसे महेंद्र राजभर,दिलाई सदस्यता



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता , जखनियां गाजीपुर** । भुडकुड़ा थाना क्षेत्र के अलीपुर मदरा गांव में आज दोपहर तीन बजे सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर के नेतृत्व में चौपाल लगाकर सुभासपा के मनिहारी ब्लॉक अध्यक्ष बिरजू राजभर,उपाध्यक्ष रमेश राजभर,रवि राजभर सहित दर्जनों लोगो को अपनी पार्टी की सदस्यता दिलाई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने लोगो को संबोधित करते हुए कहा कि सुभासपा के मुखिया राजभर समाज को अंधकार में धकेलने का कार्य किया।उन्होंने कहा को 2017विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया 17सीटे दी लेकिन एक भी सीट कर्मठ कार्यकर्ता को नही दिया। बल्कि सीट को पैराशूट से आए लोगो को बिक्री कर दी।बाप बेटा मिलकर राजभर समाज को काफी पीछे धकेल दिया ऐसे लोगो को समाज कभी माफ नहीं करेगी।उन्होंने कहा हमारी पार्टी कार्यकर्ता के सोच पर चलती है।पिछले घोसी विधानसभा उपचुनाव में सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी से अरविंद राजभर का पर्चा कैंसिल करा दिया जिसके बाद कार्यकर्ताओ ने तय किया की सपा के सुधाकर सिंह का समर्थन कर जिताएंगे।जो भारी बहुमत से विधायक बने ।गाजीपुर पर समाज के लोग तेजी से सुभासपा छोड़ सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी ज्वाइन कर रहे ।इस मौके पर जिलाध्यक्ष रामसरण राजभर,गुल्लू राजभर,रवि तिवारी,जगधारी राजभर, राम राज राजभर, दिनेश राजभर, गुलाब राजभर, अशोक मिश्रा,शिवशांत राजभर,सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम संचालन गुल्लू राजभर ने किया।

## ब्लॉक संसाधन केंद्र मरदह पर संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मरदह गाजीपुर**। आकांक्षात्मक विकासखंडो के इंडीकेटर में उन्नयन में किए जा रहे प्रयासों में एक सुनिश्चित दिशा देने के उद्देश से नीति आयोग द्वारा आज ब्लॉक संसाधन केंद्र मरदह पर संकल्प सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'शिक्षा एक संकल्प' थीम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय शिक्षा आभियान में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध लेखन तथा चित्रकला प्रतियोगिता का विषय डिजिटल साक्षरता एवम् वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय बालिका शिक्षा था। प्रत्येक कार्यक्रम में सभी न्याय पंचायत से एक एक बच्चें द्वारा प्रतिभाग किया गया। निबंध प्रतियोगिता में उ0प्रा0वि0 पांडेयपुर राधे से अर्चिता बर्नवाल प्रथम , कंपोजिट विद्यालय मरदह से डिम्पल कुमारी द्वितीय एवम् कंपोजिट विद्यालय इंदौर से शुभम कुमार तृतीय स्थान पर रहें। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर उ0प्रा0वि0 पांडेयपुर राधे से वैशाली खरवार, कंपोजिट विद्यालय सिंगेरा से श्वेता कुमारी द्वितीय एवम् कंपोजिट विद्यालय तेजपुरा से अर्चना चौहान तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता में मुन्नी कंपोजिट विद्यालय सिंगेरा से प्रथम, मुन्नी कंपोजिट विद्यालय पारा से द्वितीय एवम् कंपोजिट विद्यालय मरदह से रोशनी राजभर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को खण्ड शिक्षा अधिकारी मरदह श्री राजीव यादव जी द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा इन बच्चों को अपना आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम में अकांक्षात्मक ब्लॉक के फेलो श्री बृजेश जी भी शामिल थे। राजीव सिंह, अश्विनि गुप्ता, इकबाल अंसारी, रविंद्र मौर्य, अजय कुमार त्रिपाठी, जवाहर राजभर,उपेन्द्र कुमार, रजनी सिंह, राजेश भारती, अरूण सिंह, वसुन्धरा यादव आदि उपस्थित थे।

## दशहरा त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन ने कसी कमर लोगो के साथ बैठक



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनियां गाजीपुर**। भुडकुड़ा कोतवाली में आज शाम पांच बजे एसडीएम कमलेश सिंह,पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर ने पूजा पंडाल के अध्यक्षों के साथ आवश्यक बैठक में समस्या पर किए चर्चा।जिसमे एसडीएम कमलेश सिंह ने दशहरा पर होने वाले धार्मिक अनुष्ठान के बारे में जानकारी ली।उन्होंने कहा की सभी लोग वालंटियर बनाकर एक लिस्ट थाने पर उपलब्ध करा दे ताकि सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रहे।उन्होंने कहा की कही भी रामलीला और पूजा पंडाल पर आर्केस्ट्रा न हो अगर होगा तो बंद करा दीजीए।साथ ही उन्होंने कहा कि सभी लोग कार्यक्रम का अनुमति भी जल्द से जल्द ले ले।वही जखनिया पुरानी बाजार में रस्सी के सहारे बिजली पोल अटका हुआ है राम दरबार की झांकी निकलती है जो कभी भी दुर्घटना को दावत दे सकती है ।एसडीएम ने तत्काल बिजली विभाग से वार्ता कर दुरुस्त करने का निर्देश दिया।साथ ही रेलवे फाटक के पास लाउड स्पीकर न लगाने की चर्चा हुई।वही परसपुर गांव में जल कल योजना से पाइप बिछाने में खोदे गए गड्ढे से प्रतिमा भ्रमण में दिक्कत हो सकती है।इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक शेखर सेंगर,कोतवाल तारावती, प्रधान प्रतिनिधि अशोक गुप्ता, प्रशांत सिंह, राहुल चौरसिया, टिंकू सिंह,पप्पू यादव, विजय मद्धेशिया, राकेश सिंह, संतोष कुशवाहा जलालपुर धनी से पप्पू गिरी, विशाल सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फर्जी केस में पत्रकार को फसाने को लेकर घटना की निंदा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, जखनिया गाजीपुर**। एक दैनिक अखबार के पत्रकार सुरेश चंद पांडे पर भूड़कुंडा थाना क्षेत्र के सदरजहाजपुर कंपोजिट विद्यालय पर एक अक्टूबर के कार्यक्रम को कवरेज करने गए पत्रकार को विद्यालय के मनबढ़ किस्म के सहायक अध्यापक और अनुदेशक ने पत्रकार सुरेश चंद्र पांडे को सड़क से गर्दन गमछा से कसते हुए उठाकर स्कूल अंदर ले जाने और मारने की कोशिश की लेकिन तत्काल प्रधानाध्यापक और ग्रामीणों ने पत्रकार को अध्यापक से किसी तरह छुड़ाया जिसमे पूरी साक्ष्य पत्रकार के पास होने के बावजूद कोतवाल ने बिना किसी जांच पड़ताल के पत्रकार पर ही फर्जी मुकदमे दर्ज कर दिया। जबकि कोतवाल के सामने ही भुडकुड़ा के सिद्ध पीठ मठ में सही गलत का फैसला को लेकर कसम खाने की बात आई तो सहायक अध्यापक और अनुदेशक वाहन से भाग खड़े हुए फिर भी फिर भी कोतवाल ने किसी के दबाव में आकर पत्रकार के ऊपर कई मुकदमे दर्ज कर दी इसकी जितनी निंदा की जाय कम है और इस मामले को जल्द से जल्द फर्जी में मुकदमे वापस लिया जाए। तथा पूर्वांचल प्रभारी दुर्गविजय सिंह ने कहा कि पत्रकार पत्रकारों पर अत्याचार नहीं सहा जाएगा। जखनिया पत्रकार पर हमला करने वाले एक विशेष जाति के हैं और जिस प्रकार से भुड़कुड़ा कोतवाल तारावती यादव ने स्वजातीय परिचय देते हुए और बिना किसी जांच पड़ताल के ही पत्रकार पर मुकदमा दर्ज कर दिया यह निंदनीय है। सिंह ने कहा मातहत पत्रकार ब्राह्मण है और घटना को अंजाम देने वाले यादव हैं अभी देवरिया के रुद्रपुर का कांड सबके जेहन में है, जिस प्रकार से अज्ञात नंबर से पत्रकार को मुकदमा वापस लेने और जान से मारने के लिए धमकाया गया है, कहीं पुलिस की यह लापरवाही देवरिया कांड जैसी घटना की पुनरावृत्ति ने करवा दे। उन्होंने पुलिस कप्तान से मांग की की निष्पक्ष जांच करते हुए पत्रकार के साथ उचित न्याय किया जाए।इस मौके पर शशिकांत ओझा,अखिलानंद त्रिपाठी, नईम प्रधान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सतर्क** विधि व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद में दण्ड प्रक्रिया निषेधाज्ञा लागू करना आवश्यक

## सावधान! जिले में धारा 144 लागू, नहीं करना होगा यह काम




**दैनिक शुभ भास्कर, गाजीपुर**। अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0) अरूण कुमार सिंह ने बताया है कि इस वर्ष हिन्दू समुदाय का प्रमुख पर्व महानवमी (दुर्गापूजा) व विजयादशमी 23 व 24 अक्टूबर, दीपावली 12 नवंबर, गोबर्धन पूजा 13 नवंबर, भैयादूज 14 नवंबर, डाला छठ का पर्व 19 नवंबर तथा कार्तिक पूर्णिमा का पर्व 27 नवंबर 2023 को पड़ रहा है। विजयादशमी व डाला छठ के दिन जगह-जगह पर मेले का आयोजन भी होता है, जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। विजयादशमी, दीपावली व छाला छठ हिन्दू समुदाय का महत्वपूर्ण त्यौहार हैं। इन अवसरों पर जगह-जगह पर मेले का आयोजन भी होता है, जिसमें काफी भीड़-भाड़ होती है। दीपावली से पूर्व धनतेरस के दिन पुरूष एवं महिलाएं देर रात तक बर्तन एवं आभूषणों की खरीददारी करते हैं। इस अवसर पर असामाजिक तत्वों द्वारा अशान्ति एवं उन्माद फैलाने का प्रयास किया जा सकता है तथा व्यवधान डालकर शान्ति व्यवस्था भंग करने की आशंका है, जिससे जन – जीवन एवं जन सम्पत्ति को नुकसान हो सकता है। उक्त त्यौहारों के अवसर पर कभी-कभी शान्ति व कानून व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। वर्तमान समय में प्रदेश के अन्य जनपदों में कानून व्यवस्था व विभिन्न मुद्दों को लेकर धरना एवं प्रदर्शन हो रहे हैं। इस स्थिति को देखते हुए उक्त त्यौहारों को सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने तथा कानून एवं विधि व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू करना आवश्यक है। अतएव उक्त परिस्थितियों में लोक व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जनहित में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) अरूण कुमार सिंह ने गाजीपुर जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निम्नलिखित निषेधाज्ञा तात्कालिक प्रभाव से लागू किया है। तात्कालिक आवश्यकता के महत्व को देखते हुए उक्त आदेश पारित करने के पूर्व आम नागरिकों को व्यक्तिगत या सामूहिक सूचना देकर सुनवाई हेतु पर्याप्त समय नहीं है, इस स्थिति में प्रश्नगत आदेश एक पक्षीय रूप से पारित किया जा रहा है। आदेश के किसी अंश का उल्लंघन भा०द०वि० की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे और न ही गैर कानूनी सभा करेंगे तथा न ही ऐसे स्थान पर प्रदर्शन व अनशन आदि का आयोजन करेंगे। कोई भी व्यक्ति या लाइसेंस धारक अपना लाइसेंसी असलहा लेकर किसी भी परिस्थिति में विचरण नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर किसी प्रकार का आग्नेयास्त्र धारदार हथियार, विस्फोटक पदार्थ, तेजाब या लाठी एवं बल्लम आदि और आक्रमण होने वाले अस्त्र लेकर नहीं चलेगा और न कोई ऐसा अस्त्र, किसी सार्वजनिक स्थान पर एकत्र करेगा और न प्रदर्शित करेगा। ऐसे वृद्ध अथवा अपंग जो बिना छड़ी लाठी के नहीं चल सकते हैं तथा जो सरकारी कर्मचारी ड्यूटी आदि पर तैनात होंगे, वे इस प्रतिबन्ध से मुक्त होंगे। कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह जुलूस या गिरोह बनाकर किसी सार्वजनिक वाहन या मार्ग पर सामान्य आवागमन में कोई अवरोध नहीं करेगा, न ऐसी चेष्टा करेगा और न ही समूह या जुलूस बनाकर सार्वजनिक मार्गों पर चलने वाले वाहनों या अन्य सरकारी जन सम्पत्तियों की कोई तोड़-फोड़ करेगा या न उन्हें अन्य प्रकार से हानि पहुंचायेगा। दो पहिया वाहनों पर एक साथ अधिकतम दो व्यक्ति ही चल सकेंगे। कोई भी व्यक्ति गलत खबरें या अफवाहें, जिससे शान्ति भंग होने की आशंका हो सकती है, नहीं फैलायेगा और न किसी प्रकार ऐसी अफवाहों को किसी अन्य माध्यम से किसी दूसरे व्यक्ति के पास भेजेगा।

## तीन शातिर चोरो को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाजीपुर**। स्वाट/सर्विलांस टीम व थाना जंगीपुर पुलिस द्वारा चोरी के मोबाइल, तमंचा व मोटर साइकिल के साथ अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया। शनिवार को चेकिंग के दौरान चोरी करने वाले एक गिरोह को तीन लोगों पकडा गया। पकड़े गए अभियुक्तों में विनय सिह यादव पुत्र उमाशंकर सिह यादव निवासी गडेरिया का पुरा थाना मुहम्मदाबाद उम्र करीब 21 वर्ष, पीयूष यादव पुत्र विनोद यादव निवासी फुलवारी खुर्द थाना सैदपुर उम्र करीब 18 वर्ष और मनीष यादव पुत्र अशोक सिंह यादव निवासी इमली महुआ आदर्श बाजार थाना कोतवाली उम्र करीब 19 वर्ष शामिल हैं। उनके कब्जे से चोरी के 4 एन्ड्रायड मोबाइल, एक देशी तमंचा .315 बोर, एक जिन्दा कारतूस .315 बोर और चोरी के 1 मोटर साइकिल बरामद किया गया। यह गिरोह रात्रि के दौरान सुन सान सडको हाईवे इत्यादी स्थानो पर अकेले राहगिर को देखकर उनके सामान मुख्यतः मोबाईल या मोटरसाइकिल को चोरी कर लेते है। गिरफ्तार अभियुक्तों के ऊपर जंगीपुर और बिरनो थाना में कई मामलों में मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जंगीपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय उप निरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल राहुल भारतीय, का. राहुल गुप्ता, का. जितेश कुमार और का. संजीव कुमार थाना जंगीपुर शामिल थे।

### मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम देवकली ब्लॉक मे आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम देवकली ब्लॉक मे आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता देवकली ब्लॉक् के खण्ड विकास अधिकारी गिरीश वर्मा ने किया इसी क्रम मे उन्होंने ने बताया की जो मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम चल रहा है हर गांव मे हर घर से मिट्टी और छुटकी भर चावल इक्कठा किया गया जो आज ब्लॉक् पे इक्कठा किया गया है यहां से जिला मुख्यालय जायेगा और वहां से लखनऊ और दिल्ली जायेगा इसी क्रम मे आज देवकली ब्लॉक के ग्राम पंचायतों के 21 वीर शहीद और स्वतंत्रता सेनानी और उनके परिवार के सदस्यों माल्यार्पण कर और अंगवस्त्र दे कर सभी को सम्मानित किया गया, खण्ड विकास अधिकारी , इस अवसर पर सभी स्वतंत्रता सेनानी और वीर शहीदों को अपना धन्यबाद ज्ञापित किया

### पावर लिफ्टिंग में चार खिलाड़ियों ने जीता सिल्वर



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाने के जलालाबाद स्थित वन लाइफ फिटनेस जिम के चार खिलाड़ियों में गुंजन गुप्ता,अवनीश पंडित, अभय दुबे,अमन रावत ने मऊ जिले के सिटी जिम इमिलिया में अंतर्जनपदीय प्रतियोगिता में भाग लिया था।जिसमे चार खिलाड़ियों ने सिल्वर जीतकर नाम किया रोशन।इस मौके पर समाजसेवी मधुसूदन पांडे,राहुल साहू,सीपी एम जिला सचिव विजय बहादुर सिंह ने जीते हुए खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर हौसला बढ़ाया।

### शौर्य जागरण यात्रा का विहिप और बजरंग दल करेगा स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, गाज़ीपुर**। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल की तत्वाधान में शुरू की गई शौर्य जागरण यात्रा रविवार के दिन जनपद में प्रवेश करेगी। यात्रा 30 सितंबर के दिन सोनभद्र जिले के ज्वाला देवी मंदिर से शुरू की गई। शौर्य जागरण यात्रा का मुख्य उद्देश्य अमर बलिदानियों को याद करना है। विहिप के जिलाध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने बताया कि शौर्य जागरण का मुख्य उद्देश्य अमर बलिदानियों के विषय में बताना। युवाओं को जागरूक करना व हिंदू धर्म की महत्ता को बताना है। विहिप व बजरंग दल द्वारा यात्रा का स्वागत शाम छः बजे हंसराज पुर में किया जाएगा। उसके पश्चात जंगीपुर, रौजा, मिश्र बाजार, लालदरवाजा, झन्नु लाल चौराहा, महुआबाग होते हुए माधव सरस्वती विद्यालय तक जाएगी। यात्रा का समापन दस अक्टूबर को सम्पूर्णानन्द संस्कृत विद्यालय में सभा के पश्चात संपन्न होगी। उक्त बातें विहिप जिलाध्यक्ष द्वारा प्रेस कांफ्रेंस करके दी गई। इस मौके विपिन श्रीवास्तव, विनीत सिंह, दिनेश चंद्र पांडेय, पंकज तिवारी, रवि गुप्ता, रविराज हिंदू आदि लोग मौजूद रहे।

### शार्ट सर्किट से आग लगने से आकाश कम्युनिकेशन दुकान में लगी भीषण आग ,पांच लाख का नुकसान



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दुल्लहपुर गाजीपुर**। दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के दुल्लहपुर बाजार स्थित आकाश कम्युनिकेशन इलेक्ट्रॉनिक के दुकान में आज सुबह 4:00 बजे शार्ट सर्किट से भीषण आग लग जाने से धुआं के लपटे तेजी से ऊपर उठ रही थी।लोगों ने इसकी जानकारी तत्काल दुकानदार अजय उर्फ मजनू गुप्ता को फोन से जानकारी दी। तत्काल उन्होंने सटर जैसे ही खोला आग की चिंगारी बाहर फेंकने लगी। दुकान के अंदर रखा महंगी मोबाइल, सीसी कैमरा, एलईडी, इनवर्टर, बैटरी सहित कई कीमती सामान जलकर राख हो गई। दुकानदार ने बताया कि लगभग पांच लाख का सामान जलकर राख हुई है ।तत्काल लोगों ने विद्युत केंद्र से फोन करके बिजली सप्लाई को बंद कराई उसके बाद पानी फेंक कर आग पर काबू पाया। मौके पर फायर ब्रिगेड के वाहन व पुलिस भी मौके पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई।

### पत्रकार के पर दर्ज एफआईआर को लेकर बोलें महा ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरिनारायण यादव



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो पुनित कुमार त्रिपाठी, गाजीपुर**। पत्रकार सुरेश चंद्र पांडेय के ऊपर दर्ज एफआईआर का मामला तूल पकड़ लिया है। हालांकि पूरे मामले की जांच एसपी ओमवीर सिंह ने एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार को सौंपा है। लेकिन अब देखना यह होगा कि पत्रकार को न्याय मिल पाता है कि नहीं। दरअसल बीते दिनों भुड़कुडा कोतवाली क्षेत्र में मस्तीपुर गांव निवासी दैनिक शुभ भास्कर दैनिक अखबार व नेशनल खबर 9 के पत्रकार सुरेश चंद्र पांडेय के ऊपर एफआईआर दर्ज हुआ है। सुरेश का आरोप है कि मुझे साजिश के तहत फर्जी मुकदमा कराकर फंसा दिया गया है। उन्होंने कहा कि मेरा गुनाह सिर्फ इतना था कि मैं खबर कवरेज किया और बदले में मिला मार,गाली और दर्ज करा दिया गया फर्जी एफआईआर। वहीं पत्रकार के ऊपर दर्ज एफआईआर को लेकर महा ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश अध्यक्ष हरिनारायण यादव ने कहा कि पत्रकार सुरेश चंद्र पांडेय के साथ बहुत ग़लत हुआ है इसकी हम कड़ी निन्दा करते हुए डीएम आर्यका अखौरी से मांग करते हैं कि तत्काल मुकदमा वापस नहीं हुआ तो हम सभी धरना के लिए बाध्य होंगे। वहीं एक सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भुड़कुडा कोतवाल को मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेकर मुकदमा खारिज करना चाहिए।

# करोड़ों का बजट होने के बाद भी ठप पड़ा है विकास कार्य



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । नगर पंचायत खिरौनी सुचितागंज सभासदों द्वारा तहसीलदार विनोद कुमार चौधरी को सौपा ज्ञापन सभासद/ किसान नेता वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने कहा कि नवसृजित नगर पंचायत खिरौनी सुचिता गंज के विभिन्न वार्डो में जल भराव बराबर बना रहता है बरसात होने पर तहसील परिसर मे पानी लबालब भर जाता है अस्पताल रोड पर जल भराव बराबर बना रहता है पूरे नगर पंचायत में टूटी-फूटी नालियां गंदगी से भट्टी पड़ी हुई है जैसे स्टेशन रोड पुलिस चौकी के पी०एस०.के० स्कूल के अगल- बगल खिरौनी भुलई का पुरवा सालेपुर नीमैचा कटरौली सोहावल सारा बिशनपुर उचितपुर कटरौली आदि जगहों पर नालियों पर ढक्कन तक नहीं लगाया गया है नगर पंचायत में आबादी के पास कूड़ो का अंबार लगा हुआ है जिसमें डेंगू जैसे रोग फैलने की आशंका बनी हुई है जिसके कारण नगर पंचायत वीडियो में काफी आक्रोश बयाप्त है उक्त कर्मियों के निस्तारण हेतु नगर पंचायत के सभी सभासदों द्वारा पूर्व में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन भी दिया जा चुका है बोर्ड की बैठक में उक्त कमियों के निस्तारण कराए जाने की चर्चा भी की जा चुकी है किंतु सचिन कुमार चौधरी नगर पंचायत अधिकारी के स्थिलता के कारण नगर पंचायत में कोई विकास कार्य निर्माण कार्य मरम्मतकार्य नहीं हो पा रहा है जबकि नगर पंचायत में करोड़ों का बजट पड़ा हुआ है यदि प्रशासन द्वारा समय से समुचित कार्रवाई नहीं की गई तो नगर पंचायत में कोई भी विकास कार्य होना संभव नहीं प्रतीत होता है जो नगर पंचायत की जनता का आक्रोश बढ़ता जा रहा है नगर पंचायत के किसी भी वार्ड में विकास कर नहीं कराया जा रहा है जिससे क्षेत्र की जनता अपने को ठगा महसूस कर रही है तहसीलदार ने एक हफ्ते का समय लेकर नगर पंचायत मे विकास कार्य करने का आश्वासन दिया । ज्ञापन देते समय सभासद शुभम यादव, सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार चौधरी, राम अभिलाष यादव राजेंद्र किसान मोहम्मद हलीम राम गनेश आदि लोग मौजूद रहे।

## खास खबर

### सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा व पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा आज दिनांक 07.10.2023 को तहसील मनकापुर पर आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/ कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों समयबद्धता/गुणवत्ता के साथ निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

### दहेज हत्या का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्षों को आदेश दिए थे। उक्त आदेश के अनुक्रम में थाना परसपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर मु0अ0सं0-425/2023, धारा 498ए, 304बी भादवि व 3/4 डी0पी0 ऐक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कपिलदेव गोस्वामी को गिरफ्तार कर लिया गया है उक्त अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिए प्रताडित करते हुए हत्या किया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये शिकायती पत्रों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय से करें निस्तारण अधिकारी-डीएम



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलो में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील मनकापुर में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। तहसील मनकापुर में कुल 133 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मनकापुर को निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### तहसील दिवस में कई बार शिकायत के बावजूद नही हुई कार्यवाही

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या** । रुदौली ब्लाक के ग्राम पंचायत तालगांव में वित्तिय अनियमिता को लेकर कई बार तहसील दिवस में शिकायत की गई परंतु कार्यवाही के बजाय गलत जांच रिपोर्ट लगाकर मामले का निस्तारण कर दिया गया।शिकायतकर्ता भूपेंद्र कुमार पाण्डे ने शनिवार को फिर से तहसील दिवस पहुँचकर सीडीओ अनीता यादव को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि ग्राम पंचायत तालगांव में सीएससी (CSC)निर्माण में घटिया सामग्री एवं वित्तीय अनिमियताओ को लेकर शिकायत किया था परंतु उक्त मामले में रुदौली खंड विकास अधिकारी द्वारा बिना जांच किये ही फर्जी आख्या लगाकर मामले का समाधान कर दिया गया है।शिकायतकर्ता ने ये भी बताया कि ग्राम प्रधान व सचिव की मिलीभगत से विकास कार्यों में घटिया सामग्री का निर्माण किया जा रहा है।अधिकारी शिकायत बावजूद भी संज्ञान नही ले रहे हैं।

## किशोरी की मौत प्रकरण में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या** । इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी के ग्राम रेवना पूरे विद्या पाण्डेय स्थित अपने घर में अकेले मौजूद किशोरी का शव पाए जाने के मामले में इनायत नगर पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की गहन छानबीन शुरू कर दी है। उधर घटना के बाद मौके पर मिले परिस्थित जन्य साक्ष्य किशोरी के साथ दुष्कर्म के प्रयास में सफल न होने के बाद हत्या कर आत्महत्या का रूप दिया जाना ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बता दें कि रेवना पूरे विद्या पाण्डेय निवासी राम जियावन की 16 वर्षीय पुत्री पिंकी यादव बीते शुक्रवार को अपने घर में अकेली थी।शाम करीब 4:30 बजे किशोरी का शव उसके घर में ही संदिग्ध अवस्था में पाए जाने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। किशोरी के गले में दुपट्टा कसकर बंधा हुआ था और गले में कटे व चोट के निशान थे। इसके अलावा किशोरी के नीचे के कपड़े खुले हुए थे। घटना की जानकारी ग्रामीणों ने इनायत नगर पुलिस को दी थी। जानकारी पाकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, एसपी ग्रामीण अतुल कुमार सोनकर एवं प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह सहित चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज रजनीश पांडे भी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर मातहतों को प्रकरण में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। किशोरी की मौत प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक इनायत नगर ने किशोरी के पिता राम जियावन यादव की तहरीर पर धारा 302 आईपीसी के तहत अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की छानबीन शुरू कर दी है।

## स्वच्छता पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोण्डा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो अक्टूबर से चलाये जा रह "स्वच्छता जागरूकता अभियान" के तहत शुक्रवार को नितिन श्रीवास्तव अपर जिला जज एफटीसी की अध्यक्षता में फखरूद्दीन अली अहमद राजकीय इंटर कालेज में स्वच्छता पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, माल्यार्पण तथा सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि अपर जिला जज नितिन श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी के लिए ज्ञानार्जन का यह महत्वपूर्ण समय है, विद्यालय वह पवित्र स्थान है जहां भविष्य की नींव रखी जाती जिसमें शिक्षक मार्गदर्शन प्रदान करते हैं ऐसे में विद्यार्थियों को मेहनत और समर्पण भाव से विद्या का अर्जन करना चाहिए और अपने अभिरुचि को पहचान कर अपने कैरियर का क्षेत्र चुनना चाहये साथ ही साथ अपने विद्यालय को अपना मान कर इसकी स्वच्छता और सफाई को बनाये रखें साथ ही अपना लक्ष्य ऐसा चुनें जिसमें स्वयं के साथ -साथ समाज का भी भला हो।इस विधिक साक्षरता शिविर में सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत शिक्षा, गुणवत्तापरक शिक्षा, निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009, निः शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली -2010, राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, भारतीय संविधान में शिक्षा संबंधी प्रावधान जैसे अनुच्छेद 21A, 41, 45, 51 A, आदि के बारे में बिन्दुवार विस्तारपूर्वक जानकारियां प्रदान की गयीं।

## योगी सरकार ने लिखी धर्मनगरी अयोध्या के विकास की गाथा



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । मोदी सरकार व योगी सरकार आने के बाद अयोध्या में सड़कों के चौड़ीकरण व विकास कार्य तेजी से हो रहा है जिससे अयोध्या विश्व स्तरीय सड़कों का जाल बिछाया जा रहा हैं।अयोध्या में राम मंदिर फैसले के बाद अयोध्या में विकास कार्य तेज हो गया जहां एक ओर राम मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है वही सड़कों के चौड़ीकरण को लेकर शासन-प्रशासन बेहद गंभीर हैं। अयोध्या नगर निगम देश की धार्मिक नगरों में से एक प्रसिद्ध धार्मिक नगरी है इसका ऐतिहासिक महत्व है या भगवान श्री राम का पवित्र जन्म स्थान सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशासन ने अयोध्या महा योजना 2031 का नक्शा खींचा है और उसे क्रियान्वित करने में जुड़ गया है अयोध्या नगरी भव्य दिव्य दिखे इसके लिए योगी सरकार ने भी खजाना खोल दिया है मोदी सरकार व योगी सरकार द्वारा अमृत योजना अंतर्गत महा योजना 2031 तैयार करने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है अयोध्या क्षेत्र की विकास की दिशा में आवासीय व्यवसायिक औद्योगिक सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक सुविधाएं हेरिटेज पर्यटन विकास आध्यात्मिक केंद्र कुंडों मंदिरों का निर्माण एवं पुनर्निर्माण शामिल है सरकार ने राम की पैड़ी का समुद्रीकरण दंत धवन कुंड गुप्तारघाट का सुंदरीकरण गिरजा कुंड तुलसी उद्यान कनक भवन आदि का विकास किया है। योगी सरकार ने नई एवं भव्य अयोध्या बसाने के लिए महा योजना 2031 महा प्लान के तहत माझा बरहटा रामपुर हलवारा सिरसा मीरानपुर आसापुर शाहनवाजपुर तथा एयरपोर्ट हेतु जनौरा गांव की जमीन को अधिग्रहण किया है तथा माझा बरहटा में अंतरराष्ट्रीय बस अड्डा बना दिया तथा उसी से सटी बंधें पर फोरलेन सड़क बनाकर रिंग रोड बनाने का काम शुरू कर दिया गया है एक तरफ उक्त अधिग्रहित जमीन को न्यू अयोध्या विकसित करने के लिए योजना बनाया और बंधें के बाई तरफ सरयू नदी के किनारे की जमीन ग्राम सीता रामपुर जनपद बस्ती में होने के नाते उद्योगपतियों ने होटल रेस्टोरेंट उद्योग लगाने हेतु तथा विद्यालय हेतु जमीन खरीद रखी है एक अधिकारी ने बताया कि बैकुंठ धाम से होकर सरयू नदी के किनारे किनारे एक बंधा बनाना प्रस्तावित है जिसका काम बहुत जल्द शुरू हो जाएगा सीतारामपुर की जमीन बांध फोर लेन रिंग रोड तथा प्रस्तावित बांध के बीच में आ जाने के कारण जमीन की कीमत बहुत बढ़ गई है ज्ञात हो कि योगी सरकार ने सरयू नदी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जटायु शिप का उद्घाटन कर दिया है जिससे तमाम पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं उसका आनंद उठा रहे हैं।

### वाह रें पुलिसः एक तरफा कार्यवाही कर पीड़ित को ही भेज दिया जेल



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा, गोण्डा**। किराए पर मकान या दुकान देना अब किसी जोखिम से कम नहीं। पहले तो दुकान किराए पर दी। अब उसी दुकान को किराएदार से खाली कराना दुकान मालिक के लिए भारी पड़ गया। रसूख के चलते किराएदार ने मालिक को ही जेल भेजवा दिया। जहां जिले की पुलिस पर एकतरफा कार्यवाही कर न्याय और निष्पक्षता पर सवालिया निशान खड़ा हो रहा। मामला कोतवाली नगर के जीजीआईसी कालेज के पास स्थित तीन दुकान का है। बताया जाता है कि आफाक अहमद की वर्षो से जीजीआईसी के पास तीन दुकान थी। जिसे उन्होंने करनदीप मेहरोत्रा को दुकान किराए पर दी थी। जिसके कुछ साल बाद उक्त दुकान को खाली करने के लिए कहा। जिस पर उक्त किराएदार ने दुकान खाली करने से मना कर दिया। दुकान मालिक आफाक अहमद का कहना है कि उक्त दुकान को खाली कराने के लिए वह कोर्ट गए। जिस पर कोर्ट ने किराएदार को दुकान खाली करने का आदेश दिया। जिस पर किराएदार ने मालिक से रुपया लेकर दुकान खाली कर दिया। लेकिन उसी के कुछ दिन बाद उक्त किराएदार ने दुकान मालिक से और रुपयो की डिमांड करने लगा। बताते है जब रुपया नहीं मिला तो उक्त किराएदार ने रसूख के बल पर कुछ साथियों के साथ मिल दुकान का ताला तोड़ने लगे। जिस पर दुकान मालिक ने जब विरोध किया तो किराएदार ने दबंगों के साथ मिल उन पर हमला बोल दिया। जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। घटना को लेकर पीड़ित ने कोतवाली में शिकायत की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। बल्कि पुलिस ने किराएदार की तहरीर पर एकतरफा कार्यवाही खरते हुए दुकान मालिक समेत चार लोगों पर लूट समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया।

### मण्डलायुक्त ने धर्मपथ का किया निरीक्षण



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । धर्मपथ पर लगी 76 भित्तियां श्रीराम के जीवनचरित्र पर आधारित 150 प्रसंगों का दर्शन करायेंगी। टेराकोटा, मोजैक, सेरोमिक, एफआरपी व जीआरपी जैसी धातुओं से भित्तयों पर इन प्रसंगो को उकेरा जायेगा। भित्तियों की एक निश्चित लम्बाई व उचाई होगी। जिसे केन्द्र बिन्दु से 30-30 मीटर के अंतराल पर स्थापित किया जायेगा। मण्डलायुक्त ने शनिवार को धर्मपथ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने निर्माणाधीन ड्रेन, यूटिलिटी डक्ट आदि कार्यो का अवलोकन किया। पूर्ण गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कार्य को करने के निर्देश दिया। उन्होने कहा कि निर्माणाधीन ड्रेन व डक्ट का संरेखण एक सीध रेखा हो। इसकी स्लेव की ढलाई उच्चतम कार्यकुशलता के आकर्षक ढंग से ढाली जाय। उन्होने बताया कि भित्तियों को अधिक से अधिक टीम लगाकर जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। जिससे निर्माण के बाद इसे सजाने का कार्य किया जा सके। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### अवैध कच्ची शराब की छापेमारी में 100 किलो महुआ व 04 अभियोग पंजीकृत किया गया



**ब्यूरो आवेश अंसारी गोंण्डा** । गोंण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार शनिवार को आबकारी निरीक्षकों द्वारा जनपद के खैरी, नरौरा अर्जुन, तालागंज ग्रन्ट, भावजीतपुर, दानेपुर, हथिनी, गदेशपुर ग्रन्ट, खिरिया, खालेकोंचा काशिमपुर आदि ग्रामों में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 55 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 100 किलो लीटर महुआ लहन नष्ट किया गया। अवैध छापेमारी के दौरान आबकारी अधिनियम की धारा 60 के अन्तर्गत चार अभियोग पंजीकृत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार जनपद में अवैध कच्ची शराब की छापेमारी निरन्तर चल रहा है, जनपद में अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों को बक्सा नहीं जायेगा।

### खलिहान तथा कब्रस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा का लगाया आरोप

**संवाददाता मो0 अबूबकर, रूदौली अयोध्या** । विकास खण्ड मवई के ग्राम बसौढ़ी के एक व्यक्ति ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर खलिहान तथा कब्रस्तान की जमीन पर अवैध कब्जा करने तथा प्रधानमंत्री आवास नही बनने देने का आरोप लगाया है।शिकायतकर्ता तजम्मुल पुत्र छेदी ने बताया कि वह फूस की बनी झोपड़ी में रह रहा था दो वर्ष पूर्व आग लगने से फूस का छप्पर जल गया था।उसे सरकार की तरफ से प्रधानमंत्री आवास दिया गया।जब आवास बनने लगा तो गांव के ही कुछ लोग आवास को बनने नही दे रहे हैं जबकि वह लोग खलिहान तथा कब्रस्तान की जमीन गाटा संख्या 1575,1481,1493,1576 पर दो मंजिल का मकान बनाये हुए हैं।तजम्मुल ने अवैध कब्जेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा प्रधानमंत्री आवास की भूमि दिवाये जाने की मांग की है।

**आयोजित** निराकरण के उपरांत स्पष्ट आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये

## तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस, डीएम व एसएसपी ने सुनी फरियादियों की फरियाद



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी नितीश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने सम्बंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस पर पैमाइश, सार्वजनिक भूमियों पर अतिक्रमण आदि जैसे प्रकरणों में जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर उभयपक्षों की उपस्थिति में प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों से सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यकतानुसार पुलिस व अन्य सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा में प्रकरणों को निस्तारण करने के निर्देश दिये साथ ही प्रकरणों के निराकरण के उपरांत उभयपक्षों को स्थिति से अवगत कराने व स्पष्ट आख्या आईजीआरएस पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिये। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता विनोद कुमार निवासी रसूलपुर (चिनगियापुर) थाना गोशाईगंज, तहसील सदर के चकमार्ग संख्या 269 को काश्तकारों द्वारा जोतकर खेत में मिला लेने से आवागमन में समस्या होने सम्बंधी शिकायत पर जिलाधिकारी ने तहसीलदार सदर को प्रकरण का परीक्षण कर चकमार्ग को नक्शे/रक्बे के अनुसार कायम कराने के निर्देश दिये।जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 157 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से तत्काल निस्तारण योग्य 21 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित किया गया, शेष समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर राजकुमार पांडेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, पी0डी0 (डीआरडीए), डीसी मनरेगा, तहसीलदार सदर सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू राष्ट्र भारत को समर्पित गीत "हर घर भगवा घर घर भगवा" हुआ गैलक्सी विडीयो से रिलीज़



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । अयोध्या राम की नगरी अयोध्या में हिन्दू राष्ट्र भारत को समर्पित गीत "हर घर भगवा घर घर भगवा" मंहत श्री कृपालु राम भूषण दास महाराज, केंद्रीय दुर्गा पूजा रामलीला समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल केंद्रीय समिति के संजय श्रीवास्तव, रंजीत शर्मा, होटल साने अवध के मालिक शरद कपूर,के हाथों पूजा- अर्चना के बाद भव्य स्तर से गैलक्सी विडीयो यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया गया । इस गाने के जादुई शब्दों को लिखा है विनोद स्वप्निल मौर्य ने । इसे संगीत से सजाया है अभिजीत अरूण ने। इस गाने को गाया है प्रसिद्ध बॉलिवुड गायक लतेश पुजारी ने ! निर्देशन किया है प्रेम सिन्हा ने। यह गीत भारत रत्न लता मंगेशकर स्टूडियो (मुंबई) में पिछले महीने रिकॉर्ड किया गया था ! पी आर ओ अरविंद मौर्य हैं । तथा विशेष आभार भारतीय केसरिया वाहिनी , फिल्म निर्माता /अभिनेता जनार्दन पाण्डेय बब्लू पंडित व सुनिल शर्मा है । हर घर भगवा घर घर भगवा गाने के वीडियो में भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए "हर घर भगवा घर घर भगवा" की भावना को दिखाया गया है । यह वीडियो देखने से लगता है कि इस गाने में भारत देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने का आगाज किया जा रहा है। इस देश भक्ति गीत को बहुत ही सुरीली आवाज में गाया गया है। यह गीत सनातन धर्म के दर्शकों को काफी पसन्द आ रहा है। खासकर ऐसे वक्त में जब देश में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने के लिए तमाम महंत संत आगे आए हैं तो इस वक्त पर ऐसे महत्वपूर्ण गाने से समाज में भी एक बेहतर बदलाव की बयार चलेगी ऐसी उम्मीद है। इस गाने को अयोध्या के संतों ने काफी सराहा है और उम्मीद जताई है कि ये गाना सनातन को मजबूत करेगा और हर घर भगवा अभियान को आगे बढ़ाने में मददगार होगा। हिंदू राष्ट्र आज की जरूरत और महत्व है जिसे लेकर संत समाज अक्सर अपनी आवाज उठाते है, अब उसी आवाज को इस गाने के जरिए और मजबूती दी गई है। ये गाना सनातन धर्म, भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने और देश के हर इंसान के भीतर देशभक्ति जगाने के लिए काफी अहम गाना साबित होगा। गैलेक्सी वीडियो ने हर घर भगवा गाने के जरिए एक खूबसूरत अभियान की शुरुआत कर दी है ,अब आप सब लोगों को इसे आगे बढ़ाना होगा।

## ख़ास ख़बर

### पटवाबाद हुसैनी मस्जिद के निकट से 54 लोगों का जत्था अजमेर शरीफ के लिए हुआ रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर** । पटवाबाद पंचायत स्थित ग्राम पटवाबाद,हुसैनी मस्जिद के निकट से 54 लोगों का जत्था अजमेर ख़्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती की दरगाह की ज़्यारत के लिए बस से हुए रवाना। मधुपुर नगर परिषद की पूर्व वार्ड पार्षद शबाना परवीन एवं समाज सेवी श्याम ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जियारत में जाने वालों में औरत ओर बच्चे भी शामिल थे। यह लोगों के लिए बड़ी खुशी की बात है। पूरा माहौल नारे तकबीर और ख़्वाजा साहब के नारों से गूंज उठा। वहां अपनी मन्नते मांगने के लिए जाते हैं। मन्नत पूरी होने की खुशी में ख़्वाजा गरिब नवाज की चादर पोशी करते हैं।मौके पर मुख्य अतिथि पारा शिक्षक पप्पू सिंह,पटवाबाद के वार्ड सदस्य अख़्तर अंसारी,पूर्व मुखिया परवेज़ अंसारी,फैयाज़ अंसारी,निसार अंसारी, अलाउद्दीन अंसारी,अफरोज मिठाई वाला, मास्टर समसेर आलम,संजू अंसारी,राजा अंसारी, तबरेज आदि के साथ भारी संख्या में चाहने वाले उपस्थित थे।

### स्कूल में छात्रों के बिच किट का किया वितरण



**संगवाददाताः अब्दूल वहाब, उधवा/साहिबगंज** । प्रखंड के मध्य विद्यालय सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय उत्तर बेगमगंज में बुधवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक सुरोजीत मंडल के ने स्कूल किट का वितरण किया। जानकारी के अनुसार राजकीय मध्य विद्यालय सह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शनिवार को कक्षा एक तथा दूसरा के छात्रों को एक बैग एवं लेखन पुस्तिका दिया गया।वहीं तीन से आठवीं कक्षा के छात्रों को स्कूल कीट के रूप में करीब सात सौ से अधिक छात्र छात्राओं को स्कुली बैग एवं कॉपी का वितरण किया गया है। इस दौरान प्राधानाध्यक सुरोजीत मंडल एवं एसएमसी के अध्यक्ष गौरचंद्र मंडल ने कहा कि झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से विद्यार्थियों को स्कूल किट एवं कॉपी छात्रों के बीच वितरण हेतु उपलब्ध कराया गया है। ससमय छात्रों के बीच वितरण शुरू कर दिया गया है। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि शिवपति मंडल, वार्ड सदस्य जयदेव मंडल,पवन मंडल, शिक्षक,प्रभुराम सरकार,सुखधन कर्मकार, मंटू मंडल,संतोष सरकार, मंटू ठाकुर सहित अन्य मौजूद थे।

### कोढ़ा पुलिस ने दो अवैध हथियार व गोली के साथ तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा** । प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ शशि शंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कोढ़ा थाना क्षेत्र गेड़ाबाड़ी बस्ती चौक के पास एक स्कूटी पर सवार दो अपराध कर्मी अपने पास हथियार रखा हुआ है जो किसी बड़े अपराध करने के फिराक में थे सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। पुलिस को देखकर दोनों अपराध कर्मी भागने लगे। जिसे खदेड़ कर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ करने पर एक अन्य अपराधी को पूर्णिया रामबाग से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधी के पास से ऑटोमेटिक पिस्टल, एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली, चार चोरी का मोबाइल, एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद किया गया।

### कटिहार के हरिगंज के समीप पिस्टल व गोली के साथ तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक शुभ भास्कर, जिला ब्यूरो चीफ, रूपेश मिश्रा** । नगर थाना क्षेत्र के हरिगंज के समीप आपसी विवाद में कुछ अपराध कर्मियों के द्वारा गोली फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था जिसकी सूचना मिलते ही नगर थाना अध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया इस दौरान पुलिस को देखकर अपराधी भागने लगे जिसे पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार किया यह बातों की जानकारी प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ शशि शंकर कुमार ने दिया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में चंदन कुमार साह, सोनू कुमार और अभिषेक कुमार शामिल है। जिनके पास से एक ऑटोमेटिक पिस्टल, दो मैगजीन, चार जिंदा गोली सहित अन्य सामग्री बरामद किया गया है गिरफ्तार अपराधियों को न्यायिक हिरासत मे भेजा जा रहा है।

# साइबर अपराधी ठगी के लिए कर रहे थे फर्जी कॉल सेंटर का संचालन

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । साइबर थाना की पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर खोलकर साइबर अपराध करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।पुलिस ने जामताड़ा जिला के सोनबाद गांव में छापेमारी कर तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। हालांकि एक साइबर अपराधी भागने में सफल रहा।पकड़े गए साइबर अपराधियों में अनवर अंसारी, मनीर अंसारी और सगीर अंसारी शामिल हैं। तीनों अपराधी जामताड़ा के ही रहने वाले हैं। जिसमें अनवर और मनीर जामताड़ा थाना क्षेत्र तथा सागिर करमाटाड़ थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पकड़े गए साइबर अपराधियों के पास से 15 मोबाइल, 21 फर्जी सिम कार्ड, एक लैपटॉप, दो वाईफाई डोंगल, तीन एटीएम कार्ड, पांच विभिन्न बैंक के पासबुक, दो रजिस्ट्रेशन गाड़ी का कार्ड, तीन चार पहिया वाहन जब्त किया है। सभी वाहन की खरीद साइबर ठगी के पैसे से की गई थी। इस संबंध में जामताड़ा के एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि साइबर अपराधियों द्वारा जामताड़ा थाना क्षेत्र के सोनबाद गांव में अनवर अंसारी के घर में फर्जी कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। कॉल



सेंटर की आड़ में साइबर अपराधी ठगी करने का काम करते थे। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर सत्यता की जांच के लिए सोनबाद गांव में छापेमारी की। जिसमें मामले का खुलासा हो गया और रंगेहाथ तीन साइबर अपराधी पकड़े गए। साइबर अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ के क्रम में बताया कि वे गूगल से नंबर निकालते थे और बैंक अधिकारी बनकर खाताधारक को फोन लगाते थे। खाताधारक को केवाईसी के नाम पर क्रेडिट कार्ड, एटीएम कार्ड बंद होने की बात कह कर लिंक भेजते थे और लिंक पर क्लीक करते ही उनका मोबाइल को हैक कर लेते थे।इसके बाद अकाउंट खाली कर दिया करते थे। पुलिस अब इस बात का पता लगा रही है कि जब्त मोबाइल फोन से कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया गया है। पुलिस की माने तो 100 से अधिक लोगों से गिरफ्तार साइबर अपराधियों ने ठगी की है। वहीं एसपी ने बताया कि साइबर अपराधियों ने साइबर ठगी के पैसे से अकूत संपत्ति अर्जित की है।ठगी के पैसे से कई महंगी गाड़ियां खरीदी गई थी। जिसमें से तीन गाड़ियों को पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही पुलिस को साइबर ठगी के पैसे से आलीशान मकान बनाने का भी पता चला है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। नए तरीके से साइबर अपराधी कर रहे हैं ठगीः एसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि काफी नए तरीके से अपराधी साइबर क्राइम करते थे।जिसमें साइबर अपराधी पहले गूगल से मोबाइल नंबर निकालते थे। गूगल से नंबर निकालने के बाद साइबर अपराधी इंटरनेट के माध्यम से ही पता कर लेते थे कि संबंधित मोबाइल नंबर चलाने वाले शख्स ने किस बैंक से क्रेडिट कार्ड ले रखा है। इसके बाद साइबर अपराधी संबंधित व्यक्ति को बैंक अधिकारी बनकर फोन करते थे और केवाईसी अपडेट नहीं होने की बात कहकर क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड से लेन-देन बंद करने की बात कहते थे। साथ ही अपडेट करने के लिए संबंधित व्यक्ति के मोबाइल पर लिंक भेजते थे। इसके बाद जैसे ही व्यक्ति अपने मोबाइल पर भेजे गए लिंक को क्लीक करता था। उसके फोन की तमाम जानकारी साइबर ठग के मोबाइल में कॉपी हो जाती थी।इसके माध्यम से संबंधित व्यक्ति का मोबाइल ओटीपी और पासवर्ड भी साइबर ठगों तक पहुंच जाता था। इसके बाद साइबर अपराधी संबंधित व्यक्ति के खाते से रुपए उड़ा लेते थे।

**एसपी ने लोगों को किया सावधानः** एसपी अनिमेष नैथानी ने आम लोगों से ऐसे साइबर गिरोह से बचने के लिए सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी शख्स बैंक अधिकारी, बैंक एटीएम कार्ड और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर कॉल करे तो सावधान हो जाएं।पहले उसकी सत्यता की जांच कर लें ।

## मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर** । मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी में एक माह से चल रहे फुटबॉल लीग का फाइनल मैच शनिवार को खेला गया। फुटबॉल प्रतियोगिता तीन अलग-अलग ग्रुप में आयोजित की गई। ग्रुप ए में वर्ग चतुर्थ से षष्ठ, ग्रुप बी में वर्ग सप्तम से नवम और ग्रुप सी में वर्ग दशम से बारहवीं के फुटबॉल खिलाड़ी शामिल थे। ग्रुप ए में वेस्ट हाउस को नॉर्थ हाउस ने 2-1 से पराजित कर विजय हासिल किया। ग्रुप बी के फाइनल फुटबॉल मैच में साउथ हाउस ने वेस्ट हाउस को 5-0 से पराजित कर विजय प्राप्त किया जबकि ग्रुप सी के रोमांचक फुटबॉल फाइनल मैच में साउथ हाउस ने वेस्ट हाउस को 3-2 से पराजित कर शिल्ड पर कब्जा जमाया। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया,



मैनेजिंग ट्रस्टी सुषमा अग्रवाल, दृष्टि गर्ग ने विजेता और विजेता टीम को शिल्ड और प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया । मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए विद्यालय के निर्देशक मनोज कुमार कलबलिया ने कहा कि विद्यालय के फुटबॉल खिलाड़ियों में प्रतिभाएं छिपी है। खेल प्रतिभाओं का संरक्षण किया जाएगा। विद्यालय विभिन्न खेलकूद के माध्यम से छात्र-छात्राओं के बौद्धिक शारीरिक और मानसिक विकास करता रहेगा।

## लड़की से छेड़छाड़ के मामले में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग को किया पुलिस के हवाले

**नाला/जामताड़ा** । नाबालिक लड़की के छेड़छाड़ के आरोप में ग्रामीणों ने एक बुजुर्ग को पकड़कर नाला थाना को सुपुर्द किया। वहीं पुलिस द्वारा मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी महेश मुंडा ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिक उम्र को देखते हुए न्यायालय द्वारा उसे वापस कर दिया गया। घटना बादलपुर गांव की है। इस संबंध में नाबालिग लड़की के पिता ने अपने लिखित आवेदन में कहा है कि 6 अक्टूबर शाम 5 बजे मेरी पुत्री साईकिल लेकर गांव में चला रही थी। तभी मेरे ही गांव के बुजुर्ग व्यक्ति मेरी पुत्री का साइकिल रोककर गलत नियत से हाथ पकड़कर खींचते हुए जबरदस्ती करने लगा।इस घटना को मेरे गाँव के बहुत लोगों ने देखा एवं विरोध किया। तभी गलत भाषा से गांव वालों




को गाली गलोच किया।इसके पूर्व में भी इसका चरित्र खराब है। गांव के महिला को भी गलत नजर से देखता है।जिसके कारण गांव के महिला घर से बाहर निकलने से डरती है। नाबालिग लड़की के पिता ने नामजद अभियुक्त के उपर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इधर नाला थाना कांड संख्या 75/23 दर्ज कर पुलिस न्यायालय में पेश की साथ ही न्यायालय द्वारा उसे वापस कर दिया गया ।

# एचसीएस चावल कालाबाजारी को लेकर आजसू पार्टी बिरनी प्रखंड कमिटी ने बिडियो को सौपा आवेदन

**दैनिक शुभ भास्कर, कृष्णा वर्मा, बिरनी/गिरिडीह** । बिरनी प्रखंड के आजसू पार्टी बिरनी प्रखंड कमिटी ने एचसीएस चावल कालाबाजारी को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौपा आवेदन जिसमें लिखा है कि बिरनी प्रखंड में वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 आवंटित एचसीएस चावल की कालाबाजारी का मामला आए दिन अखबारों में पढ़ने व सुनने को मिल रहा है क्योंकि समाज कल्याण पदाधिकारी गिरिडीह के द्वारा स्पष्ट किया गया है की वित्तीय वर्ष 2021-22 वह 2022-23 का एचसीएस चावल का आवंटन कर दिया गया है लेकिन प्रखंड बाल



विकास पदाधिकारी के पत्रांक 17 दिनांक 9-5- 2013 के द्वारा स्पष्ट किया जा रहा है कि एचसीएस का चावल या पर्याप्त है इसमें प्रश्न खड़ा होता है की उन्होंने ननिहालो के बीच बनने वाले भोजन वाला अनाज कहां गया है और इतने दिनों तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्य भोजन कैसे सुचारू रूप से चलाया गया क्योंकि उसी वक्त योजना का संचालन सरकार द्वारा बहुत ही महत्वाकांक्षी है क्योंकि गरीब परिवार के बच्चे भोजन के बिना कुपोषित ना हो इतनी बड़ी महत्वाकांक्षी योजना का अनाज हेरा फेरी करने वाले के विरोध 72 घंटे के अंदर उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जाती है तो बाध्य होकर आजसू पार्टी बिरनी प्रखंड कमिटी के कार्यकर्ता व आम जनता दिनांक 11.10.2023 से प्रखंड मुख्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे इस बीच उत्पन्न होने वाली सभी तरह की विधि व्यवस्था की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन की होगी ।

### ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा पत्र, न्यायादेश जारी होने तक रोक लगाने की मांग



**चतरा** । आम्रपाली-चंद्रगुप्त रेलवे लाइन निर्माण को लेकर शनिवार को वनाधिकार समिति से अनापत्ति के लिए आयोजित बैठक का ग्रामीणों ने बहिष्कार कर दिया। जानकारी के अनुसार अंचल कार्यालय के ज्ञापांक 1334 के आलोक में उक्त बैठक की कार्यवाही के लिए राजस्व निरीक्षक व उप-निरीक्षक को प्रतिनियुक्त किया गया था। वहीं ग्रामीणों ने अंचल कार्यालय में पत्र सौंपकर बताया कि पूर्व में हुवे फर्जीवाड़े व गुपचुप कार्रवाईयों का मामला तमाम विभागों समेत कोल मंत्रालय के पास विचाराधीन है। वहीं उच्च न्यायालय में दाखिल परिवाद से जबतक समुचित न्यायादेश जारी नहीं हो जाता तब तक वनाधिकार समिति से अनापत्ति प्राप्त करने की विभागीय कार्यवाही पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया है।इस मौके पर पारष गुप्ता, त्रिवेणी साहु, गणेश प्रसाद, गौतम साहु, ओमप्रकाश साहु, प्रमोद कुमार, दिनेश कुमार समेत दर्जनों मौजूद थे।

### मारवाड़ी युवा मंच के युवा बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 3 का आगाज



**संवाददाता, रांची।** मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा द्वारा युवा बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 3 का आयोजन कांके रोड स्थित 7 लीजेंड्स में किया जा रहा है। जिसमें कुल 8 टीम में भाग ले रही हैं। प्रथम मैच श्याम सुपरनोवास एवं महावीर जॉइंट्स, द्वितीय वीकेंड वॉरियर्स एवं आदर्श अचीवर्स, तीसरा मैच ऋषभ स्ट्राइकर एवं अग्निवीर, चौथा मैच नारायणी अचीवर्स एवं फ्रेंड्स यूनाइटेड, पांचवा मैच अग्निवीर एवं महावीर जेंस, छठा मैच फ्रेंड्स यूनाइटेड एवं आदर्श अचीवर्स, सातवां मैच श्याम सुपरनोवास एवं ऋषभ स्ट्राइकर, आठवां मैच वीकेंड वॉरियर्स एवं नारायणी अचीवर्स के बीच खेला गया। जिसमें पहले मैच महावीर जेंट्स ने 13 रन से जीता एवं दूसरे मैच के विजेता वीकेंड वॉरियर्स 17 रन से जीते। इस कार्यक्रम के संयोजक विवेक तिबड़ेवाल एवं हर्ष जालान संस्था के खेलकूदय निर्देशक अभिषेक जालान एवं चेतन पोद्दार के निर्देशन में यह खेल का आयोजन किया जा रहा है । मैच का अगला कार्यक्रम रविवार को भी रखा गया है, जिसमें विजय प्रतिभागियों को ट्रॉफी से नवाजा जाएगा। इसके साथ ही बच्चों एवं महिलाओं के लिए भी विशेष क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है जो कि रविवार को कांके रोड स्थित 7 लीजेंड्स में खेला जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष अमित चौधरी, सचिव विकास गोयल, कोषाध्यक्ष अमित जांगिड़, पूर्व अध्यक्ष मनीष लोढा, दीपक गोयंका, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल, रोहित सरावगी, नीरज अग्रवाल सह सचिव सनी टीबड़ेवाल ,राघव जालान, उमंग सुल्तानिया, अरुण पोद्दार, अखिल तिकमानी, सोनित अग्रवाल, सौरव जालान, स्पर्श चौधरी समेत अन्य लोग सहयोग कर रहे है।

### मुख्यमंत्री देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का करेंगे शिलान्यास

**संवाददाता, रांची।** देवघर एवं जामताड़ा जिलान्तर्गत सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास नौ अक्तूबर 2023 को होगा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ग्राम सिकटिया, प्रखण्ड सारठ, जिला देवघर में मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास करेंगे। इस योजना का निर्माण 484.35 करोड़ रूपए से होगा। शिलान्यास समारोह को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। देवघर और जामताड़ा जिला अंतर्गत सारठ, करो, विद्यासागर एवं जामताड़ा प्रखंड में नदी तल से अधिक ऊंचाई पर खेती योग्य भूमि में पारंपरिक नहर प्रणाली से सिंचाई संभव नहीं होने तथा इस प्रणाली में खेती योग्य भूमि का बहुत ज्यादा भू -अर्जन के कारण भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से जल लिफ्ट कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना तैयार की गई है। इसके जरिए पंपिंग के लिए जल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सिकटिया ग्राम के समीप अवस्थित अजय बराज के अपस्ट्रीम से पंप मोटर से जल पाइपलाइन के माध्यम से सिंचित क्षेत्र में चकवार सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। प्रस्तावित पटवन क्षेत्र में मुख्य रूप से धान के अतिरिक्त सरसों, मूंग, गेहूं एवं मक्का की खेती भी संभव हो सकेगी। खेती एवं पशुओं को पानी उपलब्ध कराने के उदेश्य से अधिक वर्षा होने और खेतों में जल की जरूरत सीमित होने की स्थिति में पानी को स्थानांतरित कर नजदीक के तालाबों को भरने का प्रावधान किया है, ताकि ग्रामीणों को तालाबों के माध्यम से हमेशा जल मिल सके। इस योजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप देवघर और जामताड़ा जिला चार प्रखण्ड के 27 पंचायत में निवास करने वाले 1,11,174 आबादी को लाभ होगा। इसमें 13,930 अनूसूचित जाति एवं 26, 346 अनूसूचित जन जाति के लोग भी निवास करते हैं। योजना से सारठ प्रखण्ड के 06, करों प्रखण्ड के 06, विद्यासागर प्रखण्ड के 12 और जामताड़ा प्रखण्ड के 03 पंचायत के किसानों को लाभ होगा। योजना का कार्य तीन वर्ष में पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा दुमका जिला अंतर्गत मसलिया एवं रानेश्वर प्रखंड में सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु मेगा लिफ्ट योजना का निर्माण प्रारंभ कराया गया है ।

**कामयाबी** गुप्त सूचना के आधार पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ ने छापेमारी की

# जामताड़ा आरपीएफ को मिली बड़ी कामयाबी, पांच बैग अवैध शराब बरामद

**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा** । शुक्रवार देर शाम को गुप्त सूचना के आधार पर ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ एस.आई. आर. के.पाण्डेय एवं ए.एस.आई. मोहमद इकबाल खान गाड़ी संख्या 12023 अप (हावड़ा-पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस) में समय संध्या 5 बजकर 37 मिनट पर जामताड़ा रेलवे स्टेशन पर डी-4 कोच में छापेमारी की और देखा कि 05 बैग डी-4 और डी-5 के वेस्टिबुल पर रखे हुए है और बैग के पास एक व्यक्ति संदिग्ध तरीके से खड़ा था। उन्होंने उससे इन बैगों के संबंध में पूछा तो उसने साहसपूर्वक इसका मालिक होने का दावा किया। संदेह होने पर उन्होंने बैगों की जांच की तो पता चला कि बैग बीयर से भरे हुए थे। पूछताछ करने पर उसके द्वारा कोई



संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया । साथ ही इस संबंध में कोई कानूनी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। उन्होंने उस व्यक्ति से पूछताछ किया तो उसने अपनी पहचान मुकेश कुमार, पुत्र- विजय राय के रूप में बताया और यह भी खुलासा किया कि वह अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए बख्तियारपुर (बिहार) में डिलीवरी के लिए शराब ले जा रहा था। हालाँकि उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद उसे बैग के साथ ट्रेन से उतार दिया गया। उसके बैग की जांच की गई और गिनती करने पर 05 बैग में रखी कुल 240 पीस हेवार्ड 5000 बियर पाई गई, जिसकी कीमत कुल 25200/- रुपया था। इसके बाद एसआई आर.के.पांडेय उपलब्ध गवाहों के समक्ष उक्त बियर को जप्त किया और ट्रेन में इतनी बड़ी मात्रा में शराब ले जाने के कारण शराब तस्कर को हिरासत में ले लिया गया । बाद में गिरफ्तार व्यक्ति और जब्त सामग्री को विधिवत कानूनी कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग, जामताड़ा को सौंप दिया गया।

### सड़क बनाने को लेकर संसद को सोपा गया मांग पत्र



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा/फतेहपुर** । फतेहपुर प्रखंड के खिजुरिया आदिवासी टोला से जन वितरण प्रणाली राशन दुकान तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर समाजसेवी सद्दाम हुसैन ने सांसद सुनील सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने गांव की जर्जर सड़क की निर्माण की मांग सांसद से की, और उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। सांसद सुनील सोरेन ने कहा खिजुरिया गांव के दोनों टोलों को जोड़ने के लिए पहले कभी पक्की सड़क बनी ही नहीं है। ग्रामीणों द्वारा आवेदन पत्र मुझे प्राप्त हुआ है मेरे संज्ञान में है जल्द सड़क बनाने की पहल की जाएगी। क्षेत्र की सभी महत्वपूर्ण सड़कों की दशा उनके संज्ञान में है। प्राथमिकता के आधार पर बहुत जल्द इन सड़कों का निर्माण होगा।

# बीओआई के आंचलिक कार्यालय में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**संवाददाता,रांची।** बैंक ऑफ इंडिया रांची आंचलिक कार्यालय के बिरसा मुंडा सभागार में हिंदी माह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। माह के दौरान ऑनलाइन बैंकिंग और राजभाषा सामान्य ज्ञान, हिंदी टंकण, श्रुतिलेख, टिप्पण लेखन, अंचल स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता (अधीनस्थ, लिपिक और अधिकारी के लिए अलग-अलग) और विभागों के लिए हिंदी ई-मेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसके विजेताओं को आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार और सुनीत कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हमारे अंचल के लिए काफी उत्साहवर्धक रहा। राजभाषा विभाग गृह मंत्रालय से पूर्वी क्षेत्र के लिए राजभाषा पुरस्कार प्राप्त हुआ. नराकास (बैंक), रांची और प्रधान कार्यालय से भी श्रेष्ठ




कार्यान्वयन हेतु पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसे हमें आगे भी जारी रखना है। नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक ने सभी विजेताओं को बधाई दिया और हिंदी में कामकाज को लेकर जो सकारात्मक वातावरण तैयार हुआ है। उसे समय सीमा में सीमित न करके अपने दैनिक कामकाज में ज्यादा से ज्यादा प्रयोग को बढ़ाने और उसमें उत्तरोत्तर वृद्धि करने का आवहान किया। सुनीत कुमार ने अंचल में बेहतर राजभाषा कार्यान्वयन में सक्रिय योगदान करने वाले सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में "आज की बैंकिंग में बढ़ते धोखाधड़ी के मामले; चुनौतियां और बचाव" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें नरेंद्र कुमार दास, उप आंचलिक प्रबंधक, संतोष मेहता, वरिष्ठ प्रबंधक और शिल्पा भाटिया द्वारा उपरोक्त विषय पर लिखे निबंध को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन राजेश यादव, प्रबंधक, राजभाषा विभाग द्वारा और विधिवत रूप से धन्यवाद ज्ञापन अनुराग वर्मा, मुख्य प्रबंधक, विपणन विभाग द्वारा किया गया। मौके पर पप्पू कुमार, बिनय कुजूर, राजेश कुमार, ओमप्रकाश, नजमुल होदा, संतोष कुमार, शिल्पी भाटिया, अरूण कुमार और अन्य उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### मिशन शक्ति जागरुकता अभियान में महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक



**सम्वाददाता बलरामपुर** । जनपद बलरामपुर के समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098 व साइबर अपराधों जैसे- OTP शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल,बैंकिंग फ्रॉड आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

### टी बी हारेगा - देश जीतेगा



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। टी बी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के क्रियान्वयन के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त पंचायत बनाने के लिए संयुक्त कार्य योजना तैयार कर रहा है। जिससे टीबी जैसी बीमारी को छोटे से छोटे गांव से भी खत्म किया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2025 तक टीबी मुक्त भारत के संकल्प को पूर्ण किया जा सके। ग्रामीण एवं पंचायत स्तर पर कार्य कर रही ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, आरोग्य समिति एवं ब्लॉक समितियां अब प्रत्येक पंचायत को टीबी मुक्त करने के लिए संयुक्त रूप से काम करेंगी। प्रत्येक गांव में टीबी मरीजों को खोजने एवं मरीजों को उपचार कर स्वस्थ करने के लिए लगातार गांव में सर्वे कराए जा रहे हैं। लगातार सर्वे करने पर यदि किन्हीं पंचायतों में टीवी के मरीज मिलते हैं तो उन्हें उपचार देकर स्वस्थ किया जाएगा। उन पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव समिति द्वारा जिला स्तरीय समिति को भेजा जाएगा। जिले से समिति द्वारा प्रस्ताव का अवलोकन एवं निरीक्षण करने के बाद जिला जिला अधिकारी महोदय द्वारा राज्य स्तर को भेजा जाएगा। विश्व क्षय दिवस 24 मार्च पर जो पंचायत टीबी मुक्त होगी उन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत का दर्जा प्रमाण पत्र के साथ दिया जाएगा। साथ ही जनपद एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दे दिया गया है।

### मामला संख्या 2072/23/97 धारा 324/323/504/506 आईपीसी से संबंधित वारंटी गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष श्री दुर्विजय थाना हरैया के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 06.10.2023 को थाना हरैया पुलिस टीम प्रभारी उ0नि0 श्री कृष्ण प्रताप सिंह, का0 रविन्द्र वर्मा की टीम द्वारा मामला संख्या 2072/23/97 धारा 324/323/504/506 आईपीसी से संबंधित वारंटी अभियुक्त (1) कल्लू यादव पुत्र रामप्रसाद यादव नि0 माधवडीह मशमूले चौधरीडीह थाना हरैया जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।

# धान क्रय केन्द्रों पर सभी सुविधाएं मुहैया कराएं अधिकारी-डीएम



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । विपणन वर्ष 2023-224 के तहत किसानों की उपज का एक-एक दाना समर्थन मूल्य पर खरीदा जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि किसानों को उनकी धान की उपज को बेंचने के लिए परेशान न होना पड़े तथा किसानों की फसल का भुगतान समय से मिले। यह निर्देश जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में धान खरीद की समीक्षा के दौरान विपणन अधिकारियों को दिए हैं। जिलाधिकारी ने बैठक में केंद्र प्रभारियों को चेतावनी दी कि यदि धान खरीद में बिचौलियों, किसानों से दुर्व्यवहार अथवा किसी प्रकार की शिकायत मिलेगी तो निश्चित ही केंद्र प्रभारी दंडित होंगे। जिलाधिकारी श्री सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी दशा में बिचौलिये किसानों का शोषण न करने पावें। उन्होनें कहा कि धान खरीद में बिचौलियों के साथ केन्द्र प्रभारियों की संलिप्तता पाये जाने पर संगठित अपराध मानते हुए कठोर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 01 नवम्बर से धान खरीद प्रारम्भ होगी। धान खरीद के लिए 42 क्रय केन्द्रों का निर्धारण किया गया है जिसमें खाद्य विभाग के 13 क्रय केन्द्र, पीसीएफ के 14 क्रय केन्द्र, उ0प्र0 उपभोक्ता सहकारी संघ(यूपीएसएस) के 14 क्रय केन्द्र, तथा भारतीय खाद्य निगम का 01 क्रय केन्द्र शामिल हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में बोरा, नमी मापक यंत्र, पावर डस्टर, ई-पॉश मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित कर दिए जाने का निर्देश दिया। ऐसे उपकरण जो की मरम्मत के योग्य हैं, खरीद शुरू होने से पहले उनकी मरम्मत करा ली जाए, यदि नए उपकरण की आवश्यकता है उसका खरीद कर दिया जाए। खरीद के दौरान उपकरण की कमी की वजह से धान खरीद प्रभावित हुई तो संबंधित केंद्र प्रभारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्रय केंद्रों पर अतिरिक्त उपकरण भी रखे जाना सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि सरकार द्वारा इस वर्ष सामान्य धान का समर्थन मूल्य 2183 रूपए प्रति कुन्टल एवं ग्रेड-ए धान का मूल्य 2203 रूपए प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने बैठक में यह भी निर्देश दिए कि क्रय केंद्र प्रभारी ज्यादा से ज्यादा किसानों का पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराएं तथा धान क्रय केंद्र को मॉडल क्रय केंद्र के रूप में विकसित करें। उन्होंने बताया कि किसान भाई टोल फ्री नम्बर 1800-150 पर कॉल करके पंजीकरण से सम्बन्धि जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा डिप्टी आरएमओ ऑफिस, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी व ब्लाकों के विपणन अधिकारियो से सम्पर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीद एवं भुगतान की मॉनिटरिंग के लिए जनपद स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया जाएगा जिसमें नोडल अधिकारी को नियुक्त करते हुए, प्रतिदिन खरीद की रिपोर्ट ली जाएगी। उन्होनें निर्देशित किया कि किसानों का धान मूल्य का भुगतान तीन दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। धन मूल्य भुगतान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। क्रय केंद्र पर किसानों के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था तथा किसानों से अच्छा व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डिप्टी आरएमओ नरेंद्र तिवारी, मार्केटिंग इंस्पेक्टर, क्रय एजेंसी के जिला समन्वयक, क्रय केंद्र प्रभारी व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### स्वच्छ भारत अभियान,भारत सरकार द्वारा एक अनोखी पहल-सीमा त्रिपाठी (शिक्षिका/लेखिका)



**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । महात्मा गांधी ने जो स्वच्छ भारत का सपना देखा था | जिसके लिए वह चाहते थे कि भारत के सभी नागरिक एक साथ मिलकर देश को स्वच्छ बनाने के लिए कार्य करें, महात्मा गांधी के स्वप्न को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान शुरू किया और सफल बनाने हेतु भारत के सभी नागरिकों से इस अभियान में जुड़ने की अपील की स्वच्छ भारत अभियान एक राष्ट्रीय अस्तर का अभियान है | स्वच्छ भारत अभियान एक बड़े पैमाने पर जन आंदोलन है | इस अभियान के अंतर्गत सभी स्थानों पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराना है | ग्रामीण क्षेत्रों के लिए स्वच्छ भारत अभियान के तहत 5 वर्षों में भारत को खुला शौच से मुक्त देश बनाना है | भारत सरकार द्वारा की गई अनोखी पहल है जिसके अंतर्गत भारत देश को साफ एवं स्वच्छ देश बनाने का निर्णय लिया गया है इसे (क्लीन इंडिया मिशन )भी कहा जाता है | इस अभियान के तहत गांव से लेकर शहर तक पूर्णतया स्वच्छ बनाना है | इस अभियान के तहत सरकार द्वारा पिछड़े इलाकों में सफाई अभियान चलाकर उन्हें साफ एवं स्वच्छ बनाने के प्रयास किए जाएंगे | अभियान की शुरुआत में ही कहा गया था कि देश को स्वच्छ रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है | इस कार्यक्रम में सभी ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। परिषदीय विद्यालयों में कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा बच्चों के साथ शिक्षकों ने मिलकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई करके स्वच्छता अभियान को सफल बनाया। हर घर में कचरा पात्र रखा गया खुले में शौच से मुक्त दिलाना ही इसका प्रथम लक्ष्य था |

### थाना रेहरा में सीधा-साधा परिवार हुआ ठगी का शिकार





**सम्वाददाता बलरामपुर** । उत्तर प्रदेश बलरामपुर में थाना रेहरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गजपुर ग्रांट परगना तहसील उतरौला रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है शेषराम पुत्र चौधरी अपने ग्राम में अपने परिवार के साथ गुजर बसर करते थे गांव के ही व्यक्ति संग्राम पुत्र तुलसीराम राजू पुत्र सुबके भी उसी गांव में रहते थे और सब्जी की दुकान करते थे । संग्राम और राजू से मेल मुलाकात होती रहती थी शेष राम के पास कुछ जमीन थीं l संग्राम व राजू ने शेषराम का berenwash करके और लालच में आ कर शेष राम की जमीन का सौदा अब्दुल मतीन पुत्र इस्तीयाक वा श्याम जी पुत्र रघुनन्दन से करवा दिया और गाटा संख्या 2378 का सौदा तीन लाख रुपये में तय किया गया और शेष राम के खाते में दो लाख पचास दे कर पचास हजार रुपए बकाया कर के जमीन अब्दुल मतीन पुत्र इश्तियाक और श्याम जी पुत्र रघुनंदन ने लिखा लिया और l कूट रचित दस्तावेज पर गाटा संख्या 2378 की जगह पर गाटा संख्या 2362 लिखा लिया जिस पर मकान बना हुआ है बिडम्बना यह भी है रजिस्ट्रार कार्यालय ने भी ध्यान नहीं दिया । शेष राम के पास अम्ल daramat की नोटिस पहुची तब मालूम हुआ कि हमारे साथ धोखा हों गया। फिर आनन-फानन थाने पहुंचे प्रर्थना पत्र दिया मौके पर पुलिस पहुची और घटना की जानकारी ली और करवाई का आश्वासन देकर चली आई कुछ दिन बाद करवाई नही हुई तब शेष राम मुख्यालय आए ।

# थाना हर्रैया पुलिस द्वारा क्षेत्र से अबैध खनन में अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष थाना हरैया श्री दुर्बिजय के कुशल नेतृत्व मे वांछित/वारंटिओं की गिरफ्तारी तथा अबैध खनन के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 07.10.23 को उ0नि0 श्री कृष्ण प्रताप सिंह मय हमराही कां0 सुरेश चन्द्र तिवारी, कां0 रविन्द्र वर्मा के देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था ड्यूटी एवं रोकथाम जुर्म जरायम मे रवान थे , मुखवीर खास की सूचना पर चौबे भितवरिया के आगे डुडवा नाला से अबैध बालू खनन कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अदद ट्रैक्टर स्कार्ट मय झांगा जिस पर बालू लदी है को बरामद किया गया । फर्द बरादमगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0-178/23 धारा 379/411 IPC व 4/21 खान खनन अधि0 व 2/3 लोक सम्पत्ति क्षति नि0 अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

### विद्यालयों में आयोजित हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



**सम्वाददाता बलरामपुर** । बलरामपुर पूरे प्रदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा सम्पन्न हुई। इसी क्रम में बलरामपुर के विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों में परीक्षा सम्पन्न हुई। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला संयोजक गुलाब चन्द भारती ने बताया कि जनपद के तुलसीपुर, उतरौला के 85 विद्यालयों के लगभग 7000 परीक्षार्थियों ने इस परीक्षा में सम्मिलित हुए। बलरामपुर के एम एल के पी जी कालेज सेंट जेवियर्स हाई स्कूल बलरामपुर मार्डन इण्टर कालेज सिटी माणटेसरी इण्टर कालेज सुन्दर दास राम लाल इण्टर कालेज आदि प्रमुख विद्यालयों में परीक्षा सम्पन्न हुई। यह परीक्षा कक्षा 5 से डिग्री स्तर तक ओ एम आर सीट पर होती है। इस परीक्षा का मूल उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास व भारतीय संस्कृति के प्रति जागरूक होना है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सचिव शिव कुमार कश्यप ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए प्रत्येक विद्यालयो में दो दो पर्यवेक्षकों की टीम बनाई गयी। तथा विभिन्न विद्यालयों के निरीक्षण व मार्गदर्शन के लिए तीन सचल दल बनाए गये। इस परीक्षा के सफल आयोजन में दिलीप कुमार श्रीवास्तव, सतीश चन्द्र मिश्रा, शिव प्रसाद वर्मा, आदि लोगो का योगदान रहा।

### आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी शिकायतकर्ताओं की शिकायतें



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** ।श्रीमान् जिलाधिकारी बलरामपुर श्री अरविंद सिंह व श्रीमान् पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा आज दिनांक 07.10.2023 को तहसील तुलसीपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक श्री योगेश कुमार, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर व क्षेत्राधिकार तुलसीपुर श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### तहसील उतरौला में आयोजित तहसील समाधान दिवस पर सुनी गयी शिकायतकर्ताओं की शिकायतें



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** ।अपर जिलाधिकारी बलरामपुर श्री प्रदीप कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव द्वारा आज दिनांक 07.10.2023 को तहसील उतरौला में आयोजित तहसील समाधान दिवस पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना गया तथा राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों को गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द से जल्द किया जाना चाहिए तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करें जिससे समय से उचित निस्तारण कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी उतरौला वह क्षेत्राधिकार उतरौला श्रीमती ज्योतिश्री व अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**आयोजन** आवेदक के समस्याओं का निस्तारण करते हुये सम्बन्धित आवेदक को संतुष्ट किया जाए

# जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस तहसील तुलसीपुर सभागार में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न



**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी ढंग से निस्तारण हेतु संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जनपद के तीनों तहसीलों में संपन्न हुआ। तहसील तुलसीपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री अरविन्द सिंह द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतें सुनी गयी । जिलाधिकारी महोदय ने गत संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का परीक्षण करते हुए निस्तारण आख्या को देखा गया। उन्होंने भूमि विवाद के सम्बन्ध में राजस्व विभाग के कई प्रार्थना पत्रों पर लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को तलब कर जानकारी ली गयी। उन्होंने उप जिलाधिकारी, तहसीलदार को निर्देशित किया कि मौके पर स्वयं निरीक्षण कर भूमि विवाद का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि आवेदक के समस्याओं का निस्तारण करते हुये सम्बन्धित आवेदक को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल के सन्दर्भ का शासन स्तर एवं जिला स्तर पर निगरानी की जा रही है, इसलिये सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने-अपने पोर्टल पर प्राप्त हुये सन्दर्भों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराएं। इस दौरान कुल 58 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से मौके पर 07 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। उन्होंने शेष प्रार्थना पत्रों का संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्थलीय सत्यापन करते हुए ससमय पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार द्वारा पुलिस से सम्बन्धित प्रकरणों को गम्भीरता से लेते हुये सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शिकायतों का जांचपरक कर समयबद्ध तरीके से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर डीएफओ एम0 सेम्मारन, उप जिलाधिकारी तुलसीपुर अभय कुमार सिंह, सीओ राघवेन्द्र सिंह, तहसीलदार परमेश कुमार, सीएमओ डा0 मुकेश कुमार, पी0डी0 चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर0पी0 राना, जिला विद्यालय निरीक्षक गोवन्दिराम, बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा व जनपद स्तरीय एवं अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की गयी-अपर जिलाधिकारी

**सौरभ पांडे ब्यूरो बलरामपुर** । चकबन्दी आयुक्त, उ0प्र0 एवं जिलाधिकारी महोदय के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) / उप संचालक चकबन्दी श्री प्रदीप कुमार ने बताया कि ग्राम महुवाधनी परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर की प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रक्रिया प्रारंभ करने की जारी धारा-4क(2) की विज्ञप्ति का प्रकाशन 09 सितम्बर, 2023 को सरकारी गजट में निदेशक मुद्रण एवं लेखन सामग्री उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन उपरान्त ग्राम महुवाधनी परगना व तहसील उतरौला जनपद बलरामपुर की प्रथम चक्र की चकबन्दी प्रक्रिया प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

# नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत कौशल विकास के आयामों में शामिल आपदा प्रबंधन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया




व्याख्यान में छात्र -छात्राओं को आपदा प्रबंधन की जानकारी के साथ ही सामान्य से विशिष्ट बनने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ,मुख्य वक्ता जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली के डॉ दीप नरायन पाण्डेय ,मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह व संयोजक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने किया। प्राचार्य ने व्याख्यान में अपने कॉलेज के पुरातन छात्र व जेएनयू के प्रोफेसर को मुख्य वक्ता के रूप में पाकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्र-छात्राओं के बौद्धिक विकास में सहायक होता है। मुख्य वक्ता डॉ दीप नरायन पाण्डेय छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज के अस्तित्व के साथ ही मेरा अस्तित्व है यदि इस भावना के साथ कार्य किया जाता है तो बड़ी से बड़ी आपदा से निपटा जा सकता है। आज हम परंपरागत विधियों से दूर होते जा रहे हैं जिसका दुष्परिणाम सभी को झेलना पड़ता है।आज हम सामुदायिक जीवन से दूर होते जा रहे हैं जिससे हम विपत्ति से जकड़ते जा रहे हैं। संयोजक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया जबकि डॉ अजहरुद्दीन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन प्रतीची सिंह ने किया। इस दौरान मुख्य वक्ता को प्राचार्य ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया। व्याख्यान का समापन राष्ट्रगान से हुआ। इस अवसर पर प्रो0 वीणा सिंह,प्रो0 राघवेंद्र सिंह,प्रो0 एस पी मिश्र,डॉ अनामिका सिंह,डॉ तारिक कबीर,डॉ अनुज कुमार सिंह,डॉ आज़ाद प्रताप,डॉ विनीत कुमार, धर्मवीर सिंह व शिष्ट पल सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## ख़ास ख़बर

### शिक्षा को बढ़ावा देने वाली राज्य सरकार की योजनाओं की दी जानकारी



**देव किशन /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ चित्तौड़गढ़/ भदेसर** । ब्लॉक के अमरपुरा में रा.उ.प्रा.विद्यालय अमरपुरा में शिक्षा को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजीव गांधी युवा मित्र इनुश मोहम्मद शेख ने बताया कि जनाधार में हुई गलती का सुधार करने और राज्य सरकार की इंदिरा प्रियदर्शिनी योजना,बाल गोपाल,मिड डे मील,फलवितरण,छात्रवृति,पालनहार, निशुल्क साईकिल, दिव्यांग बच्चों को शिक्षा के लिए भत्ता आदी शिक्षा से सम्बंधित योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र,अध्यापक नरेंद्र कुमार जैन,कमल सिंह, दीपशिखा मुंदडा, सोनम चौधरी, हेमलता सुखवाल,अनिता प्रजापत,दुर्गा शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता कुलदीप स्वर्णकार, मुलचंद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शांता गिरी,चवरी देवी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

### संचालित ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज ने संविधान दिवस में ज्ञापन दिया



**आगरा**। खेरागढ़ तहसील दिवस में शनिवार को अर्धांगिनी फाउंडेशन द्वारा संचालित ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज ने क्षेत्र की सरकारी गौ शालाओं के निरक्षण के लिए संविधान दिवस के अधिकारी को ज्ञापन दिया और अधिकारियों से गुहार लगाई कि गौ माताओं की सेवा नहीं हो रही है। गौशालाओं में आप सभी लोग बारिकी से निरक्षण करें। ब्रजवासी गौ रक्षक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत धर्म दास महाराज, तहसील अध्यक्ष ठाकुर जसवीर सिंह धाकरे, ठाकुर रघुनाथ सिंह धाकरे और अन्य कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर ज्ञापन दिया। अधिकारियों ने कहा कि गौ माताओं की सेवा और रक्षा के लिए हम बारिकी से जांच कराएगे तथा जो व्यक्ति गौ माताओं के पैसे को हड़पा रहा है। उस पर कार्रवाई होगी ब्रजवासी गौ रक्षक सेना भारत देश में केवल गौ माताओं की सेवा और रक्षा करने में लगी है। इस में निशुल्क सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। और निशुल्क सेवा कर रहे है।

### घर के बाहर खेल रहे मासूम को ट्रक ने रौंदा मासूम की हुई मौके पर मौत



**आगरा** । थाना कागारौल स्थित ईदगाह के पास घर के बाहर खड़े विकलांग दम्पति के मासूम पुत्र को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे मौके पर ही मासूम की मौत हो गई भाग रहे ट्रक को पुलिस एवं ग्रामीणों ने पीछाकर पकड़ लिया। गुस्साए ग्रामीणों ने आगरा जगनेर मार्ग पर एक घंटे तक जाम लगा दिया। कई थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा। घटना शनिवार शाम लगभग तीन बजे की है। ढाई वर्ष का मासूम देवराज पुत्र बबलू अपने घर के बाहर खड़ा था। फतेहपुर सीकरी की ओर से आ रहे। ट्रक ने खेलते मासूम को रौंद डाला। इससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। बालक की मौत के बाद आसपास के लोग एकित हो गये। उन्होंने रास्ता जाम कर दिया। रास्ता जाम की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने उत्तेजित लोगों को शांत कराया। बाद में एसडीएम नीरज शर्मा के आश्वासन पर जाम खुल सका।

### 60 वर्ष व्यक्ति का मूर्ति बनाकर घर लौट के कर्म में ट्रैक्टर की ठोकर से हुई मौत

**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, रानीगंज** । प्रखंड में एक व्यक्ति का हुआ मृत्यु बताया जा रहा है मोनू लाल ऋषि देव उम्र 60 वर्ष मूर्ति बनाकर घर लौट रहे थे इसी कर्म में पीछे से ट्रैक्टर जाकर जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों के सहयोग से घायल व्यक्ति को रानीगंज सदर अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टर देखने के बाद रेफर कर दिया सदर अस्पताल अररिया अस्पताल लाने के कर्म में रास्ते में ही व्यक्ति अपना दम तोड़ दिया मृत्यु व्यक्ति रानीगंज थाना घर राघोपुर पचीरा पंचायत पचरा वार्ड नंबर एक का रहने वाला बताया जा रहा है वहीं सदर अस्पताल अररिया के डॉक्टर देखने के बाद उन्हें मृत्यु घोषित कर दिया मैं तो घोषित करने के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया जहां पर पोस्टमार्टम होने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया ।

# एक दर्जन से अधिक दरोगा का हुआ ट्रांसफर तो ग्रामीणों ने मनाया जश्न



**वाराणसी** । आपने वो दृश्य देखा ही होगा जब किसी ऐसे टीचर, जिसे बच्चे नापसंद करते हों, के स्कूल न आने पर क्लासरूम में कैसा जश्न का माहौल हो जाता है। या कोई सख्त बॉस छुट्टी पर चला जाए या फिर उसका ट्रांसफर हो जाए तो कर्मचारियों में कितनी खुशी का माहौल होता है। ऐसा ही कुछ हुआ उत्तर प्रदेश में पीएम नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में। लेकिन इस बार नजारा थोड़ा चौंकाने वाला था क्योंकि ये जश्न किसी स्कूल या दफ्तर में नहीं बल्कि राजातालाब चौराहे पर मनाया जा रहा था।दरअसल वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट के राजातालाब थाने के कथित दरोग़ा के खिलाफ भ्रष्टाचार और मनमानी के आरोप लगाते हुए यहाँ के ग्रामीण नाराज़ और आक्रोशित थे। इनका कहना था कि उनकी कार्यप्रणाली के कारण न तो अपराध पर अंकुश था और न ही अपराधियों पर अंकुश था। बार बार शिकायत के बावजूद इन पुलिसकर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी ऐसे ही कई आरोपों को लेकर राजातालाब के ग्रामीणों में नाराज़गी चल रही थी।

**लंबे समय से कार्यवाही और ट्रांसफर की मांग** : ये लोग दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई और ट्रांसफर करने की मांग कर रहे थे और आखिर उनकी मांग पूरी हुई। क़रीब एक दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों का ट्रांसफर कर दिया गया और राजातालाब थाने को कई नए उपनिरीक्षक मिले है। अब जैसे ही ये खबर राजातालाब के ग्रामीणों में पहुंची, ग्रामीणों की खुशी का बांध टूट गया। आखिर उनकी इतने लंबे समय से चली आ रही ख्वाहिश जो पूरी हो गई थी। बस फिर क्या था.. राजातालाब चौराहे पर सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार गुप्ता के नेतृत्व में ग्रामीणों में खुशी में मिठाई बाँटने लगे। इन्होने एक दूसरे को मिठाई बांटी। जो खुशी ग्रामीणों के चेहरों पर थी, उसे देखकर लग रहा था कि उन्हें कितनी बड़ी राहत मिली है। लेकिन इस खबर के चर्चा में आने के बाद अब लोग सवाल कर रहे हैं कि आखिर थाने का अब क्या होगा, जहां का चार्ज ये नए उपनिरीक्षक साहब लेंगे। बहरहाल, राजातालाब के ग्रामीण बहुत खुश हैं और इसका इजहार उन्होने जमकर किया। बता दें कि राजातालाब कस्बा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शुक्ला रिश्वतख़ोरी में रंगेहाथ एंटी करप्शन टीम ने कुछ दिनों पहले पकड़ा था, वही थाने के कथित दरोग़ा पर ठेला पटरी व्यवसायियों ने मुफ़्तख़ोरी का आरोप लगाया था यानी इस बेईमान दरोग़ा का इक़बाल इतना गिर गया था कि ठेला पटरी व्यवसायियों से मुफ़्त में जूस पी रहे थे और फल खा रहे थे।

### सफाई है तो स्वास्थ्य है,गंदगी है तो बीमारी है



**वाराणसी** । शनिवार को राजघाट के गंगा तट पर गंगा स्वच्छता की गूंज सुनाई पड़ी।नमामि गंगे के सदस्यों ने ' गंदगी है तो बीमारी है, सफाई है तो स्वास्थ्य है। का संदेश देकर गंगा तट की सफाई की।गंगा किनारे स्वच्छता बनाए रखने के लिए सभी को जागरूक किया। गंगा की सफाई ही गंगा की पूजा है।गंगा अविरल निर्मल होगी, यही हमारा नारा है ' हम नहीं रुकेंगे - हम स्वच्छ करेंगे ' के जागरूकता भरे शब्द सुनकर लोगों ने गंगा किनारे गंदगी न करने का संकल्प लिया।पॉलिथीन मुक्त गंगा घाट के लिए अपील की गई।लाउडस्पीकर द्वारा लोगों को गंदगी न करने पॉलिथीन में भरकर पूजन सामग्रियां गंगा में विसर्जित न करने की अपील की गई।गंगा में साबुन एवं शैंपू लगाकर स्नान कर रहे लोगों को ऐसा न करने की ताकीद की गई।काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने जागरूक करते हुए कहा कि हमारी आस्था और अर्थव्यवस्था गंगा और उनके घाटों की स्वच्छता के प्रति सभी को सजग होना पड़ेगा। हमें खुद को बदलना होगा तभी चंहुओर स्वच्छता होगी।हमको खुद अपनी तरफ से पहल करनी होगी।सरकार के साथ आम लोगों को भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। काशी के लोग अगर गंगा के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता दिखाएं तो गंगा को अविरल और निर्मल होने से कोई नहीं रोक सकता। आयोजन में प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला महानगर सहसंयोजक बीना गुप्ता, महानगर प्रभारी पुष्पलता वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### फसल अवशेष प्रबंधन कार्यक्रम सफलता पूर्वक सम्पन्न



**वाराणसी** । आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज,अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, कल्लीपुर, वाराणसी द्वारा ग्राम-दौलतिया, विकास खंड- सेवापुरी में इन - सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत ग्राम स्तरीय जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन की तकनीकी जानकारी के साथ साथ फसल जलाने से होने वाले नुक़सान पर विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, ड़ॉ. नरेंद्र रघुबंशी ने फसल अवशेषों के महत्व को बताया तथा फसल कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को विभिन्न तकनीकी से मिट्टी में मिलाने हेतु सुझाव दिया। केंद्र के वैज्ञानिक श्रीप्रकाश सिंह ने फसल अवशेषों को जलाने कि घटना हमारे देश में मुख्य रूप से पंजाब, हरियाणा,पश्चिम उत्तर प्रदेश में अधिक होता है।इससे बचने के लिए क्रृषि में मशीनों का प्रयोग करके पराली को खेत में पूसा वेस्ट डीकमपोजर का प्रयोग करके पराली को मिट्टी में मिलाकर मिट्टी कि उर्वरा शक्ति को बढ़या जा सकता है।श्रीप्रकाश सिंह ने फसल अवशेषों का आच्छादन के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी।उन्होंने बताया की लाभदायक सूक्ष्मजीवों का प्रयोग करके भी फसल अवशेषों को सडा गला कर गुणवत्ता युक्त जैविक खाद तैयार की जा सकती है।कार्यक्रम में उपस्थित केंद्र के प्रक्षेत्र प्रबंधक राणा पीयूष सिंह ने कृषि में उपयोग होने वाले विभिन्न मशीनो जैसे सूपर सीडर,हैपी सीडर, मलचर इत्यादि पर विस्तार से प्रकाश डाला। केंद्र के सस्य वैज्ञानिक अमितेश सिंह ने वेस्ट डीकम्पोजर एवं आच्छादन पर विस्तार से चर्चा किया।

# सदर प्रखंड ,अंचल एवं बाल विकास परियोजना में कर्मियों का लेट आने का सिलसिला जारी



**दरभंगा**। सदर प्रखंड एवअंचल कार्यालय व बाल विकास परियोजना कार्यालय में समय पर नही आने का सिलसिला थम नहीं रहा है। बताते चले की सदर अंचल शनिवार को सुबह 11.2 मिनट तक अंचल प्रधान लिपिक बंदना चौधरी एवं नाजिर कैलाश झा का कार्यालय में ताला जरा हुआ था। जबकि सीओ इंद्रासन साह समय पर कार्यालय में उपस्थित थे उसके बावजूद भी प्रधान लिपिक और नाजिर का कार्यालय बंद पाया गया जबकि शुक्रवार को सीओ श्री साह ने लेट आने वाले कर्मी पर जमकर बरसे और कार्रवाई करने की बात किया गया थे। यही हाल प्रखंड का था बीडीओ विजय कुमार सौरभ समय पर उपस्थित थे और कई कर्मी गायब थे। जिस पर बीडीओ श्री सौरभ ने लेट आने वाले कर्मी पर जमकर क्लास लिए और सख्त निर्देश देते हुए बताएं कि प्रखंड कार्यालय सुबह 10 बजे से लेकर 10:30 मिनट तक हर हाल में कार्यालय खुल जाना चाहिए नहीं तो की जाएगी कार्रवाई। वहीं बाल विकास परियोजना कार्यालय में 11:30 बजे तक संविदा कार्यालय प्यून और बीसीओ मधु कुमारी के अलावा कोई भी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित नहीं थे। जबकि प्रधान लिपिक शिवजी प्रसाद महतो दिनभर अनुपस्थित रहे। जबकि जिला मुख्यालय से सबसे नजदीक प्रखंड है उसके बाद भी यहां प्रखंड ,अंचल, सीडीपीओ कार्यालय सहित कई कार्यालय के कर्मी अपने समय पर कार्यालय नहीं आ पाते हैं। प्रभारी सीडीपीओ कुमारी रेखा ने जानकारी देते हुए बताई कि सदर सीडीपीओ कार्यालय में दो प्रधान लिपिक है जिनका 3 - 3 दिन का ड्यूटी है जिसमें शनिवार को शिवजी प्रसाद महतो का डिप्टी होने के बाद भी कार्यालय अगर नहीं आए हैं तो इसे पूछा जाएगा।

### विभागीय शोषण के विरुद्ध शिक्षा सेवक तालीमी मरकज की बैठक आयोजित



**दरभंगा (मो.जीलानीअंसारी)**। जिला संगठन के जिलाध्यक्ष मो.इस्लाम अंसारी, जिला सचिव मुर्तुजा, संयुक्त जिला उपाध्यक्ष विजय कुमार साफी के आह्वान पर उर्दू माध्यम उच्च विद्यालय अलीनगर प्रखंड में जिला के किरतपुर, घनश्यामपुर एवं अलीनगर प्रखंड के शिक्षा सेवक तालीमी मरकज बैठक आयोजित हुई, मानदेय बढोतरी से खुश होकर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए एक ही मांग पर बल दिया गया। पंद्रह वर्षों के शिक्षण कार्य के अनुभव के आधार पर संबंधित विद्यालयों में प्रथमिक शिक्षक का दर्जा देते हुए समायोजन करने के साथ ग्रेड पे वेतनमान लेने हेतू आगामी पांच नवम्बर २०२३ को एक एक साथी अपनी मांगों को लेकर पटना की धरती पर पहुंचने का मांग किया। बैठक में शाहिद अनवर,मो.एहसान,मो.मुश्ताक,मो.सलाहुद्दीन, ज़ावेद अंसारी, शफकत अंसारी,ललन कुमार, श्याम सदाय, कासिम लाईन, नसीमा खातून,सबीला खातून, रुखसाना खातून,उदय चंद्र महतो, विनोद कुमार राम आदि मौजूद थे।

### प्रतियोगिता में अव्वल बच्चों के बीच वन विभाग द्वारा किया गया पुरस्कृत



**अभिषेक आनन्द/दैनिक शुभ भास्कर, वीरपुर,सुपौल**। जिले के बिरपूर अनुमंडल में वन विभाग के द्वारा सावित्री प्रभा पब्लिक स्कूल वीरपुर में वन्य प्राणी सप्ताह मनाया गया। इस दौरान पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से स्कूली बच्चों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता करवाया गया। एवं बच्चों के बीच वन्य प्राणी के महत्व के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। वह उपस्थित वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वन मानवीय जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण है। वन एवं वन्य प्राणियों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। जंगल की कटाई एवं आग लगाए जाने से वन्य जीवों का भोजन तथा आश्रय नष्ट हो जाता है। जिसके वजह से वन्य प्राणी कुपित होकर आम जनों तथा फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। वही प्रतियोगिता में प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के बीच पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर वन विभाग की ओर से वन पाल उपेंद्र प्रसाद मेहता, वन रक्षी मृत्यंजय कुमार, गौतम कुमार एवं स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे।

### रावतभाटा को जिला बनाने की मांग सिर्फ मांग बनकर रह गई

**दैनिक शुभ भास्कर / मोहन सिंह / राजस्थान** । सरकार गांव एवं कस्बे की जिला मुख्यालय से दूरी कम करने के उद्देश्य से राजस्थान में 19 नए जिले बनाने के बाद 3 और नए जिलों की घोषणा कर दी। राजस्थान में 53 जिले होने के बाद भी रावतभाटा तहसील की जवाहर नगर ग्राम पंचायत के गांव की दूरी जिला मुख्यालय से लगभग 225 किलोमीटर है। रावतभाटा को जिला बनाने की मांग काफी समय से उठ रही है। रावतभाटा से जिला मुख्यालय की दूरी 135 किलोमीटर है। रावतभाटा में परमाणु बिजली घर, भारी पानी संयंत्र और अन्य महत्वपूर्ण संस्थान होने के कारण रावतभाटा जिला होना जरूरी है। रावतभाटा क्षेत्र की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक राजेंद्र सिंह बिधुडी ने मुख्यमंत्री गहलोत को रावतभाटा को जिला बनाने के लिए पत्र लिखा था, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी मांग पर सकारात्मक विचार किया जा रहा है,जिसके बाद क्षेत्रवासियों में आशा की किरण जगी थी। पुनः नए जिले बनने की खबर सुनकर रावतभाटा तहसील वासियों में खुशी का संचार हुआ था परंतु यह खुशी ज्यादा समय तक नहीं टिक सकी। चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय की दूरी क्षेत्रवासियों के लिए समस्या बनी हुई है। क्षेत्र की भोगौलिक स्थिति से रावतभाटा जिला बनने के लिए उपयुक्त है। सुविधाओं के मध्यनजर सरकारी कर्मचारियों के पहलुओं से यह क्षेत्र काला पानी है। लंबे समय से चल रही रावतभाटा को जिला बनाने की मांग सिर्फ मांग बनकर ही रह गई।

बैठक — सड़क निर्माण इंदिरा आवास निर्माण नल जल बिजली फूल पुलिया कई मुद्दों पर बात

# जिला पार्षद एवं लोक कार्य समिति के जिला अध्यक्ष सत्ता में एक समीक्षा बैठक रखी गई



**मासूम राजा दैनिक शुभ भास्कर, अररिया** । जिला पार्षद एवं लोक कार्य समिति के जिला अध्यक्ष वाजुद्दीन की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक रखी गई जिसमें कई मुद्दों को लेकर कई विभाग के अधिकारी उपस्थित हुए सड़क निर्माण इंदिरा आवास निर्माण नल जल बिजली फूल पुलिया कई मुद्दों पर बात हुई बताया जा रहा है कि दूसरा मीटिंग रखा गया था क्योंकि कई ऐसे कार्य है जो आधा अधूरा पड़ा हुआ है अफसर के तबादला के वजह से काम में बाधित आया स्वास्थ्य को लेकर भी बात हुई उसमें उपस्थित लोग कार्य समिति के सचिव ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल आइडिया मुख्य रूप से मौजूद थे वहीं बैठक में श्री सत्यनारायण यादव जी जिला पार्षद सदस्य अराडिया कार्यपाल कार्यपालक अभियंता ग्रामीण का विभाग फारबिसगंज कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल फारबिसगंज पथ निर्माण विभाग इंदिरा आवास विभाग भवन निर्माण विभाग मनरेगा विभाग का बिजली विभाग का पर्यवेक्षक उपस्थित थे मुख्य अतिथि में आफताब अजीब अध्यक्ष जिला परिषद अररिया श्रीमती किरण कुमारी जिला पार्षद सदस्य एरिया मोहम्मद ताहिर हुसैन जिला पार्षद प्रतिनिधि एरिया श्रीमती कौशल जहां जिला परिषद अररिया श्रीमती संगीता देवी जिला परिषद अररिया श्री रईस उद्दीन श्री रिजनूर इत्यादि उपस्थित थे वहीं वहीं बैठक में कई मुद्दों को लेकर चर्चा हुई बताया गया कि बरसात खत्म होने पर फिर से सभी काम को क्या जाना है जहां जो भी काम अधूरा पड़ा हुआ है सबको पूरा करना है सरकारी काम जो भी है धरातल पर लाना है विकास की गति तेज करना है ताकि जनता को किसी चीज का कोई परेशानी ना हो क्योंकि जनता मुझे जीता कर भेजते हैं विकास के लिए रोड नाला बिजली पानी सभी कामों का विकास सही से हो वही लोग कार्य समिति के अध्यक्ष ने बताया कि खासकर जोकीहाट का मामला चाहे रोड का हो फूल पुलिया का हो बिजली पानी का हो और गंभीर मामला है इसको लेकर हम लोग गंभीर हैं और आशा करते हैं की बहुत जल्दी यह मामला निपटारा जाएगा ताकि जनता खुश हो जाए जनता को विकास गाड़ी चलती हुई नजर आए ।

# जिला प्रशासन के द्वारा बर्री बिहटा पंचायत में जन संवाद का होया आयोजन



**मो. सदरे आलम नोमानी सीतामढी** । चुरौत प्रखंड के बररी बेहटा पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आम जनों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, पुलिस अधीक्षक के साथ अन्य पदाधिकारियों के द्वारा सरकार के महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी आम जनों को सुलभ कराई गईजीविका समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाएं पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर रहे, बच्चियों की शिक्षा पर जोर दें। साथ ही सरकार की महत्वपूर्ण सभी योजनाओं की जानकारी रखें जिलाधिकारी सीतामढ़ी पुलिस आपकी सेवा में तत्पर एवं प्रतिबद्ध पुलिस अधीक्षक चुरौत प्रखंड के बररी बेहटा पंचायत में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जन संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम, एसपी,उप विकास आयुक्त ,स्थानीय जनप्रतिनिधि गण एवं एसडीओ पुपरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपस्थित जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिए आवश्यक है कि उन्हें सभी योजनाओं की जानकारी हो।डीएम ने कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से सरकार द्वारा शिक्षा ऋण दिया जा रहा है जिसका लाभ बड़ी संख्या में स्टूडेंट उठा रहे है। कहा कि जीवका समूह से जुड़े और आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाए। जीविका से उन्नति का मार्ग प्रशस्त हुआ और जीवन में खुशहाली आई है।महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। उन्होंने लोक शिकायत निवारण,मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, साइकिल योजना,कन्या उत्थान योजना,बालक/बालिका प्रोत्साहन योजना,कुशल युवा कार्यक्रम इत्यादि के बारे में विस्तृत जानकारी दी पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्ष लगाने की अपील की। कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति संजीदा रहे ताकि अगली पीढ़ी को हम बचा सके। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रशासन स्वयं आपके पंचायत में पहुंच रहा है एवं प्रशासन के द्वारा योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है कहा कि सीतामढ़ी पुलिस आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। सभी थानों में आप अपनी बात /समस्या को रख सकते है। हमारी पूरी कोशिश रहेगी की हम हर स्तर पर आपकी उम्मीदों पर खरा उतरे। कहा किअंचल,अनुमंडल एवं जिला स्तर पर विभिन्न समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।अनुरोध है कि बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दे।थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। अविलंब प्राथमिकी दर्ज की जा रही है साथ ही उसे ऑनलाइन अपलोड भी किया जा रहा है। डीडीसी ने उपस्थित जन समूह को अपने संबोधन में विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। नुक्कड़ नाटकः सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के नुक्कड़ नाटक टीम के द्वारा गीत और संगीत के माध्यम से योजनाओं का प्रचार– प्रसार किया गया। नाटक के टीम के द्वारा जल– जीवन– हरियाली ,लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम, दहेज प्रथा ,बाल विवाह, स्वच्छता तथा अन्य विषयों पर नाटक के माध्यम से योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई जो दर्शकों के द्वारा काफी सराहा गया।विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलः जन संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक काउंटर लगाए गए ।

## ख़ास ख़बर

### प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव का पार्टी कार्यालय पर हुआ स्वागत

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । समाजवादी पार्टी की महिला जिला महिला सभा ने आज पार्टी कार्यालय गुलाब बाड़ी लोहिया भवन पर छोटे लाल यादव को प्रदेश सचिव बनाए जाने के अवसर पर स्वागत करते हुए बधाई देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और आशा ही नहीं विश्वास भी है की आप लोगों की अगुवाई में अयोध्या में लोकसभा 2024 के चुनाव को मजबूती मिलेगी आज आपके जन्मदिन के अवसर पर आपको जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामना जिला संगठन महिला सभा की ओर से प्रेषित है ईश्वर से प्रार्थना है कि आप सदैव स्वस्थ रहें दीर्घायु हो और हम बच्चों का मार्गदर्शन करते रहे हमारे साथ हमारी जिला महासचिव डॉक्टर निशात अख्तर, कोषाध्यक्ष पूनम यादव, जिला उपाध्यक्ष राजकुमारी कोरी, लीलावती यादव, यशोदा देवी, बबीता श्रीवास्तव संजना यादव अर्शी आदि लोग उपस्थित रहे।

### सोलर पावर प्लांट के जरिए किसानों को सस्ती सिंचाई का साधन मुहैया कराएगी योगी सरकार

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** ।उत्तर प्रदेश में योगी सरकार किसानों से किए गए वादों को तेजी से पूरा कर रही हैं। इसी क्रम में प्रदेश सरकार ने किसानों को सस्ती दर पर बिजली मुहैया कराने का जो वादा किया था। उसको अब सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नेडा किसानों को सौर ऊर्जा से चलने वाले पंप मुहैया करा रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री कुसुम सी वन योजना प्रारंभ की गई है।उत्तर प्रदेश राज्य में ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों और उत्पादों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के इरादे से, यूपी नेडा के लिए ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों का सोलराइजेशन पोर्टल विकसित किया गया है। यह पोर्टल उत्तर प्रदेश में सोलराइजेशन के लिए सोलर पीवी सिस्टम को भी प्रोत्साहित करेगा। जो लाभार्थी उत्तर प्रदेश के ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सोलराइजेशन में निवेश करने और ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सोलराइजेशन की स्थापना करने के इच्छुक हैं, वे पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद, अनुरोध आगे की प्रक्रिया के लिए यूपीनेडा को भेज दिया जाएगा। आवेदक पूरी प्रक्रिया के दौरान आवेदन को ट्रैक कर सकता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से लटकता मिला छात्र का शव

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । हनुमानगढ़ी में शनिवार सुबह छात्र का शव संदिग्ध परिस्थितियों में छत के कुंडे से लटकता मिला। शव मिलने की सूचना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।थाना राम जन्मभूमि मणिशंकर तिवारी ने बताया कि छात्र का नाम रातेंद्र कुमार मिश्रा भैंसरहा थाना रामपुर नैकीन जिला सीढ़ी मध्यप्रदेश का रहने वाला था। वह अयोध्या में रहकर अपने भाई के साथ संस्कृत विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहा था। छात्र बाल मुकुंद संस्कृत महाविद्यालय श्रृंगारघाट उत्तर मध्यमा की पढ़ाई कर रहा था।

### आरएसएस के प्राथमिक संघ शिक्षा वर्ग का समापन, राष्ट्रसेवा का लिया संकल्प

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 7 दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग का शनिवार को समापन हुआ। इस दौरान हासिल किए गए प्रशिक्षण का स्वयंसेवकों ने प्रदर्शन किया। इसके साथ ही राष्ट्रसेवा का संकल्प लेते हुए समाजसेवा कार्यों को भी बताया।मया बाजार स्थित ब्राइट वर्ल्ड मांटेसरी इंटर कॉलेज में शिविर में बिभिन्न इलाकों से स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। शिविर में स्वयंसेवकों को दंड, नियुद्ध, लाठी चलाने समेत अन्य शारीरिक व आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण दिया गया। शारीरिक प्रशिक्षण के साथ ही बौद्धिक प्रशिक्षण भी हुआ। इसमें स्वयंसेवकों को देश के मौजूदा हालातों, संघ की ओर से राष्ट्रहित व समाज सेवा में किए जा रहे कार्यों, संघ के उद्देश्यों और इतिहास के बारे में जानकारी दी गई स्वयंसेवकों को राष्ट्र व समाज हित के लिए सर्वस्व न्योछावर करने के लिए प्रेरित किया गया। भारत माता के स्वाभिमान और गौरव को विश्व में शिखर पर लाकर भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।समापन पर मुख्य वक्ता अवध प्रान्त के प्रान्त प्रचारक प्रमुख यशोदानंद ने कहा कि भारत का भविष्य युवा वर्ग के हाथों में है। आज का युवा जागरूक और सजग है। युवा वर्ग अपने भविष्य के साथ-साथ देश के लिए अपने कर्तव्यों का भी निर्वाहन करे, ये आवश्यक है।

### सिंधी समाज ने महालक्ष्मी सगडा पर्व मना कर समाज व परिवार की मांगी खुशहाली

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । सिंधी समाज ने महालक्ष्मी सगडा पर्व मना कर समाज व परिवार की खुशहाली मांगी नगर के सभी सिंधी दरबारो रामनगर, टकसाल,गुरूनानक पुरा, कंधारी बाजार आदि मोहल्लों मे सिंधी समाज की महिलाओं ने सामूहिक रूप से चार मुंह मुंह वाला आटे से बना दीप प्रज्वलित कर महालक्ष्मी का मिट्टी से बना घोडा रखकर पूजा अर्चना की और समाज व परिवार की खुशहाली की कामना की इस मौके पर स्वादिष्ट मीठे व्यंजन तैयार किए जाते हैं समाज की पुरोहित राजलक्ष्मी शर्मा, आशा राय,नैना शर्मा, मीना सचदेवा आदि ने मौजूद महिलाओं को महालक्ष्मी की कथा सुनाई उत्तर प्रदेश सिंधी युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि कच्चे धागों में हल्दी लगाकर सोलहा दिन पूर्व सोलहा तद मिलाकर उसमें सोलहा गांठें लगाकर सगडा बनाकर घर के सभी सदस्य दाहिने कलाई मे बांधते हैं और महालक्ष्मी सगडा पर्व के पवित्र दिन पूजा अर्चना कर कलाई से धागे खोलकर विसर्जित करते हैं इस पर्व को सगडा कहा जाता है।

# दो दिवसीय विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल शौर्य धर्म सभा संपन्न





**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा** । विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल का शौर्य धर्म सभा का समापन आज नगर भवन मे हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री आनन्द कुमार बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता तथा प्रांत सह संपर्क प्रमुख सह विभाग मंत्री राणा रणवीर सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । अध्यक्षता विहिप जिला कार्याध्यक्ष हरिश्चंद्र उपाध्याय ने किया वंही इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री आनन्द कुमार ने कहा कि देश की आजादी मे और धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक आजादी मे बलिदान हुए योदधाओ और कार सेवको के सम्मान मे धर्म सभा किया जा रहा है इन्होने कहा कि जो लोग सपना देख रहा है कि भारत 2047 मे इस्लामिक राष्ट्र बनेगा वे लोग सपना देखते रह जाएगे। भारत मे सनातन धर्म के लोग रहते जिनका कभी अन्त होने वाला नही है। इन्होने कहा भारत की धरती ऋषि मुनियो का देश है लोग बलिदान हो जाएगे लेकिन इस्लाम स्वीकार नही करेगे। इन्होने कहा देश का इस्लामीकरण करने मे कुछ राजनैतिक नेताओ का भी हाथ है। इनहोने कहा कि बिहार मे हिन्दू जनगणणा तो हो गया मुस्लिम जनगणना कब होगा इन्होने कहा कि देश मे 150 आइ एस आइ एस का संगठन चल रहा है और उनको राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है। इन्होने कहा कि 8 अक्टूबर को पटना सांस्कृतिक विधा पीठ मे पहुचे। सभा को संबोधित करते हुए बिहार झारखंड के विधि प्रकोष्ठ प्रमुख अशोक श्रीवास्तव अधिवक्ता ने कहा कि बजरंगदल सेवा और हिन्दू समाज का सबसे बडा संगठन है हम सबका गोत्र एक है तो हम सब हिन्दू एक है इन्होने कहा कि ब्राह्मण हो या पासवान हिन्दू हिन्दू एक समान। इन्होने कहा कि हमे जात से उपर उठकर देश संस्कृति की रक्षा करनी है इन्होने कहा कि बिहार पी एफ आइ के बारूद की ढेर पर बैठा है पुरे बिहार के सीमांचल क्षेत्रो का इस्लामीकरण करने की योजना बनाई जा रही है तब तो हमारे दूर्गा पूजा सरस्वती पूजा गणेश पूजा के विसर्जन पर पत्थर फेके जा रहे है और लव जेहाद धर्मान्तरण गो हत्या जैसी घटनाए घट रही है गांव गांव मे बजरंगदल विहिप का मजबूत संगठन बनाकर हमे सनातन धर्म की रक्षा करना है। चम्पारण के गांव गांव मे हिन्दू सुरक्षा समिति बनेगी। प्रांत सह संपर्क प्रमुख सह विभाग मंत्री रणवीर सिंह ने कहा कि चम्पारण मे किसी प्रकार की देश द्रोही घटना नही घटे इसलिए हर काम के लिए हिन्दू को खड़ा करना है और संगठन को मजबूत करना है। मंच संचालन बजरंगदल के जिला संयोजक हेमनत कुमार ने किया।

## जन्मोत्सव के अवसर पर प्रांतीय दलित साहित्य समारोह संपन्न



**मोतिहारी अशोक वर्मा** । पटना दरोगा राय पथ डॉ आंबेडकर शोध संस्थान में आयोजित भारतीय दलित साहित्य अकादमी बिहार प्रदेश के कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सोहनपाल सुमनाक्षर के 84वें जन्मोत्सव के साथ प्रांतीय दलित साहित्यकार सम्मेलन अकादमी के बिहार प्रदेश के अध्यक्ष जागाराम शास्त्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई।सममेलन से लौटने पर मोतिहारी मे अपने निवास पर राज्य अधयक्ष जागा राम शास्त्री ने कहा कि डॉक्टर सुमनाक्षर का जन्म 6 अक्टूबर 1940 के दिल्ली उत्तम नगर में हुआ था राष्ट्र नायक बाबूजी जगजीवन राम इसके संस्थापक थे बाबूजी ने ही डॉक्टर सुमनाक्षर को 8अगस्त1984 को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया था डॉक्टर सुमनाक्षर की देन है कि अकादमी का प्रथम विश्व सम्मेलन नेपाल के धारण तथा दूसरा ब्रिटेन के बरमिघम में तथा में 2024 में थाईलैंड में तृतीय विश्व दलित साहित्यकार सम्मेलन किया जाएगा सम्मेलन में डॉ कमल प्रसाद बौद्ध डॉ. प्रोफेसर फैयाज ई नरेंद्र कुमार कामेश्वर कुमार मनोज कुमार अकेला अमरनाथ पासवान इत्यादि ने अपना विचार व्यक्त किया तथा जगराम शास्त्री ने जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी ।

## बिजली की खराब व्यवस्था पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**नरकटियागंज पश्चिमी चंपारण, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । नरकटियागंज के नौतनवा गाव में बिजली की लचर ब्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों ने जोरदार आक्रोश, व्यक्त कर आगजनी की और बिजली विभाग के खिलाफ विरोध मे नारेबाजी की। इस दौरान ग्रामीणों ने मठ मंझरिया से मैनाटाड़ जाने वाली सड़क को जाम कर दिया।आक्रोशित लोगों का कहना है 10 दिन से ट्रांसफार्मर जला हुआ है जिसकी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से कई बार की गई लेकिन अभी तक कोई करवाई नही की गई है जिसके चलते पूरा गाव अंधेरे में डूबा हुआ है। जानकारी के अनुसार नौतनवा गांव के वार्ड एक से तीन तक एक ही ट्रांसफॉर्मर के माध्यम से बिजली की सप्लाई होती है अधिक लोड होने के कारण बार बार ट्रांसफॉर्मर खराब हो जाती है। ग्रामीणों ने विभाग से ट्रांसफॉर्मर बदलने की मांग की है। वही इस संदर्भ में बिजली एसडीओ प्रसांत कुमार ने बताया कि ट्रांसफॉर्मर स्टोर से निकल चुका है जल्द ही वहां ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।

## राजकीय नलकूपों के सफलतापूर्वक संचालन के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण बैठक संपन्न

**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)** । उप विकास आयुक्त, स्पर्श गुप्ता (भा. प्र. से.) की अध्यक्षता में जिलांतर्गत राजकीय नलकूपों के सफलतापूर्वक संचालन के उद्देश्य से सभी ग्राम पंचायत के मुखियागण/पंचायत सचिव एवं अन्य संबंधित सरकारी सेवकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण -सह- बैठक जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन डीडीसी , डीपीआरओ और उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। प्रशिक्षण में पीपीटी के माध्यम से राजकीय नलकूप के बारे में बताया गया एवम लघु जल संसाधन विभाग द्वारा नलकूप मरम्मती प्रक्रिया की जानकारी दी गई। सभी नलकूप का रख रखाव पंचायत स्तर से किया जाना है।मरम्मती हेतु व्यय का वहन विभाग करेगा। एतद कार्य के अनुश्रवण हेतु जिला स्तर पर डीडीसी की अध्यक्षता में समन्वय





समिति गठित किया गया है। बैठक में डीडीसी स्पर्श गुप्ता द्वारा लघु सिंचाई के अभियंता/टीम को निदेश दिया गया कि सातों प्रखंड में जाकर मुखिया और बीपीआरओ के साथ बैठक करते हुए नलकूपों के सफल संचालन का सर्वे कर लें और आवश्यकतानुसार नलकूपों को ठीक कराने का निदेश दिया गया। विभागीय संकल्प के आलोक में सभी मुखिया जी को ग्रामसभा करते हुए ग्रामसभा द्वारा नलकूपों के संचालन के लिए ऑपरेटर का मानदेय तय करके उसकी नियुक्ति करने के बारे में बताया गया। नलकूपो से पटवन शुल्क लगाने का अधिकार पंचायत को होगा। साथ ही पंचायत के द्वारा ही बिजली का भुगतान किया जाएगा। बैठक में बिंदुवार प्रक्रिया बताते हुए व्यय राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र देने की जानकारी और कोई नलकूप खराब हो , यदि 15 लाख से ज्यादा हो, तो टेंडर के द्वारा तथा 15 लाख से कम हो तो विभाग के द्वारा ठीक करवाने की प्रक्रिया बताया गया। प्रथम फेज में 125 पंचायत में 500 ट्रांसफार्मर लग गया है , शेष आवेदन अगले फेज में होगा।

### दो अभियुक्त दोषसिद्ध, अर्थदण्ड से दण्डित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जीआरपी अनुभाग लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान आपरेशन कन्विक्शन के तहत थाना जीआरपी अयोध्या कैन्ट की प्रभावी पैरवी से न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्त को दोषसिद्ध करते हुऐ अभियुक्त को 03 वर्ष 09 माह 18 दिन व सह अभियुक्त को 03 वर्ष 07 माह 21 दिन का कारावास व 3000-3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित । पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक रेलवे, जीआरपी अनुभाग लखनऊ द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण व अपराधियों को न्यायालयों में अधिकाधिक सजा कराये जाने के दृष्टिगत न्यायालयों में सघन पैरवी के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे प्रथम लखनऊ संजीव कुमार सिन्हा के पर्यवेक्षण में अभियोजन अधिकारी व थाना जीआरी अयोध्या कैन्ट पुलिस टीम द्वारा अभियोग की प्रभावी पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर गवाही करवायी गयी।

### उत्तर प्रदेश राज्य एलुमनी मीट का आयोजन आज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्रों का उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय द्वितीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुरातन छात्रों के मध्य संवाद स्थापित करते हुए उनके मध्य आपसी समन्वय स्थापित करना। नवोदय विद्यालय के वर्तमान सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं शिक्षकों को सम्मानित कर एलुमनी द्वारा संस्था के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना। वर्तमान प्राचार्यों को आमंत्रित कर नवोदय विद्यालय के लिए PAY BACK TO SOCIETY की तर्ज पर सफल नवोदय विद्यालय प्रबंधन को सेवा प्रदान करना। पुरातन सफल उद्यमियों के माध्यम से नवोदयन के द्वारा नवोदयन के लिए 'रोजगार सृजन'अवसर सृजित करना। जिला स्तर पर नवोदयन संयोजक समूहों को सक्रिय करते हुए आपसी संबंदधता मजबूत बनाना'सिंगल विंडो प्लेटफार्म' सृजित करना ।

### अवध विवि में टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का आयोजन 10 से

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में 10 और 11 अक्टूबर 2023 को विभाग एवं डिटोर संस्था के संयुक्त संयोजन में राष्ट्रीय स्तर का टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव का आयोजन होगा। इसमें देश भर के 10 पर्यटन संस्थान प्रतिभाग करेंगे जिनमें बीएचयू, लखनऊ विश्वविद्यालय, अमरकंटक विश्वविद्यालय, नागपुर विश्वविद्यालय, गोवा विश्वविद्यालय, मार्टिन लूथर विश्वविद्यालय, शिलांग, एमिटी विश्वविद्यालय, राजस्थान सहित अन्य विश्वविद्यालय के छात्र एवं पर्यटन विशेषज्ञ के साथ इंडस्ट्री से लगभग 15 उधमी शामिल होंगे। कॉन्क्लेव की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल करेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित होंगे। कार्यक्रम के अन्य वक्ता महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, इंडस्ट्री से प्रतीक हीरा, हिना सिराज, यूएन डब्लूटीवो की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर नातूला बायोन, इंटेक अयोध्या की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला के साथ अमेरिका से दो पर्यटन उद्यमी भी उद्घाटन सत्र हिस्सा लेंगे।व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर का टूरिज्म स्टूडेंट कॉन्क्लेव कराने का उद्देश्य पर्यटन उधोग एवं शिक्षा में अंतर को कम करना है जिससे इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप छात्रों को तैयार कर सकें।

### अविवि में नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के एम०ए० ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग एवं एम०एफ०ए० (पेंटिंग) पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को कलात्मक सौंदर्य व्यवस्था के अनुरूप नवप्रवेशितों का भव्य स्वागत सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान एम०ए० ड्राइंग एण्ड पेन्टिंग छात्र शिवम यादव मिस्टर फेयरवेल व मिस फेयरवेल शिवांनी प्रजापति रही। वही दूसरी ओर एम०एफ०ए० (पेंटिंग) के मिस्टर फेयरवेल वीरेंद्र कुमार एवं मिस फेयरवेल सोनाली को चयनित किया गया। इससे पहले छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न मनोहारी प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी के प्रो0 आशुतोष सिन्हा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रवज्जलन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने छात्रों को अनुशासन का पाठ पढाया और कहा कि अध्यापन में हर क्षण को कलाकृतियों के सृजन में लगाना होगा।

### कांग्रेस पार्टी शोषित वंचित समाज की सदैव हितैषी रहीः निर्मल खत्री

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जिला अनुसूचित जाति कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर हुई। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के जिलाध्यक्ष राम सागर रावत ने किया व संचालन पीसीसी सदस्य राम अवध ने किया ।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहा अनुसूचित जाति का व्यक्ति कांग्रेस का परंपरागत वोटर था जब तक दलित समाज कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ा रहा तब तक कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश में सरकार रही।श्री खत्री ने कहा कांग्रेस पार्टी शोषित वंचित समाज की सदैव हितैषी रही है।

### नगर पंचायत गोसाईंगंज में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए कीटनाशक दवाओं का हो रहा छिड़का

**गोसाईगंज**। स्थानीय नगर पंचायत में मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए नगर पंचायत द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। गोसाईगंज नगर पंचायत ईओ इंद्रभान के निर्देश पर पंचायत सफाई कर्मियों ने शनिवार 7 अक्टूबर 2023 नगर गोसाईगंज की विभिन्न वार्ड में कीटनाशक दावों का छिड़काव किया है। बता दे कि नगर में जहरीले मच्छरों ने लोगों के जीवन दुश्वार कर दिया है । लोगों की शिकायत पर नगर पंचायत प्रशासन हरकत में आया।

**अभियान** ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों का एक राष्ट्रव्यापी पंजीकृत संगठन है

## शिक्षक संगठन "आईटा" का बाईस दिवसीय राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान निरंतर जारी

**किशनगंज (अली रेजा सिद्दिकी)** । शिक्षकों के प्रमुख संगठन ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन (आईटा) गत 24 सितम्बर 2023 से Enlightening Teachers : Nurturing Talent : Transforming Society : AllTA an Ideal Plateform के सेंट्रल थीम पर बाईस दिवसीय राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान चला रही है जो आगामी 15 अक्टूबर 2023 तक देश के विभिन्न राज्यों में चलेगा। आईटा बिहार भी इस अभियान को सक्रियता से मना रही है। आईटा किशनगंज प्रभारी मो० नवाज शरीफ ने बताया कि ऑल इंडिया आइडियल टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों का एक राष्ट्रव्यापी पंजीकृत संगठन है,जिसकी स्थापना सन् 1992 में हुई। अपनी नीतियों और कार्यक्रमों के साथ यह देश के करीब 19 राज्यों में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियाँ सफलतापूर्वक अंजाम दे रही हैं। उक्त राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान भी इसी की एक कड़ी है। आईटा शिक्षकों के वैचारिक परिपक्वता, शिक्षण कौशल में निपुणता, अपने पेशे में दक्ष बनाने, शिक्षकों के व्यक्तित्व निर्माण करवाने के साथ ही उनके जायज अधिकारों के प्रति निरंतर संघर्षरत है।



आईटा न केवल शिक्षकों के जायज अधिकारों की बात करता है अपितु उन्हें अपने दायित्वों के सफल निर्वाहन के प्रति सचेत भी करता है। अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए आईटा कार्यकर्ता मो० साकिब ने बताया कि समाज में शिक्षकों की मर्यादा व प्रतिष्ठा को स्थापित करने और समाज के प्रति उन्हें अपनी जिम्मेदारीयों का एहसास दिलाना है।छात्रों में आत्मविश्वास की भावना को बढ़ावा देने, उन्हें उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करने और उनकी छिपी हुई प्रतिभा को उभारना है। शैक्षिक संस्थानों के प्रबंधकों को यह याद दिलाना है कि वह अपने संस्थानों के अंदर ऐसा माहौल तैयार करें जहाँ आधुनिक शिक्षा युक्त, तकनीक में दक्ष और उच्च नैतिक गुणों से लैश छात्र तैयार हो सकें। शिक्षा हमारे सर्वांगीण विकास में सहायक हो और एक सुयोग्य नागरिक के रूप में अपने उत्तरदायित्व का बोध कराए। अभियान के तहत बिहार के विभिन्न जिलों में जहाँ शिक्षक अधिवेशन , प्रेस कांफ्रेंस, शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी, खुतबा-ए- जुमा, छात्रों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के अतिरिक्त शिक्षण संस्थानों के प्रबंधकों,शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं,जन प्रतिनिधियों, प्रबुद्ध जनों,और शिक्षा विभाग के अधिकारियों से मुलाकातें की जा रही हैं वहीं प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान के संदेश को जन जन तक पहूंचाने का हरसंभव प्रयत्न किया जा रहा है। गौरतलब हो कि किशनगंज में यह अभियान सफलतापूर्वक निरंतर जारी है। इस मौके पर मास्टर शमाईले नबी साहब,प्रदेश प्रवक्ता , बिहार स्टेट उर्दू टीचर्स एसोसिएशन ,मास्टर राशिद अनवर साहब अबू अफ्फान फारूकी पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी अफ्फान एज़दानी साहब टीचर्स ट्रेनर, रिज़वान अकरम साहब मौलवी हुसैन साहब मास्टर नदीम साहब और दीगर साथी शामिल रहे।

## सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो प्रमुख अशोक वर्मा** । जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी की संयुक्त अध्यक्षता में हरसिद्धि प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत राज गायघाट में "जनसंवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिलेभर के सभी पंचायतों में जिला ,अनुमंडल एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जन संवाद का मुख्य उद्देश्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों/ प्रखंड समन्वय समिति/ युवा वर्ग/ महिला वर्ग/ सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक रूप से पिछड़े एवं कमजोर वर्गों / दिव्यांगजनों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए सरकार की विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में आम जनों को जानकारी प्रदान करते हुए इस संबंध में सुझाव एवं प्रतिक्रिया प्राप्त कर उसका निराकरण करना है। उपस्थित आमजनों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की संबंधित पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें योजनाओं का लाभ उठाने के लिए



प्रेरित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य, आवास योजना, सड़क ,विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, पेंशन योजना, उत्पाद विभाग, मत्स्य, कल्याण विभाग,ग्रामीण कार्य विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग पीएचईडी, बैंकिंग, महिला सुरक्षा आदि मुख्य रूप से शामिल हैं। जिलाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा " आमजन के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही है, योजनाओं का लाभ कुछ लोगों तक ही मिल पा रहा है, तो कुछ को नहीं मिल पा रहा है। इसका मुख्य कारण आमजनों में योजनाओं की जानकारी का अभाव है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर आपकी बात पदाधिकारियों /कर्मियों द्वारा नहीं सुने जाने की स्थिति में प्रत्येक शुक्रवार को जनता दरबार में लिखित रूप में अपना आवेदन देकर समस्या का समाधान पा सकते हैं। व्यक्तिगत अथवा सामूहिक समस्याओं से जिला प्रशासन को आप अवगत कराएं, समस्याओं के निदान हेतु जिला प्रशासन आपकी सेवा में सदैव तत्पर है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से जन-जन तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक थाना में महिला सहायता केंद्र स्थापित किया गया है, 112 नंबर डायल कर आपातकालीन सेवा प्राप्त कर सकते हैं, 12 से 15 मिनट के अंदर आप तक पुलिस सेवा पहुंचेगी। 1930 पर डायल कर साइबर फ्रॉड की शिकायत दर्ज कराएं। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें,हेलमेट पहने। छोटे बच्चों, छात्रों ,युवावर्ग, दिव्यांगजन, महिला, अनुसूचित जाति ,अनुसूचित जनजाति,अति पिछड़ा, अल्पसंख्यक सभी के लिए सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के माध्यम से योजनाएं चलाई जा रही है। इसी क्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अलग-अलग योजनाओं की जानकारी दी गई।जीविका दीदियों , वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, नल जल, एवं आपदा के स्थिति में सरकार द्वारा दी जाने वाली सहायता आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत दी जाने वाली राशि एवं आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत 5 लाख तक निःशुल्क उपचार, आयुष्मान कार्ड हेतु ऑनलाइन आवेदन कैसे करें के संबंध मे एवं लाभ लेने के लिए पात्रता , मुख्यमंत्री बाल हृदय योजना, जननी बाल सुरक्षा योजना, रेफरल सुविधा,सिटी स्कैन, हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर आदि के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। अन्य राज्यों में श्रमिकों की दुर्घटना होने पर उनके आश्रित परिवार के लाभार्थी को श्रम संसाधन विभाग द्वारा लाभ मुहैया किया जाता है।

## ख़ास ख़बर

### भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक का मना जन्मदिन



**शहाबगंज**। भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक महेंद्र सिंह टिकैत का जन्मदिन पशु चिकित्सालय परिसर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान संस्थापक के तैल चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किया। वही प्राथमिक स्वास्थ्य पर आये मरीजों, तिमारदारों में दूध व फल का वितरण किया। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष शतीश चौहान ने कहां बाबा टिकैत ने किसानों की समस्याओं को लेकर हमेशा आंदोलन की राह पर चलते रहे। देश के किसी कोने में किसानों की कोई समस्या हो उसके निदान को तत्पर रहते थे।इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष झब्बू सोनकर, विनोद यादव, बद्री यादव, कृपाशंकर सिंह,प्रमोद चौहान,पारस,बम्बू, संदीप चौहान,रामरतन, राजकुमार, मुन्ना साव, धर्मेन्द्र,विशाल चौहान सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

### अंतर्जनपदीय महिला क्रिकेट टीम की शिवा बनी कप्तान



**चंदौली**। आमंत्रण अंतर जिला महिला टी ट्वेंटी ट्वेंटी क्रिकेट के लिए चंदौली टीम चयनित शिवा कप्तान बनी महिला शशाक्ति करण को मजबूत करने के इरादे से आयोजित अंतर जिला महिला टी ट्वेंटी क्रिकेट का आयोजन बेसिक क्रिकेट एकेडमी द्वारा बरेली के मनोहर भूषण इंटर कालेज बरेली के मैदान पे 8 अक्टूबर को आयोजित है जिसको अभिषेक चौरीसिया ने आयोजित किया है जिसमे जिला महिला क्रिकेट संघ चंदौली की टीम आज शिवा की अगुवाई में घोषित की गए पूरी टीम इस प्रकार से है शिवा सिंह (कप्तान), प्रिया पटेल (उप कप्तान) ,उजमा ,लाली, सलोनी, अंशिका, शुभम्, श्वेता, आकांक्षा, सुरभी, खुशबू, प्रिया, , नीतू , मांशी भूषण टीम कोच मुकेश पटेल टीम मैनेजर दीपक यादव होंगे टीम के साथ फीजियो अखिलेश यादव भी जाएंगे टीम सात अक्टूबर को बनारस से ट्रेन द्वारा प्रस्थान करेगी ये जानकारी जिला महिला क्रिकेट संघ के सचिव शौजब हुसैन ने दी है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पत्रकारों और उर्दू शिक्षकों को किया सम्मानित



**धानापुर**। नारायण दत्त तिवारी समकालीन मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा आज ही के दिन 6 अक्टूबर को उर्दू को दूसरी राज्य भाषा का दर्जा दिया गया था। कांग्रेस के प्रदेश चेयरमैन अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ शाहनवाज आलम के निर्देश पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कस्बा में उर्दू पत्रकार, सेवानिवृत्त उर्दू शिक्षक और मदरसा शिक्षक और मौलाना को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में मुख्य रूप से हसन खान, शमशाद खान, राशिद खान कामरान मुश्ताक़,मसूद खान, हाफिज शम्स अहमद, क़्यमुद्दिन् ,आदि उपस्थित रहे।

### गुरू की भक्ति से जीवन में मिलती है सुख और शांति



**सकलडीहा**। ताजपुर गांव में शनिवार को श्री स्वामी नामधनी जी महाराज परमहंस के तत्वाधान में संतसंग का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्त और सत्संगी प्रेमियों ने महाराज का मालाफूल व गगनभेदी नारा से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद और संतसंग का आनंद उठाया। भक्तों को सम्बोधित करते हुए स्वामी नामधनी जी महाराज परमहंस ने आशीर्वचन देते हुए कहा कि हे जीव! तुम सर्वदा गुरु महाराज के स्वरूप का अपने मन में अर्थात अपने विद्या के हृदय में ध्यान करो ,सदगुरु महाराज ने गुरु दीक्षा देते समय जो नाम या शब्द बताया है । उसको मंत्र मानकर अंदर ही अंदर सदा उसका सुमिरन करो। श्री गुरु महाराज के श्री मुख से निकली हुई वाणी का सदा पालन करो। जो अपने गुरु महाराज के श्री मुख से निकली हुई वाणी का पालन किया उसका नाम इस नश्वर जगत में अमर रहा है और अमर रहेगा । इस नश्वर संसार में कोई इस भ्रम में ना रहे की दूसरे, दूसरे साधनों के सहारे मुक्ति प्राप्त कर लेगा । वर्तमान संत सतगुरु की भक्ति के बिना किसी को मुक्ति नही मिलती। अर्थात यह अटल सत्य है की मुक्ति का एक मात्र हेतु वर्तमान संत सतगुरु की शरणागति ही है। अंत में भंडारे में भक्तों ने प्रसाद और आर्शिवाद ग्रहण किया।

# नौगढ तहसील में की गई मामलों की सुनवाई

**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, चंदौली**। जिलाधिकारी चन्दौली द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा गया कि आईजीआरएस पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाए,एक ही समस्या बार-बार उत्पन्न न हो,समुचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।स्थलीय निरीक्षण/जांच न करके कागज पर निस्तारण की शिकायत संज्ञान में आया तो निस्तारण में हिलाहवली करने वाले के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित होगी। शासन द्वारा संचालित समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए,जमीन विवाद से सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रुप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए ताकि फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित,समयबद्ध व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके,साथ ही जमीन सम्बंधित मामलों जो कि थाना स्तर,आइजीआरएस या अन्य सभी माध्यमों से प्राप्त प्रार्थना पत्रों को सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर में अंकित कर दोनों पक्षों को सूचित करते हुए पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर प्रकरण का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट आख्या दोनों पक्षों के समक्ष ही बना कर उनके हस्ताक्षर कराये जाए।पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने यह निर्देश संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिनस्थों को दिये,संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी चन्दौली निखिल टी फुण्डे और पुलिस अधीक्षक चन्दौली डा0 अनिल कुमार की अध्यक्षता में नौगढ़ तहसील सभागार में हुआ। शासन की मंशा के अनुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय की व्यवस्था के लिए प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले "थाना/सम्पूर्ण समाधान दिवस"के क्रम में दिन शनिवार को जनपद के समस्त तहसीलों पर"सम्पूर्ण समाधान दिवस"का आयोजन किया गया।जिसमें जन सुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए कुछ का मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा कुछ प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक चन्दौली द्वारा तहसील नौगढ़ पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्यों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई,जिनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों को सुनकर उनका निस्तारण कराया गया।



#### दिए गए आवश्यक निर्देश

- तहसील संपूर्ण समाधान दिवस के सार्थकता तब है जब इसमें आने वाले फरियादियों को न्याय मिले। इस दिवस की अपेक्षा पर खरा उतरने के लिए आधिकारिक कर्मचारीगण प्रतिबद्ध हो।
- इससे आने वाले प्रार्थना पत्र का निस्तारण समय से एवं निष्पक्ष तथा स्थलीय सत्यापन के साथ होना चाहिए।
- अधिकारीगण संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनते हुए उसका निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। कहा है कि थाना से संबंधित प्रकरणो को थाना अध्यक्ष एवं तहसीलदार स्वयं मौके पर जाकर निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें।
- जब भी अधिकारीगण गांव में भ्रमण पर जाए, अपने विभाग से संबंधित योजनाओं का मौके पर सत्यापन करें तथा फीडबैक अवश्य लें।

## शिक्षक को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित



**चहनियां चंदौली**। पूर्व माध्यमिक विद्यालय गुरेरा में शनिवार को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक वीरेंद्र सिंह यादव को सत्येंद्र सिंह बब्बू तथा इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेश गुप्ता ने सम्मान समारोह में माल्यार्पण कर अंगवस्त्रम देकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । इस वर्ष उत्तर प्रदेश सरकार ने कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक वीरेंद्र सिंह यादव को जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने पर माननीय मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने राज्य शिक्षक पुरस्कार 2022 प्रदान किया । यह पुरस्कार उन शिक्षकों को प्रदान किया गया है जिन्होंने अपने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने ,प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चों की सहभागिता ,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में सफलता, सामाजिक जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी तथा शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं का शत प्रतिशत क्रियान्वयन करते हुए विद्यालय को निरंतर आगे ले जाने हेतु प्रयत्नशील रहते हैं । उन्हें माननीय मुख्यमंत्री एवं बेसिक शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मानित किया जाता है । जिससे शिक्षकों में कार्य करने की क्षमता बढ़ती है और उनका मनोबल बढ़ता है । पिछले वर्ष कंपोजिट विद्यालय हृदयपुर से ही नंदकुमार शर्मा को राज्य शिक्षक पूरा पुरस्कार 2021 प्रदान किया गया । इस दोहरी उपलब्धि पर सत्येंद्र सिंह बब्बू ने कहा यह दोनों शिक्षक हम लोगों के लिए आदर्श है तथा हमारे जनपद के गौरव हैं । जिन्होंने हमारे विकासखंड का नाम लगातार रोशन किया है और आगे भी अपने कार्यों से जनमानस के भीतर अपनी अच्छी छवि को बनाए रखे हैं । राकेश गुप्ता ने कहा कि हम लोग आप लोगों से बहुत कुछ सीखे हैं और आगे भी सिखते रहते हैं! आप लोगों का व्यवहार, विचार हम लोगों के लिए प्रेरणा स्रोत है, इन्हीं के दिखाए हुए पद चिन्हो पर चलते हुए हम लोग एक कुशल शिक्षक के रूप में अपने आप को प्रतिस्थापित करने की कोशिश कर रहे हैं ! इस अवसर पर ब्लॉक व्यायाम शिक्षक प्रवीण कुमार त्रिपाठी ,खेल प्रशिक्षक गौतम लाल सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यो ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी ।

## खो खो प्रतियोगिता में बच्चो ने दिखाया दमखम



**चहनियां चंदौली**। बलुआ स्थित बाल्मीकि इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल पर शनिवार को दो दिवसीय जनपद स्तरीय खो खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । जिसमें सीनियर बालक वर्ग में 5 व बालिका वर्ग में 4 टीमो ने प्रतिभाग किया । सब जूनियर वर्ग बालक में 5 टीमो व बालिका वर्ग में 5 टीमो ने प्रतिभाग किया । प्रभारी प्रधानाचार्य मनोज वर्मा ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने फीता काटकर किया वही खिलाडीयो का परिचय प्राप्त किया । विद्यालय के छात्राओं अम्बिका,श्वेता,नेहा आदि द्वारा रंगोली बनाया गया । स्वागत गान बंदना सिंह, दीक्षा यादव,प्रीति यादव आदि द्वारा हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि अरुण जायसवाल ने कहा कि खेल में हारजीत लगा रहता है । प्रयास करने से ही सफलता मिलती है । खेलकूद एक ऐसा माध्यम है जो कैरियर भी बनाता है । अंत मे खिलाडीयो को ईमानदारी से खेलने की प्रेरणा दी एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना किया । इस दौरान प्रबंधक श्याम सुंदर सिंह,सुशील पाण्डेय,प्रदीप सिंह, प्रमोद सिंह,रविशंकर सिंह, हरिद्वार यादव,शिवम पाण्डेय,सत्येंद्र कुमार,महेंद्र सिंह,संजय कुमार पांडेय,महताब आलम,सुरेंद्र प्रसाद आदि लोग उपस्थित थे । अध्यक्षता मनोज वर्मा व संचालन प्रदीप कुमार सिंह ने किया ।

### राजस्व मामलों में शिथिलता पर होगी कार्रवाईः एसडीएम



**सकलडीहा**। हिन्दुस्तान संवाद देवरिया कांड में हुई कार्रवाई के बाद तहसील प्रशासन सख्त होगया है। शनिवार को उपजिलाधिकारी मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार संयुक्त रूप से सम्पूर्ण समाधान दिवस पर फरियादियों से रूबरू रहे। इस दौरान कुल 94 प्रार्थना पत्र में नौ का मौके पर निस्तारण टीम भेज कर कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुबह से दो काउंटर लगाकर फरियादियों का प्रार्थना पत्र लिया जाता था। राजस्व मामलों के साथ किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से सुना गया। संयुक्त रूप से अधिकारियों द्वारा टीम भेजकर मामलों का निस्तारण कराया गया। इस दौरान कुल 94 प्रार्थना पत्र में मौके पर 9 का निस्तारण किया गया। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, सीओ राजेश कुमार राय,नायब तहसीलदार अमित सिंह,बीडीओ केके सिंह,विजय कुमार,बीईओ अवधेश कुमार राय,एसडीओ संजय कुमार,सीडीपीओ अवधेश सिंह, कोतवाल विमलेश मौर्या सहित अन्य मौजूद रहे।

### पत्रकारों के उत्पीड़न को खिलाफ जिलाधिकारी चंदौली को दिया गया पत्रक



मोदी सरकार के द्वारा दिल्ली सहित पूरे देश में पत्रकारों के उत्पीड़न के खिलाफ उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मा० अजय राय जी( पूर्व मंत्री ) के निर्देश पर जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी जी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित जिलाधिकारी को दिया गया पत्रक। प्रतिनिधि मंडल में जिले की वरिष्ठ नेत्री पीसीसी सदस्य श्रीमती मधु राय जी,श्री गंगा प्रसाद जी, जिला महासचिव राहुल सिंह जी, अरुण द्विवेदी जी ब्लॉक अध्यक्ष श्रीकांत पाठक, सत्येंद्र उपाध्याय, राज किशोर सिंह, ज्ञान प्रकाश, सभापति चौबे जी शामिल रहे।

## सावित्री बाई फुले में राष्ट्रीय संगोष्ठी हुआ प्रारम्भ



**चकिया,चन्दौली**। सावित्री बाई फुले पीजी गवर्नमेंट कॉलेज, चकिया में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का प्रारम्भ हुआ। संगोष्ठी का मुख्य विषय रीथिंकिंग पार्टीशन इन अमृत काल था। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, सामाजिक विज्ञान संकाय प्रमुख प्रो. बिंदा डी परांजपे, विशिष्ट अतिथि प्रो. घनश्याम, कीनोट स्पीकर प्रो.मनोज शर्मा, जवाहर लाल नेहरू नई दिल्ली, विशेष अतिथि आई. सी .एच. आर ,नई दिल्ली के डिप्टी डायरेक्टर डॉ विनोद कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीता सिन्हा ने की। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन, सरस्वती बंदना एवं कुलगीत से हुआ। दिन भर का कार्यक्रम दो तकनीकी सत्र एवम् दो समानांतर सत्र में विभाजित था । प्रत्येक सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आये हुए विद्वान शिक्षक, अकादमिक जगत के लोग एवं शोधार्थियों ने अपने अपने शोध पत्र पढ़े। उद्घाटन सत्र के दौरान विशिष्ट अतिथि प्रोफसर घनश्याम ने अपने उद्बोधन में इतिहास लेखन में मीडिया के विभिन्न माध्यमों की भूमिका एवम विभाजन को प्रवासन के संदर्भ में देखने की जरूरतको रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रोफसर बिंदा डी परांजपे ने अपने उद्बोधन में विभाजन पर चर्चा करते हुए इतिहास लेखन के उन बिंदुओं के पुनर्लेखन पर ध्यान देने की जरूरत को बताया जो लोग हासिये पर चले गए है एवम् व्यक्ति और समष्टि के इतिहास की चर्चा करने की बात के साथ ही साथ उन्होंने ने इस बात पर भी बल देने को कहा कि विभाजन के दर्द दोनों तरफ हुआ, क्या उस विभाजन के दर्द को मानवीय और मानवता के केंद्र में देखते है यह प्रश्न है जो हमेशा छूटा रह जाता है ? तकनीकी सत्र के दौरान किनोट स्पीकर जे एन यू , के डॉ मनोज शर्मा ने अपने उद्बोधन में हिंदी सिनेमाओं में विभाजन सम्बंधित घटनाओं का उल्लेख किया जिसके अंतर्गत पिंजर, लाहौर, ट्रैन टू पाकिस्तान, धूल का फूल, गर्म हवा तमस इत्यादि का चर्चा कर के विभाजन के दर्द को बताया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ संगीत सिन्हा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज शास्त्रीय दृष्टिकोण से विभाजन को देखने की बात कही। तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो.के.के. सिंह, संकाय प्रमुख, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक डॉ संतोष यादव ने संगोष्ठि का विषय प्रवेश करवाते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन डॉ निर्मल पांडेय, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया।

### पुत्र की लम्बी आयु के लिए माताओं ने रखा निर्जला व्रत



**शुभ भास्कर, बबुरी, चंदौली**। गौरतलब हो कि अपने पुत्र की सुखमय जीवन और लंबी आयु के लिए माताएं 24 घंटे बिना अन्न जल ग्रहण किए व्रत का पालन करती हैं जो ग्रामीण क्षेत्रों में( जिउतिया) जितियां और देवी जीवित्पुत्रिका के नाम से जानी जाती हैं, बड़े विश्वास के साथ माताएं देवी का पूजा अर्चना करती हैं, पूजा अर्चना करने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचलन के अनुसार कम से कम पांच, सात या नौ कहानियां कहने के पश्चात व्रती महिलाएं पूजा स्थल को छोड़ती हैं।जो ज्यादातर कहानियां देवी जीवित्पुत्रिका से ही संबंधित होती हैं और कुछ कहानियां जीवन और समाज में उत्थान ला सके ऐसी होती हैं, जबकि देवी जीवित्पुत्रिका का कोई भी मंदिर ना होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादातर किसी तालाब, नहर का किनारा, मंदिर के प्रांगण में और किसी गांव में मंदिर दूर होने के कारण गांव के बीचोबीच खाली मैदान में ही पूजन पाठन किया जाता है।

**ओलंपिक** पांच दिवशीय खेलों के इस महाकुंभ में विविध खेलों का आयोजन होते रहेंगे

## पांच दिवशीय जिला ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**चन्दौली/दुल्हीपुर**। सनबीम स्कूल मुगलसराय में जिला ओलंपिक खेल का शुभारंभ हुआ। पांच दिवशीय खेलों के इस महाकुंभ में विविध खेलों का आयोजन होते रहेंगे। जिसमें सीबीएसई,आईसीएसई और यू.पी. बोर्ड के विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों के साथ ही साथ स्वतंत्र खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे हैं। ओलम्पिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध एथलीट नीलू मिश्रा,जिला क्रीड़ा अधिकारी कर्मवीर सिंह एवम् प्रदेश और जिला ओलंपिक संघ से जुड़े अधिकारियों के अध्यक्ष जिला ओलंपिक एसोसिएशन चंदौली मनोज कुमार पांडेय,सचिव जिला ओलंपिक एसोसिएशन चंदौली पी.पी. यादव तथा विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया एवं आयोजन अध्यक्षा व निदेशिका श्वेता कानूडिया और प्रधानाचार्य सी.के.पालित जी के द्वारा संयुक्त रूप से ओलंपिक की मशाल को प्रज्वलित कर किया गया । विद्यालय के सेक्रेटरी व निदेशिका ने 'पुष्प-गुच्छ' और 'अंगवस्त्र' भेंट कर अतिथियों का स्वागत व अभिनंदन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीलू मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मंजिले उन्हीं को मिलती है ,जिनके सपनों में जान होती है। पंखों से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। उन्होंने यह भी बताया कि सफलता के मार्ग पर चलते हुए अनेक बार गिरना पड़ता है और गिरकर सम्हलना पड़ता है, तब जाकर लक्ष्य की प्राप्ति होती है। यह भी कहा कि पढ़ोगे लिखोगे तो बनोगे नवाब।खेलोगे कूदोगे तो बनोगे लाजवाब ,जिला ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का यथोचित प्रारंभ फ्लेग होस्टिंग,मशाल दौड़,मार्च पास्ट से शुरू हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय की निदेशिका श्वेता कानूडिया ने कहा कि जहां जुनून है,इच्छा है वहां सबकुछ संभव है।खेल ही एक मात्र ऐसा माध्यम है जिससे हमारी शारीरिक ,तार्किक, बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। और इसके द्वारा खिलाड़ी शांतचित्त तथा धैर्यपूर्वक कार्य करना सीखता है जो कि उसके उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर जिला ओलंपिक संघ से जुड़े अधिकारीगण, विविध क्रीड़ाओं के कोच तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पदक विजेता जिले के खिलाड़ी व चंदौली जिले सुदूर क्षेत्रों से आए हुए प्रतिभाशाली खिलाड़ी उपस्थित रहें।

## 15 लाख 13 हज़ार नगद बरामद एक गिरफ्तार



**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, पीडीडीयू नगर**। रेलवे स्टेशन/सर्कुलेटिंग एरिया एवं ट्रेनों में अपराध नियंत्रण अपराधियों की गिरफ्तारी वह बरामदगी हेतु चलाए जा रहा अभियान के क्रम में सुरेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना जीआरपी वह आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक डीडीयू प्रदीप कुमार रावत के निर्देशन में जीआरपी वह आरपीएफ डीडीयू की संयुक्त टीम द्वारा प्लेटफार्म संख्या 7/8 के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति हिमांशु बैस जिला मैनपुरी को गिरफ्तार किया गया जिसके पास से पुलिस ने 15 लाख 13 हजार रुपए नगदी बरामद किया बरामद रुपए से संबंधित उक्त युवक कोई कागजात नहीं दिखा पाया बरामद रुपए के बारे में आयकर विभाग वाराणसी को अग्रिम कार्रवाई हेतु पुलिस द्वारा सूचित कर दिया गया था।पकड़े गए युवक पर पुलिस संबंधित धारा लगाते हुए अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई।

### देवरिया नरसंहार मामले पर ब्राह्मण समाज आठ अक्टूबर को निकालेगा कैंडल मार्च, देगा श्रद्धांजलि : डा के एन पांडेय



**अशोक कुमार जायसवाल, शुभ भास्कर, चंदौली/पीडीडीयू नगर**। खबर जनपद चंदौली से है जहां देवरिया में हुए हृदय विदारक घटना सहित प्रदेश में विभिन्न जगहों पर हुए हत्या नरसंघार जैसी जघन्य घटनाओ से आहत ब्राह्मण समाज के लोगो ने शनिवार को पीडीडीयूनगर के संगम लान में प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक डॉ के एन पांडेय ने बताया की आठ अक्टूबर को श्रद्धांजलि सभा व मौन कैंडल जुलुस निकाला जायेगा। सर्वसमाज के लोगो से कार्यक्रम में शामिल होने का आवाहन करते हुए बताया की नरसंहार जैसे जघन्य अपराध चाहे वह सुनियोजित हो बदले की भावना से हो अथवा आकस्मिक हो यह किसी दशा मे समाज स्वीकार नही करेगा। ऐसे मे सभी धर्म समुदाय जाति मजहब के लोग ऐसे नरसंहार को निंदनीय मानते हैं,श्रद्धांजलि सभा के बाद कैंडल मौन जुलुस निकाला जायेगा। मौन जूलूस संगम लान से लालबहादुर शास्त्री पार्क पर जाकर समाप्त होगा।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।